www.navpradesh.com
दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
रायपुर, शनिवार, 04 अप्रैल 2026 | कृष्ण पक्ष-द्वितीया, | विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 55 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25

“बस्तर की यह नई पहचान आने वाली पीढ़ियों के लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत बनेगी। यह क्षेत्र अब शांति, प्रगति और गौरव की राह पर निरंतर आगे बढ़ता रहेगा।

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

हम कृतज्ञ हैं......

माँ दंतेश्वरी और जनजातीय नायक वीर गुण्डाधुर की यह धरती छत्तीसगढ़ 31 मार्च 2026 को माओवादी आतंक से मुक्त हुई है। हिंसक माओवादी विचारधारा ने न जाने कितनी माँओं की कोख उजाड़ दी, बहनों का सुहाग और मासूमों के सिर से पिता का साया छीन लिया। देश के लिए लड़ते हुए हजारों जवान शहीद हुए। दशकों से सशस्त्र माओवाद देश के विकास को खोखला करता रहा, वर्ष 2014 में आपके आशीर्वाद से यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार आई और दृढ़ संकल्प तथा सुनियोजित रणनीति के माध्यम से माओवादी हिंसा पर कठोर प्रहार किया गया। अनेक राज्य सशस्त्र माओवाद से मुक्त हुए लेकिन हमारी छत्तीसगढ़ महतारी और हमारे पड़ोसी राज्यों में यह नासूर बचा हुआ था। आपने पुनः आशीर्वाद दिया और राज्य में डबल इंजन की सरकार बनाई। पिछले ढाई सालों में आपकी सरकार ने सामूहिक संकल्प के बल पर इस सशस्त्र माओवादी नासूर को नष्ट कर दिया।

हम कृतज्ञ हैं उन शहीद जवानों के प्रति, जिन्होंने अपने प्राणों की आहूति देकर देश को माओवाद से मुक्ति दिलाई। हम कृतज्ञ है हमारे सुरक्षा बल के जवानों के प्रति, जिन्होंने साहस और संकल्प के साथ अपनी जान पर खेलकर माओवाद की जड़ पर कड़ा प्रहार करके उसका समूल नाश किया।

हम कृतज्ञ हैं बस्तर की जनता का, जिन्होंने माओवादी हिंसा को न केवल अस्वीकार किया अपितु उसके विरोध में खड़े हुए। मुझे आपका जज्बा याद आता है जब सशस्त्र माओवादियों द्वारा वोट देने पर ऊंगली काट देने की धमकी दी जाती थी, तब भी आप निर्भय होकर लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करते थे। आपके मतदान से एक ऐसा नेतृत्व आया जिसने एक दशक के भीतर आंतरिक सुरक्षा के इस सबसे बड़े संकट को समाप्त कर दिया।

हम कृतज्ञ हैं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के साहसपूर्ण नेतृत्व के प्रति। मुझे याद है वर्ष 2015 में दंतेवाड़ा में उन्होंने अपनी सभा में हथियार उठाने वाले युवाओं से कहा था 'एक प्रयोग कीजिए, पांच दिन हथियार रख दीजिए, उस परिवार के बच्चे के साथ दिन गुजारिए जिसने आपकी वजह से अपने परिजनों को खोया है फिर आप कभी हिंसा के रास्ते में नहीं जाएंगे।'

प्रधानमंत्री जी ने हमेशा हमारा हौसला बढ़ाया, मार्गदर्शन किया है। उनके दृढ़ संकल्प की बदौलत देश माओवादी हिंसा से मुक्त हुआ है। हिमालय जैसी चुनौतियों से निपटने के उनके साहस ने हमें उत्साह से भर दिया और हमने यह असंभव जैसा लक्ष्य प्राप्त किया।

हम कृतज्ञ हैं केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के , जो माओवादी नासूर को नष्ट करने के लिए बनायी गई रणनीति के शिल्पी हैं । रायपुर में पत्रकारों की भरी सभा में आपने देश से वायदा किया था कि 31 मार्च 2026 तक माओवाद को समाप्त करेंगे और इसे पूरा किया। आपने माओवादी आतंक को नष्ट करने के लक्ष्य पर नजर टिकाए रखी। हमारा नेतृत्व किया, संसाधन और मार्गदर्शन दिया। हमारे बहादुर जवानों के बीच पहुंचकर उनका हौसला बढ़ाया। आपने गोली का जवाब गोली से और बोली का जवाब बोली से देने का संदेश दिया। माओवादी हिंसा को छोड़कर जो शांति की राह पर लौटे, संविधान को अपनाया, उनका हमने स्वागत किया।

हम कृतज्ञ हैं प्रदेश की जनता के प्रति जो इस सुंदर धरती को सशस्त्र माओवाद से मुक्त कराने के रास्ते में सहभागी बनी, आपने हम पर विश्वास किया। विश्वास कीमती होता है, हमने इसकी रक्षा की है। बस्तर में बच्चे अब निर्भय होकर स्कूल जाएंगे, माताएं-बहनें आजादी की सांस लेंगी और हर तरफ विकास का उजाला फैलेगा।

अब कहीं रेड कॉरिडोर नहीं, हर तरफ ग्रीन कॉरिडोर है।
एक सुखद उज्ज्वल भविष्य की राह पर हम सब सहभागी बन अब आगे बढ़ेंगे।

जय भारत, जय छत्तीसगढ़

आपका • **विष्णु देव साय** मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

S - 47391

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन और कूटनीतिक विफलता के कारण बढ़ी महंगाई: बेसरा

गरियाबंद/नवप्रदेश। मोदी सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन और कूटनीतिक विफलता के कारण महंगाई बढ़ गयी है। मोदी सरकार ने एक बार फिर कमर्शियल गैस के दाम में 195 रु.की बढ़ोतरी कर दिया। इसके पहले तीन महीने में कमर्शियल गैस के दाम में 525 रु. की बढ़ोतरी हुई थी।पिछले हफ्ते ही मोदी सरकार ने घरेलू गैस के दाम में 62 रु की बढ़ोतरी कर दिया। सरकार ने खूब वाहवाही लिया कि पेट्रोल, डीजल पर एक्साइज कम कर दिया भाजपा नेता इसको सरकार की बड़ी राहत प्रचारित कर रहे थे लेकिन आज ही पेट्रोल के दाम में 1 रु. से अधिक की बढ़ोतरी अलग-अलग राज्यों में हुई है उक्त उद्बोधन कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने पत्रकारों के संबोधित करते हुए कहा। स्थानीय रेस्ट हाउस में जिले के कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा के द्वारा देश में गैस पेट्रोल और डीजल के बढ़ रहे महंगाई को लेकर पत्रकार वार्ता रखा,जिसमे आगे उन्होंने कहा कि नायरा के पेट्रोल पंप में तो यह बढ़ोतरी 4 रु. की है। एवीएशन के पेट्रोल में भी बढ़ोतरी कर दीं गयी जिससे हवाई यात्रा भी महगी हो गई।खाद्य तेल, मावा,राशन सामग्री सभी के दाम बेतहाशा बढ़ गये है,दूध के दाम भी बढ़ गये।जिससे आम आदमी के किचन का बजट मोदी सरकार ने बढ़ा दिया है। खाद्य तेल को 70 रुपए प्रति लीटर तक पहुंचने में 70 साल लग गए थे,लेकिन मोदी राज के चंद दिनों में ही 200 पार हो गया।घरेलू गैस सिलेंडर जो भाजपाइयों को 400 रुपए में महंगा लगाता था, उसे 900-1000 तक पहुंचा दिए, कमर्शियल गैस सिलेण्डर के दाम आज से 1580 से बढ़कर 1691 हो गया है,साथ ही आज आम जनता को गैस लेने के लिए हफ्तों इंतजार करना पड़ रहा है।भाजपा सरकारों को जनता के मुद्दों से कोई सरोकार नहीं है भारतीय जनता पार्टी की सरकार में आम आदमी का जीवन स्तर दिनों दिन खराब हुआ है,सारी राहत और रियायत केवल भाजपाइयों के पूंजीपति सित्रों के लिए है, देश के संसाधन, सार्वजनिक उपक्रम उन्हीं पर लुटाए जा रहे हैं,आम जनता इस महंगाई में परिवार पालने के लिए संघर्ष कर रहा है। मनमोहन सिंह के नेतृत्व में पूर्ववर्ती यूपीए की सरकार ने मनरेगा के नाम से रोजगार की कानूनी गारंटी का प्रावधान किया था जिसे मोदी सरकार ने महज़ योजना में परिवर्तित कर गरीबों का रोजगार का हक छीन लिया है,आम जनता की कमाई लगातार घट रही है, देश के संसाधनों पर मोदी के पूंजीपति मित्रों का एकाधिकार स्थापित किया जा रहा है,देश में आर्थिक असमानता सरकार की गलत नीतियों की वनंह से ही बढ़ रहा है,बेलगाम महंगाई से आम जनता का जीना मुश्किल हो गया है। महंगाई आम जनता के लिए भाजपा निर्मित आपदा बन चुकी है,रेलवे की टिकट से लेकर स्कूल,कॉलेजों की फीस तक सब कुछ कई गुना बढ़ चुका है। सरकार के संरक्षण में तरह-तरह के सेवा शुल्क लगाकर बैंक,आम खातेधारकों को खुलेआम लूट रही है। पेट्रोल,डीजल से लेकर दैनिक उपभोग की वस्तुओं की कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि ने आम जनता का बजट बिगाड़ दिया है।इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुखचंद बेसरा,पूर्व ब्लाक अध्यक्ष आबिद ढेबर सन्नी मेमन,रमेश रामा शर्मा पन्नालाल,जुनैद खान छगन यादव रमीज रहमान,अवध यादव उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

हनुमान जन्मोत्सव पर युवा शक्ति ग्राम अरोद में हुआ भोज का आयोजन

धमतरी/ नवप्रदेश। हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर क्षेत्र के युवाओं की टीम युवा शक्ति द्वारा आंगनबाड़ी में भव्य तिथि भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों के लिए प्रसाद व्यवस्था की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।कार्यक्रम की शुरुआत भगवान हनुमान जी की पूजा-अर्चना और आरती से की गई। इसके बाद भक्तों को श्रद्धा और सेवा भाव के साथ भोजन वितरित किया गया। आयोजन में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पूरी व्यवस्था को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।युवा शक्ति के सदस्यों ने बताया कि इस तरह के धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में एकता, सेवा भावना और भाईचारे को बढ़ावा देना है। उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए आयोजकों को शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा, जिससे हनुमान जन्मोत्सव का महत्व और भी बढ़ गया।इस शुभ अवसर पर छन्नू निर्मलकर, तोमेश साहू, बिट्टू साहू, सतीश निषाद, खूबलाल निर्मलकर, लेमन नगारची , खेमू यादव, सागर यादव , कीर्तन सिन्हा, इकेश्वर सिन्हा , इनु यादव , रूपेश निर्मलकर , कमलेश निर्मलकर, कारण, सावंत, वरुण, ताम्रराज,एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे ।

रायपुर में पंडरिया सेवा सदन की शुरुआत

■ यह भवन पंडरिया विधानसभा के मेरे परिवारजनों के विश्वास और सेवा का संकल्प: भावना

कवर्धा/ नवप्रदेश। किसी भी जनप्रतिनिधि की असली पहचान केवल विकास कार्यों से नहीं, बल्कि उस संवेदनशीलता से होती है जिसके साथ वह अपने क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में सहभागी बनता है। पंडरिया विधानसभा में इसी भावना को साकार करते हुए विधायक भावना बोहरा द्वारा ÷पंडरिया सेवा सदन÷ की शुरुआत एक ऐसे जनहितकारी प्रयास के रूप में सामने आई है, जो न केवल सुविधा प्रदान करता है, बल्कि मानवीय संवेदना का भी प्रतीक है। पंडरिया विधानसभा से बड़ी संख्या में मरीज बेहतर उपचार के लिए राजधानी रायपुर का रुख करते हैं। लेकिन इस दौरान उनके साथ आने वाले परिजनों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अस्पतालों के आसपास महंगे ठहरने के विकल्प, भोजन की व्यवस्था और दैनिक जरूरतों को पूरा करना, ये सभी समस्याएं पहले से ही परेशान परिवारों के लिए एक अतिरिक्त बोझ बन जाती थीं। ऐसे समय में आर्थिक दबाव के साथ-साथ मानसिक तनाव भी बढ़ जाता है। इन्हीं चुनौतियों को समझते हुए पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने ÷भावना दीदी की गारंटी÷ में किए अपने संकल्प को दोहराते हुए राजधानी रायपुर के सेक्टर-2 में पंडरिया सेवा सदन जनता को समर्पित किया। यह पहल इस सोच का परिणाम है कि पंडरिया विधानसभा से रायपुर में इलाज के लिए आए किसी भी परिवार को अपने रहने और भोजन की चिंता न करनी पड़े, बल्कि वे पूरी तरह से अपने मरीज के स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित कर सकें। इस सेवा का लाभ लेने के लिए मोबाइल नम्बर पर 7747892000 एवं 7747992000 पर संपर्क कर सकते हैं।इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि आज का दिन मेरे लिए अत्यंत ही महत्वपूर्ण और पंडरिया विधानसभा कमरे परिवारजनों की सेवा के प्रति अपने संकल्प की एक और कड़ी को पूरा करने का विशेष दिन है। भावना दीदी की गारंटी में हमने जनता की सेवा हेतु यह संकल्प किया था और आज उसे पूर्ण होता देख मेरे लिए गर्व और गौरव का विषय है इसके लिए मैं पंडरिया विधानसभा के मेरे परिवारजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करती हूँ, यह संकल्प आप सभी के विश्वास, सहयोग और मार्गदर्शन से सिद्धि तक पहुंचा है। उन्होंने बताया कि राजधानी रायपुर के देवेंद्र नगर सेक्टर-2 में स्थित यह सेवा सदन पूर्णतः निःशुल्क सुविधा प्रदान करता है। यहां ठहरने के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित कमरे, शुद्ध एवं सात्विक भोजन, स्नान और शौचालय की समुचित व्यवस्था, पर्याप्त जल आपूर्ति, प्रकाश और रात्रि विश्राम के लिए बिस्तर जैसी सभी आवश्यक व रोजमर्रा से जुड़ीं सुविधाएं उपलब्ध हैं। यह स्थान केवल एक आश्रय स्थल नहीं, बल्कि उन परिवारों के लिए एक भरोसेमंद सहारा है, जो अपने प्रियजनों के उपचार के लिए घर से दूर आते हैं। पंडरिया सेवा सदन÷ की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह केवल भौतिक सुविधाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मरीजों के परिजनों को मानसिक शांति और भावनात्मक संबल भी प्रदान करेगा।

महिला-बालिकाओं की सुरक्षा विषय पर बाल संवाद जागरुकता कार्यक्रम

गरियाबंद/नवप्रदेश। एग्रोकेट सोसायटी फॉर रूरल डेवलपमेंट एवं स्वलम्बी महिला समूह संयुक्त के तत्वाधान में जिला मुख्यालय से दूरस्थ ग्राम जड़जड़ा में शिक्षा, महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा विषय पर महिला एवं बाल संवाद जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 100 से अधिक महिलाओं एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर प्रशिक्षण का लाभ उठाया।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल की महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा।

इस दौरान विशेषज्ञों द्वारा घरेलू हिंसा से संरक्षण, आत्मरक्षा के उपाय, साइबर सुरक्षा एवं महिलाओं के कानूनी अधिकारों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के माध्यम से बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा और जागरूकता ही महिलाओं को सशक्त बनाने का सबसे मजबूत माध्यम है।

कार्यक्रम में विशेष रूप से श्रीमती तनु साहू सामाजिक कार्यकर्ता (सदस्य बाल कल्याण समिति श्रीमती फुलन बाई सरपंच ग्राम जड़जड़ा), कुमारी नेहा वर्मा (प्रोजेक्ट मैनेजर), श्रीमती कविता साहू (प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर), श्रीमती सारिका महादिक, स्वावलंबी महिला विकास समिति,श्रीमती मंजू चनापे, उपाध्यक्ष स्वावलंबी महिला विकास समिति त्रिवेणी देवांगन, तारामति पटेल, लक्ष्मी पटेल, रोशनी पटेल, पूर्णिमा पटेल, सुखांतिन निषाद एवं अनिता ध्रुव सहित अन्य गणमान्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों के उत्साह एवं जागरूकता के संकल्प के साथ हुआ, जिसमें सभी ने समाज में महिला एवं बालिका सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

महिला ने किया नाबालिग से अनाचार पोक्सो अधिनियम के तहत कार्यवाही

कबीरधाम / नवप्रदेश। जिले में सनसनीखेज एवं चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसमें महिला के विरुद्ध नाबालिग बालक के साथ अनाचार किए जाने का अपराध दर्ज किया गया है।पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह (भा.पु.से.) के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं अमित पटेल के मार्गदर्शन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओपी) आशीष शुक्ला के पर्यवेक्षण में कबीरधाम पुलिस द्वारा मामले को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्यवाही की गई है। थाना कोतवाली कबीरधाम में अपराध क्रमांक 123/2026 धारा 04 पोक्सो अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई है। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन के अनुसार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से एक महिला से उसका परिचय हुआ, जिसके पश्चात बातचीत एवं मुलाकात का क्रम प्रारंभ हुआ एवं दोस्ती हुई। बाद में दिनांक 01/03/2026 को आरोपी महिला द्वारा नाबालिग को भोरमदेव रोड स्थित भुनेश्वर होटल बुलाया गया, जहां उसे भावनात्मक दबाव एवं मानसिक प्रलोभन में देकर उसके साथ अनाचार की घटना को अंजाम दिया गया। घटना के पश्चात आरोपी द्वारा प्रार्थी को डराया-धमकाया गया, जिससे वह मानसिक दबाव में आ गया और तत्काल शिकायत दर्ज नहीं करा सका। बाद में हिम्मत जुटाकर प्रार्थी द्वारा थाना में रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिस पर कबीरधाम पुलिस ने बिना विलंब किए अपराध पंजीबद्ध कर लिया। प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है। प्रकरण में पोक्सो अधिनियम के तहत सख्त वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

प्रधानमंत्री घटिया सड़क निर्माण को लेकर कांग्रेस करेगी उग्र आंदोलन, गांव-गांव में बैठक की दौर

मैनपुर/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड मे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत घटिया सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणो मे भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है जनमन योजना के तहत कमार बहुल्य ग्रामो तक सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसमे गुणवत्ता पर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिसकी शिकायत क्षेत्र के ग्रामीणो द्वारा बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव से भी किया गया है।

जनक ध्रुव ने जल्द सड़क निरीक्षण करने की बात कही है वही घटिया सड़क निर्माण को लेकर ब्लॉक कांग्रेस मैनपुर द्वारा एक सप्ताह पूर्व मैनपुर एसडीएम कार्यालय का घेराव कर ज्ञापन सौपा जा चुका है जिसके आंदोलन करने की चेतावनी दिया गया है। आज ब्लॉक कांग्रेस मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव एवं कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियो ने सड़क निर्माण किये गये कई ग्रामो मे बैठक लेकर आंदोलन की रणनीति तैयार किया है जल्द ही कांग्रेस द्वारा घटिया सड़क निर्माण को लेकर आंदोलन किया जायेगा और इसकी तैयारी की जा रही है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपिल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष खेदु नेगी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जनमन योजना अंतर्गत कमार आदिवासी बहुल्य ग्रामो तक डामरीकरण सड़क का निर्माण किया जा रहा है जिसकी गुणवत्ता बेहद खराब है सड़क निर्माण होते ही सड़क उखड़ने लगा है।

ग्रामीणो द्वारा लगातार शिकायत करने के बावजूद संबंधित विभाग के अफसरो द्वारा मनमानी किया जा रहा है और ठेकेदार से मिलीभगत कर घटिया सड़क निर्माण कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। कांग्रेस नेताओ ने बताया अभी गांव -गांव बैठक का दौर जारी है।

भीषण गर्मी में राहत के लिए भारत स्काउट एवं गाइड ने खोला प्याऊ घर

धमतरी/नवप्रदेश। भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ धमतरी के मार्गदर्शन में स्थानीय संघ भारत स्काउट गाइड, साहू संघ अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ ,नई आशा नई उमंग व छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला धमतरी के संयुक्त तत्वाधान में कलेक्टरेट रोड धमतरी में 2 अप्रैल गुरुवार को हनुमान जयंती के पावन अवसर पर शानदार प्याऊ घर का उद्घाटन जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल व साहू समाज जिला अध्यक्ष गणेश राम साहू एवं स्काउट गाइड के जिला अध्यक्ष डॉ. गणेश प्रसाद साहू के द्वारा किया गया। डी ई ओ

अभय जायसवाल ने कहा कि स्काउट गाइड सेवा का प्रथम पायदान है। इससे व्यक्ति के मन में सेवा भावना जागृत होती है। व समाज को आगे बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जिला अध्यक्ष साहू समाज गणेश राम साहू ने कहा कि प्याऊ घर से भीषण गर्मी में लोगों को राहत मिलेगी जल ही जीवन है इस वाक्य को स्काउट गाइड ने चरितार्थ किया। जिला अध्यक्ष अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ डॉ. गणेश प्रसाद साहू ने राहगीरों को सुविधा, छाया व पानी प्रदान कर सेवा कार्य पर जोर दिया तथा अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ साहू समाज, नई आशा नई उमंग एवं छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी को धन्यवाद दिया।

ग्रामीणों की मांग और समस्याओं के निराकरण के लिए पहुंचे कलेक्टर

गरियाबंद, /नवप्रदेश। जिले के मैनपुर विकासखंड के दूरस्थ वनांचल एवं आदिवासी बाहूल्य क्षेत्र में बसे ग्राम साहेबिनकछार जहॉ कभी शासकीय अमले बहुत ही कम जा पाते थे। उसका प्रमुख कारण यह था कि यह गॉव अति संवेदनशील क्षेत्र हुआ करता था। केंद्र शासन के पहल पर पूरे देश में 31 मार्च 2026 को नक्सल मुक्त होने के उपरांत आज जिले के कलेक्टर बीएस उइके, पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर सहित जिलास्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में आसपास के ग्रामीणों की मांग एवं समस्याओं के निराकरण के लिए पहुॅचे। इस दौरान ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को अपने बीच पाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि केन्द्रिय गृहमंत्री अमित शाह ने पूरे देश से 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सल मुक्त करने की घोषणा की थी।

शिवपुर में हनुमान जयंती की रही धूम

नगरी / नवप्रदेश। आस्था, भक्ति और सांस्कृतिक उल्लास का अद्भुत संगम ग्राम शिवपुर में देखने को मिला, जहां हनुमान जयंती महोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। प्राचीन हनुमान मंदिर में आयोजित इस भव्य आयोजन ने पूरे गांव को भक्तिमय रंग में रंग दिया। महोत्सव की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों से हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने मनोकामना ज्योत प्रज्वलित की। लगभग 300 भक्तों द्वारा घृत और तेल की ज्योत जलाने से मंदिर परिसर दिव्य प्रकाश से जगमगा उठा, जिसने माहौल को और भी आध्यात्मिक बना दिया।

लंबित प्रकरणों को जल्द करें निराकरण: कलेक्टर

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर बी.एस. उइके ने आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर जिले के विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ प्रखर चंद्राकर, अपर कलेक्टर पंकज डाहिरे सहित जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं और जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने कार्यों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करें। बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी को अपने कर्तव्यों के पालन सही तरीके से करने की हिदायत दी गई।

हनुमान जयंती पर भक्ति और विकास का संगम, टीना शेड निर्माण का हुआ भूमिपूजन

नगरी / नवप्रदेश। हनुमान जयंती के पावन एवं मंगलमय अवसर पर क्षेत्र में धार्मिक आस्था और विकास कार्यों का सुंदर संगम देखने को मिला। ग्राम में रामायण पाठ कार्यक्रम के साथ-साथ शीतला माता मंदिर के सामने प्रस्तावित टीना शेड निर्माण हेतु भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया।इस अवसर पर पूरे ग्राम का माहौल भक्तिमय बना रहा। रामायण पाठ के दौरान श्रद्धालुजन भक्ति रस में डूबे नजर आए, वहीं भूमिपूजन कार्यक्रम में ग्रामवासियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की।कार्यक्रम में ग्राम समिति के संरक्षक शत्रुघन यादव, सरपंच, ग्राम समिति अध्यक्ष मानिक राम साहू, बलदाऊ यादव, रामजी यादव, बलराम यादव, पांचो बाई सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।अपने संबोधन में जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने हनुमान जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान हनुमान जी का जीवन हमें निष्ठा, समर्पण और सेवा भाव का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हनुमान जी ने भगवान श्रीराम के प्रति अटूट भक्ति और समर्पण दिखाया, उसी प्रकार हमें भी अपने जीवन में ईमानदारी, सेवा और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का भाव रखना चाहिए।उन्होंने आगे कहा कि शीतला माता मंदिर के सामने बनने वाला टीना शेड ग्रामवासियों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगा।

अवार्ड: धमतरी जिला से अंकिता रत्नेश मिश्रा को मिला नारी सम्मान, जगत कल्याण विकास संस्थान का आयोजन

विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली हस्तियों का हुआ सम्मान

धमतरी /नवप्रदेश।। जगत कल्याण विकास संस्थान जेके फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित एवार्ड फंक्शन में महिला सशक्तिकरण की मिसाल बनी सौ महिलाओं को नारी शक्ति एवार्ड से सम्मानित किया गया।

ओए बिल्डिंग में हुए इस सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट और असाधारण योगदान देने वाली हस्तियों को जे के फाउंडेशन की संस्थापक टी जया रेड्डी की अगुवाई में सम्मान पत्र एवं रिटर्न गिफ्ट दिया गया समारोह राजयोगिनी आशा दीदी, सांसद की धर्मपत्नी श्रीमती रजनी बघेल तथा समाज सेवी इंद्रजीत सिंह

छोटू विशेष रूप से उपस्थित थे।संचालन रेखा कृपाशंकर यादव ने किया।

कार्यक्रम का आरम्भ भरतनाट्यम की मनमोहक प्रस्तुति वेद श्री कला संघम की शास्त्रीय नृत्यांगनाओं सुमन महतो,स्नेहा सोनी, दिव्याशी बोस, अक्षिता जैन, गिरीशा जैन तथा डिम्पल राव ने भरतनाट्यम के माध्यम से गणेश वंदना तथा शिव स्तुति प्रस्तुत की।इस मौके पर आशा दीदी ने नारी शक्ति का अभिनंदन करते हुए कहा कि वैसे तो पुरूषों के पास भी शक्ति होती हैं, फिर भी नारी शक्ति क्यों कहते हैं,इसके जवाब में वह स्वयं कहती हैं कि महिलाओं के पास वह शक्ति है जिससे वे विश्व का नव निर्माण कर सकती हैं।

सम्मान समारोह में सीनियर नर्सिंग आफिसर मंजू कुर्रे,मेकअप आर्टिस्ट आयशा फातिमा,सैनिक स्कूल की उप निदेशक अंकिता भारद्वाज,प्रदेश डिफेंस एकेडमी की एम डी हर्षा साहू,समाज सेविका डॉ परी, पंजाब फोक डांस की नृत्य निर्देशिका रूबी नागरा,पारस इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन के सीईओ डॉ कविता कुम्भज तथा हाउस गार्डन विनर शीला हरवे विशिष्ट अतिथि के रूप शिरकत की।

नारी शक्ति एवार्ड पाने वाली महिलाओं में सर्वप्रथम धमतरी जिला की अंकिता रत्नेश मिश्रा साथ ही अन्य स्थानों से रीता परिहार, प्रियंका गुप्ता,डॉ नीना महतो,हिना,डॉ उत्तरा रामटेके, ज्योति शांडिल्य, सुषमा मिंज,पूजा महेश,नीतू मंडल,ललिता चोपड़ा, भारती साहू,अर्चना वर्मा, बिंदु सोनी, नंदिनी भुजेल, यशोदा सोनकर, रमा गोरती, द्रौपदी रेड्डी, विजय लक्ष्मी माया दास, वंदना ह्यद्बठ्ठद्ब, पूनम साहू, रानी परवीन, रूचि जैन, एस दिव्या साहित लगभग सौ हस्तियां शामिल है।

खुदुरपानी में मानसगान प्रतियोगिता का शुभारंभ

नगरी / नवप्रदेश। श्रीराम मानस प्रचार समिति खुदुरपानी में धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए मानसगान प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अम्बिका मरकाम, अध्यक्षता सरपंच मुकेश्वरी छेदैहा ,विशेष अतिथि भानेन्द्र सिंह ठाकुर, जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम, तामेश्वरी साहू, लगेश मरकाम,तीजू मरकाम रहे।

www.navpradesh.com

दैनिक **नवप्रदेश**

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, शनिवार, 04 अप्रैल 2026 कृष्ण पक्ष-द्वितीया, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 55 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

सुरक्षा बलों का पराक्रम रंग लाया, ताबड़तोड़ एक्शन से नक्सलवाद का हुआ सफाया

पवन शाहा/सुकमा

नवप्रदेश विशेष

छत्तीसगढ़ का सुकमा जिला, जो पिछले चार दशकों से माओवादी हिंसा का गढ़ बना हुआ था, आखिरकार पूरी तरह नक्सल मुक्त घोषित कर दिया गया है। सुरक्षा बलों की लगातार, सटीक और निर्णायक कार्रवाइयों ने इस क्षेत्र को लाल आतंक से मुक्त कराया है। सुरक्षा बलों के पराक्रम से 1980 के दशक से चली आ रही नक्सली गतिविधियां अब इतिहास बन गई हैं। सुकमा जिले को नक्सल मुक्त कराने 399 जवानों ने अपने प्राणों की आहुति भी दे दी।

जनवरी 2024 से 31 मार्च 2026 तक सुरक्षा बलों ने नक्सल विरोधी अभियानों में शानदार सफलता हासिल की। इस दौरान कुल 38 मुठभेड़ें हुईं, जिनमें 84 माओवादी मारे गए। इनमें कई बड़े घटनाओं में शामिल रहे ■ शेष पृष्ठ 8 पर

(जनवरी 2024 से 31/03/2026 तक नक्सल विरोधी प्रमुख अभियान)

38	कुल मुठभेड़
84	मारे गए नक्सली
478	गिरफ्तार नक्सली
743	आत्मसमर्पित नक्सली
198	हथियार बरामद
137	आईईडी बरामद
23	नवीन कैंप स्थापित

सुरक्षा बलों ने निरंतर कैंप स्थापना, जनसंपर्क और विकास कार्यों के माध्यम से माओवादी प्रभाव को जड़ से खत्म किया गया। सरेंडर करने वाले नक्सलियों के पुनर्वास और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन ने क्षेत्र में विश्वास का माहौल बनाया। सुकमा की यह सफलता सुरक्षा बलों की अदम्य साहस, समन्वित रणनीति और दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम है। अब इस क्षेत्र में विकास की नई सुबह शुरू हो चुकी है।

– **किरण चव्हाण**, पुलिस अधीक्षक, सुकमा

सुकमा के प्रमुख मुठभेड़, जिससे नक्सल संगठन कमजोर हुआ

3 जनवरी 2026 - पामलूर-बुर्कलंका (थाना किस्टाराम): कोंटा एरिया कमेटी इंचार्ज डीवीसीएम वेट्टी मंगडू समेत 12 कुख्यात नक्सली मारे गए। इन पर कुल 60 लाख रुपये का इनाम था। 30-35 सशस्त्र नक्सलियों के हमले का तीन घंटे तक मुकाबला करते हुए डीआरजी टीम ने एक-47, एसएलआर, इंसास रायफलें और भारी सामग्री बरामद की।

29 मार्च 2025 - नेडूम-परिया (केरला पाल): एसजेडसीएम जगदीश कुहरामी समेत 17 माओवादी ढेर। इन पर 87 लाख रुपये का इनाम था। डीआरजी और 159 बटालियन सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने वीरतापूर्वक लड़ाई लड़ी। मुठभेड़ में 4 जवान घायल हुए, लेकिन उन्होंने अपना मोर्चा नहीं छोड़ा।

22 नवंबर 2024 - भंडारपदर-मुनुरकोंडा: प्लाटून कमांडर डीवीसीएम दूधी मासा समेत 10 नक्सली मारे गए। इन पर 43 लाख रुपये का इनाम था। तीन घंटे चली मुठभेड़ में कई आधुनिक हथियार बरामद हुए।

10 जनवरी 2025 - पालीगुड़ा-गुंडराजगुडेम: आईईडी विशेषज्ञ डिप्टी कमांडर कोरसा महेश समेत 3 हार्डकोर माओवादी मारे गए। 15 लाख रुपये के इनामी। बीजीएल लॉन्चर, टिफिन बम और भारी विस्फोटक सामग्री बरामद हुई।

16 जनवरी 2025 - तुमरेल-पामेड़: 250-300 सशस्त्र नक्सलियों के हमले का जवाब देते हुए 12 माओवादी मारे गए। इन पर करीब 40 लाख रुपये का इनाम था।

आज बेबाक

इसे ही कहते हैं करेला उपर से नीम चढ़ा। डोनाल्ड ट्रंप पहले से सनकी है अब ईरान से लड़ते हुए इस थकेले के दिमाग में भी जंग लग गई है। पागलपन की सारी सीमाएं लांघकर जब जो मुंह में आए बोले जा रहा है। इसकी बकलोली पर दुनिया ठहाके लगा रही है और ये चिरकुट अपने हाथों अपनी पीठ थपथपा रहा है। अब इस हारे हुए जुआरी ने जीत का दावा किया है कि अमेरिका ने ईरान को हरा दिया है। अब इस अहमक से कौन पूछे कि जब अमेरिका जीत ही गया है तो ईरान क्यों बम बरसा रहा है?

संसद की बैठक बुलाना सरकार का एकतरफा निर्णय

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस ने कहा है कि कुछ राज्यों के विधानसभा चुनावों के बीच 16 अप्रैल से महिला आरक्षण विधेयक में संशोधन पर चर्चा के लिए संसद की तीन दिवसीय बैठक बुलाना सरकार का एकतरफा निर्णय है। विपक्ष को नजरअंदाज कर पूरी तरह से मनमानी की गई है। कांग्रेस के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि संसद की बैठक 16, 17 और 18 अप्रैल को बुलाई गयी है यह अनुचित है।

फ्लाइट में 60% सीटें मुफ्त देने के फैसले पर रोक

नई दिल्ली/ए.। केंद्र सरकार ने एयरलाइंस को फ्लाइट में 60% सीटें बिना अतिरिक्त शुल्क के चुनने देने वाले निर्देश को अस्थायी रूप से रोक दिया है। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि यह नियम 20 अप्रैल से लागू होना था, लेकिन अब इसे अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने 15 दिन पहले 18 मार्च को कहा था कि डीजीसीए को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी फ्लाइट में सीट चयन के लिए न्यूनतम 60% सीटें बिना चार्ज उपलब्ध कराई जाएं।

ईरान-इजराइल जंग: 87 मेडिकल सेंटर नष्ट, 5 अस्पताल बंद करने पड़े, दहशत में भाग रहे लोग

इजराइल का अस्पताल पर हमला, 53 मेडिकल स्टाफ की मौत, 137 घायल

नई दिल्ली/ए.। इजराइल के हमलों से लेबनान का हेल्थ सिस्टम बुरी तरह डैमेज हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक महीने में लेबनान में 53 मेडिकल स्टाफ मारे गए, 137 लोग घायल हुए हैं, 87 एंबुलेंस/मेडिकल सेंटर नष्ट हुए और 5 अस्पताल बंद करने पड़े। डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स का कहना है कि लगातार हमलों की वजह से लोगों तक इलाज पहुंचना मुश्किल हो गया है।

ईरान में मेडिकल फैसिलिटी पर हमले बढ़े: विश्व स्वास्थ्य संगठन ने ईरान में हेल्थ फैसिलिटी पर लगातार हो रहे हमलों को लेकर गंभीर चिंता जताई है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, 1 मार्च के बाद से ईरान में स्वास्थ्य सुविधाओं पर 20 से ज्यादा हमलों की पुष्टि हुई है, जिनमें कम से कम 9 लोगों की मौत हो चुकी है। डब्ल्यूएचओ प्रमुख टेड्रोस अधानोम घेब्रेयेसस ने कहा कि हमलों से ईरान की हेल्थ सर्विस गंभीर रूप से प्रभावित हुई हैं। तेहरान का पाश्चर इंस्टीट्यूट समेत कई अस्पताल और मेडिकल यूनिट क्षतिग्रस्त हो चुकी है। ईरान ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अमेरिका सेना प्रमुख को पद से हटाया गया

वाशिंगटन (वार्ता)। अमेरिका के युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ ने सेना प्रमुख जनरल रैंडी जॉर्ज को उनके पद से हटा दिया है। इसके अलावा दो अन्य उच्च सैन्य अधिकारियों को भी बर्खास्त किया गया है। यह फैसला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान संघर्ष को लेकर राष्ट्र के नाम संबोधन के एक दिन बाद गुरुवार को आया है। श्री ट्रंप ने घोषणा की थी कि अमेरिका ईरान के खिलाफसैन्य हमलों को और तेज करेगा। उन्होंने संकेत दिया कि यह संघर्ष अगले दो से तीन हफ्तों में समाप्त हो सकता है। जनरल जॉर्ज के अलावा दो अन्य उच्च पदस्थ सैन्य अधिकारियों को भी बर्खास्त किया गया है।

ईरान का बड़ा दावा, एफ-35 गिराया!

तेहरान (ए.)। मिडिल ईस्ट में जंग का 35वां दिन और हालात अब और खतरनाक मोड़ पर पहुंच गए हैं। ईरान ने अमेरिका और इज़राइल के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाते हुए बड़े सैन्य दावे किए हैं, जबकि डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि 'अभी तबाही शुरू भी नहीं हुई।' होर्मुज़ जलडमरूमध्य से लेकर तेहरान तक, हर मोर्चे पर तनाव चरम पर है। ईरान ने साफ कहा है कि जब तक दुश्मन 'हार और अपमान' नहीं झेलते, तब तक युद्ध जारी रहेगा। ईरान ने दावा किया है कि उसने एक और अमेरिकी एफ-35 फाइटर जेट मार गिराया।

ईरान की मिडिल ईस्ट में 8 ब्रिज उड़ाने की धमकी

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी/ए.। ईरान ने मिडिल ईस्ट के 8 बड़े पुलों की लिस्ट जारी कर उन्हें तबाह करने की धमकी दी है। ईरान इन पुलों को रणनीतिक तौर पर अहम मानता है, क्योंकि ये कई देशों की कनेक्टिविटी और ट्रांसपोर्ट के लिए बेहद जरूरी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान की लिस्ट में कुवैत, यूएई, सऊदी अरब और जॉर्डन के कई महत्वपूर्ण पुल शामिल हैं। इनमें शेख जाबेर अल-अहमद समुद्री पुल (कुवैत), शेख जायद ब्रिज, अल मकता ब्रिज, शेख खलीफा ब्रिज, किंग फहद कॉजवे (सऊदी अरब-बहरीन) और जॉर्डन के किंग हुसैन, डामिया और अबदून ब्रिज शामिल हैं।

अमेरिका ने पेटेंट वाली दवाओं पर लगाया 100% टैरिफ, भारत पर असर

वाशिगटन/ए.। संयुक्त राज्य अमेरिका आयातित पेटेंट दवाओं पर 100 प्रतिशत तक शुल्क लगाएगा। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसके पीछे राष्ट्रीय सुरक्षा जोखिमों और विदेशी आपूर्ति श्रृंखलाओं पर भारी निर्भरता को कारण बताया है। जारी घोषणा में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि दवाइयां और उनसे जुड़े घटक इतनी मात्रा में और ऐसी परिस्थितियों में अमेरिका में आयात किए जा रहे हैं कि वे संयुक्त राज्य की राष्ट्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुँचा सकते हैं। यह घोषणा पेटेंट दवाओं और सक्रिय औषधीय घटकों (एपीआई) को निशाना बनाती है। ये नागरिक स्वास्थ्य सेवाओं और सैन्य तैयारी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। प्रशासन ने चेतावनी दी कि विदेशी उत्पादन पर निर्भरता भू-राजनीतिक या आर्थिक संकट के दौरान जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता को बाधित कर सकती है। आदेश के तहत, अधिकांश आयातित पेटेंट दवाओं पर 100 प्रतिशत का मूल्य-आधारित (एड वैलोरेम) शुल्क लगाया जाएगा। जो कंपनियां उत्पादन को अमेरिका में स्थानांतरित करने का वादा करेंगी, उन्हें 20 प्रतिशत का कम शुल्क देना होगा, जो चार साल बाद बढ़कर 100 प्रतिशत हो जाएगा।

ब्रह्मोस और एयर डिफेंस सिस्टम से लैस तारागिरी नेवी में शामिल

■ आईएनएस तारागिरी की कमीशनिंग से हमारी नेवी की ताकत और बढ़ेगी: राजनाथ

नई दिल्ली/ए.। आईएनएस तारागिरी शुक्रवार को विशाखापत्तनम में इंडियन नेवी में शामिल हुआ। डिफेंस मिनिस्टर राजनाथ सिंह इस सेरेमनी में मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि जब भी कोई संकट आता है, चाहे वह रेस्क्यू ऑपरेशन हो या मानवीय सहायता देना हो। हमारी नेवी हमेशा सबसे आगे रहती है।

आईएनएस तारागिरी की कमीशनिंग से हमारी नेवी की ताकत और बढ़ेगी। तारागिरी को मझगांव डॉक शिप बिल्डिंग लिमिटेड ने प्रोजेक्ट 17-ए के तहत तैयार किया है। वॉरशिप में ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल, एमएफस्टार(रडार), मीडियम रेंज सर्फेस टु एयर मिसाइल एयर डिफेंस सिस्टम लगा हुआ है। इसके अलावा यह 76 मिमी गन, 30 मिमी और 12.7 मिमी क्लोज-इन वेपन सिस्टम के साथ एंटी सबमरीन रॉकेट और टॉरपीडो से भी लैस है। वहीं भारत की स्वदेशी न्यूक्लियर सबमरीन 'अरिदमन' को भी नेवी में शामिल किया गया। पिछले 11 महीनों में नौसेना को यह प्रोजेक्ट 17-ए का चौथा जहाज मिला है। पहले दो जहाजों के अनुभव के कारण ■ शेष पृष्ठ 8 पर

यह नीलगिरि-क्लास का चौथा युद्धपोत

भारत की नीलगिरी क्लास (प्रोजेक्ट-17 ए) में कुल 7 स्टील्थ फ्रिगेट बनाए जा रहे हैं। तारागिरी इस क्लास का चौथा युद्धपोत है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, प्रोजेक्ट 17-ए युद्धपोत को आगे आने वाली समुद्री चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। 'तारागिरी' उसी नाम के पुराने युद्धपोत का एडवांस्ड वर्जन है, जिसने 1980 से 2013 तक नौसेना में 33 सालों तक सेवा दी थी। नई 'तारागिरी' हाईटेक स्टेल्थ तकनीक, बेहतर मारक क्षमता, अत्याधुनिक ऑटोमेशन और मजबूत सर्वाइवेबिलिटी से लैस है। इस युद्धपोत को वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने तैयार किया है। प्रोजेक्ट 17-ए के युद्धपोत में पिछली पी-17 (शिवालिक) क्लास की तुलना में अधिक आधुनिक हथियार और सेंसर सिस्टम लगाए गए हैं।

NCERT को मिला 'डीम्ड यूनिवर्सिटी' का दर्जा

■ देश के 6 संस्थान बनेंगे यूनिवर्सिटी का हिस्सा, शिक्षा मंत्रालय की ऐतिहासिक पहल

नई दिल्ली (ए.)। केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सिफारिश पर नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) को डीम्ड-टू-बी-यूनिवर्सिटी घोषित करने का निर्णय लिया है।

यह दर्जा यूजीसी अधिनियम 1956 की धारा 3 के तहत प्रदान किया गया है। यूजीसी ने एक विशेषज्ञ समिति की सकारात्मक रिपोर्ट के आधार पर शर्तों के साथ 'लेटर ऑफ इंटेंट' जारी कर दिया है। इस फैसले के बाद अब NCERT एक स्वायत्त संस्थान के रूप में अपनी शैक्षिक गतिविधियों का विस्तार कर सकेगा और शिक्षा के क्षेत्र में वैश्विक मानकों को स्थापित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा। एनसीईआरटी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

शिक्षा क्षेत्र में एनसीईआरटी की बढ़ेगी ग्लोबल ब्रांडिंग

इस निर्णय का उद्देश्य एनसीईआरटी को एक 'उत्कृष्ट संस्थान' के रूप में विकसित करना है। डीम्ड यूनिवर्सिटी बनने से हृष्टश्त्रक्ष को विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ सीधा सहयोग करने, फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम शुरू करने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी शोध पत्रिकाओं को बढ़ावा देने में आसानी होगी। शिक्षा मंत्रालय का मानना है कि इस कदम से नई शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलेगी। यह न केवल

भारतीय स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करेगा, बल्कि भारत को दुनिया के सामने 'नॉलेज पावरहाउस' के रूप में स्थापित करने की दिशा में भी एक बड़ा रणनीतिक कदम साबित होगा।

पाकिस्तान में डीजल 520 और पेट्रोल 458 रुपए लीटर पर पहुंचा

नई दिल्ली/ए.। पाकिस्तान में डीजल-पेट्रोल सबसे ज्यादा महंगा हो गया है। एक लीटर पेट्रोल 458 और डीजल 520 रुपया के पार पहुंच गया है। सरकार ने पेट्रोल में 43% और हाई-स्पीड डीजल के दाम में 55% का इजाफा किया है। यह फैसला अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के कारण ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी के बाद लिया गया है। नई दरें गुरुवार आधी रात से लागू हो गई हैं। पाकिस्तान में पेट्रोल 137.23 बढ़कर 458.41 और डीजल 184.49 बढ़कर 520.35 रुपया प्रति लीटर पर पहुंच गया।

मालदा हिंसा का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

■ एयरपोर्ट से पकड़ाया, भागने की फिराक में था, अब तक 35 गिरफ्तारी, एनआईए जांच शुरू

कोलकाता/ए.। पश्चिम बंगाल के मालदा में एसआईआर से जुड़े न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाने के मामले में मुख्य आरोपी समेत 35 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना के 48 घंटे के अंदर पुलिस ने आरोपी मोफक्करुल इस्लाम को बागडोगरा एयरपोर्ट से पकड़ा। वह बेंगलुरु भागने की फिराक में था।

इस्लाम कलकत्ता हाईकोर्ट में वकील है। वह 2011 में एआईएमआईएम का उम्मीदवार रह चुका है। मोफक्करुल पर आरोप है कि मालदा के सुजापुर में 1 अप्रैल को एसआईआर में नाम कटने के विरोध प्रदर्शन में भड़काऊ ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अधिकारियों को 9 घंटे तक बंधक बनाया

मालदा में विरोध प्रदर्शन दिन में पहले कालियाचक 2 ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिस के बाहर शुरू हुआ था। जो देर रात तक जारी रहा। प्रदर्शनकारियों ने शुरू में न्यायिक अधिकारियों से मिलने की मांग की थी। अंदर जाने की परमिशन न मिलने पर, उन्होंने शाम करीब 4 बजे प्रदर्शन शुरू कर दिया और परिसर का घेराव कर लिया। अधिकारियों को 9 घंटे से ज्यादा समय तक बंधक बनाकर रखा गया था।

गरमा-गरम

बदलाव की बयार: सीएम विष्णुदेव साय और जिला प्रशासन की मेहनत से खत्म हुआ जल संकट

जहां था कभी डर और थी प्यास, वहां अब विकास

रायपुर/नवप्रदेश। कभी नक्सल भय और पेयजल संकट से जूझता सुकमा जिले का दूरस्थ ग्राम लखापाल आज विकास की नई कहानी लिख रहा है। वर्षों तक जहां ग्रामीणों को पानी के लिए संघर्ष करना पड़ता था, वहीं अब हर घर में नल से शुद्ध पेयजल पहुंच रहा है। यह बदलाव केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन और छत्तीसगढ़ शासन की नियद नेल्लानार योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से संभव हो पाया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और कलेक्टर श्री अमित कुमार के मार्गदर्शन में कोंटा विकासखंड के घोर नक्सल प्रभावित ग्राम लखापाल में विकास की ■ शेष पृष्ठ 8 पर

72 लाख की योजना ने बदल दिया गांव का भविष्य

सुकमा जिले के कार्यपालन अभियंता श्री विनोद कुमार राम ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायत लखापाल में 72.01 लाख रुपये की लागत से 4 सोलर पंप टंकी स्थापित की गई। इसके माध्यम से गांव में 117 घरेलू नल कनेक्शन दिए गए। गांव की कुल जनसंख्या 465 है, और अब हर परिवार को नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो रहा है।

स्वच्छ जल से स्वास्थ्य में सुधार, बीमारी में कमी

जल जीवन मिशन के लागू होने के बाद लखापाल में सिर्फ पानी की सुविधा नहीं आई, बल्कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बड़ा परिवर्तन देखने को मिला। अब जलजनित बीमारियों में कमी आई है और स्वच्छ पेयजल के कारण ग्रामीणों की जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव आया है।

लखापाल में अब घर-घर बह रहा अमृत की धार

जिला मुख्यालय सुकमा से लगभग 88 किलोमीटर दूर स्थित लखापाल गांव लंबे समय तक नक्सल समस्या और पेयजल संकट की दोहरी मार झेलता रहा। गांव के 117 परिवार पानी के लिए बोरिंग, कुएं और एक छोटे नाले पर निर्भर थे। गर्मी के दिनों में जलस्तर इतना नीचे चला जाता था कि ग्रामीणों को बूंद-बूंद पानी के लिए संघर्ष करना पड़ता था। महिलाओं और बच्चों को कई बार दूर-दराज से पानी लाना पड़ता था। समय और मेहनत के साथ-साथ बीमारियों का खतरा भी लगातार बना रहता था।

चार आईपीएस ट्रेनिंग के लिए जाएंगे हैदराबाद, प्रभारी एसपी की नियुक्ति

■ मनीषा ठाकुर संभालेंगी रायपुर की कमान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के डीजीपी अरुण देव गौतम ने 4 जिलों में प्रभारी एसपी की नियुक्ति की है। इन जिलों के एसपी के इंडक्शन ट्रेनिंग पर जाने के कारण यह व्यवस्था की गई है। प्रभारी एसपी की नियुक्ति का आदेश पुलिस मुख्यालय से जारी किया गया है।

पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ कैडर के 4 आईपीएस अधिकारी श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा, पंकज चंद्रा, वेदव्रत सिरमौर और विजय पांडेय को इंडक्शन ट्रेनिंग के लिए चुना गया है। आईपीएस श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा रायपुर ग्रामीण में, विजय पांडेय जांजगीर-चांपा, पंकज चंद्रा कोंडागांव, वेदव्रत सिरमौर गरियाबंद के पुलिस अधीक्षक हैं। यह उच्च स्तरीय प्रशिक्षण हैदराबाद स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल नेशनल पुलिस अकादमी में आयोजित किया जाएगा। ट्रेनिंग का शेड्यूल 6 अप्रैल से शुरू ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सुविचार

जिंदगी चाहे एक दिन की हो या चार दिन की उसे ऐसी मस्ती के साथ जीना चाहिए मानो जिंदगी तुम्हे नहीं मिली है तुम जिंदगी को मिलो हो।

विशेष सत्र को लेकर राजनीति अनुचित

संसद के बजट सत्र का दूसरा भाग भी खत्म हो गया किन्तु इस सत्र में महिला आरक्षण विधेयक को लेकर चर्चा नहीं हो पाई न ही नारी वंदन संसोधन विधेयक सदन के पटल पर रखा जा सका। हालांकि केन्द्र सरकार ने पहले यही तय किया था कि बजट सत्र के दूसरे भाग में ही महिला आरक्षण संसोधन विधेयक पर संसद के दोनों सदनों में चर्चा हो जाये और यह विधेयक पारित कर दिया जाये किन्तु इस सत्र का अधिकांश समय हंगामों की भेंट चढ़कर रह गया। इसलिए अब सरकार महिला आरक्षण संसोधन विधेयक पर चर्चा करने के लिए ससंसद का विशेष सत्र बुलाने पर विचार कर रही है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने इस बात के संकेत देते हुए कहा है कि संसद के विशेष सत्र में सरकार एक महत्वपूर्ण विधेयक लाएगी किन्तु विपक्ष ने संसद के विशेष सत्र को लेकर राजनीति शुरू कर दी है। राज्यसभा में कांग्रेस के नेता मल्लिाकार्जुन खड़गे ने कहा है कि सरकार बंगाल असम और तमिलनाडू तथा केरल के विधानसभा चुनाव को मद्देनजर रखकर संसद का यह विशेष सत्र आनन फानन में इसलिए बुला रही है ताकि वह इसका चुनावी लाभ उठा सके। खडगे के मुताबिक कांग्रेस महिला आरक्षण विधेयक के पक्ष में है और महिला आरक्षण संसोधन विधेयक संसद में रखा जाना चाहिए और इस पर विस्तृत चर्चा करके इसे पारित किया जाना चाहिए। लेकिन इसके लिए संसद का विशेष सत्र तत्काल बुलाना उचित नहीं है क्योंकि सरकार इस मुद्दे का चुनावी लाभ उठाना चाहती है। कांग्रेस के ही नेता जयराम रमेश ने भी इस पर आपत्ति जताई है और उन्होंने तर्क दिया है कि कुछ राज्यों के विधानसभा चुनाव को लेकर वहां आदर्श चुनाव आचार सहिंता लागू की गई है। ऐसे में महिला आरक्षण विधेयक पर विचार विमर्श के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाना आचार सहिंता का भी उल्लंघन है और इससे यह भी स्पष्ट हो गया है कि सरकार इस विधेयक को पारित करा कर उन राज्यों की महिलाओं का वोट हासिल करना चाहती है उन्होंने मांग की है कि इसके लिए चुनाव निपटने के बाद 29 अपैल के बाद कभी भी संसद का विशेष सत्र बुला सकती है। विपक्ष के इन आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए संसदीस कार्य मंत्री किरेन रिंजिजू ने कहा है कि संसद का विशेष सत्र कब और कैसे बुलाना है यह सरकार पर निर्भर करता है। सरकार महिलाओं को जल्द से जल्द 33 प्रतिशत आरक्षण देने के पक्ष में है इसलिए यह विशेष सत्र आहुत किया जा रहा है। विपक्ष को इस पर बेवजह की राजनीति नहीं करनी चाहिए। उन्हें ये समझ नहीं आ रहा है कि कांग्रेस को आखिर इस पर आपत्ति क्या है। अभी तो कांग्रेस ने ही इस पर ऐतेराज जताया है अब बहुत जल्द अन्य विपक्षी पार्टियां भी इस पर आपत्ति उठाएंगी जबकि इस पर राजनीति करना कतई उचित नहीं है।

बस्तर में फोर्स की तैनाती निहायत जरूरी

केन्द्र और राज्य सरकार ने निधारित डेडलाइन 31 मार्च 2026 को छत्तीसगढ़ के आदिवासी बहुल बस्तर क्षेत्र से नक्सली आतंक का खात्मा कर दिया है जो की एक बड़ी उपलब्धि हैं। जाहिर है डबल इंजन की सरकार ने दशकों पुराने नासूर का निर्धारित समय सीमा के भीतर समुचित उपचार कर दिया है और सरकार की यह कामयाबी विपक्ष को पच नहीं पा रही है। तभी तो पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस पर बयान दिया था कि यदि सरकार का यह दावा सही है कि बस्तर से लाल आतंक खत्म हो गया है तो वहां से केन्द्रीय सुरक्षाबलों को हटा देना चाहिए और बस्तर प्रवास पर जाने वाले केन्द्रीय मंत्री अमित शाह तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित अन्य मंत्रियों को अब बस्तर हवाई जहाज या हेलीकॉप्टर से नहीं बल्कि सड़क मार्ग से जाना चाहिए। यह तो वही बचकानी बात हुई की किसी गंभीर रोग से ग्रसित मरीज का आपरेशन होते ही मरीज को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया जाये। इस बारे में दैनिक नवप्रदेश ने इसी स्थान पर अपनी संपादकीय टिप्पणी में दो दिन पहले ही यह लिखा था कि बस्तर के नक्सली हिंसामुक्त होने के बाद भी वहां तैनात फोर्स को और कुछ समय के लिए वहां तैनात रखना चाहिए क्योंकि बस्तर में अभी हालात को समान्य होने में समय लगेगा। बहरहाल यह संतोष की बात है की सरकार ने और कुछ महीनों तक बस्तर में तैनात सुरक्षाबलों को यथावत रखने का फैसला किया है। बाद में धीरे धीरे वहां से फोर्स को हटाया जाना उचित होगा।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू ऋतेश्वर

- सारा आनंद तुम्हारे भीतर भरा है इसलिए सब कुछ तुम्हें आनंदमय प्रतीत होता है।
- जीवन में दुनिया की बातों का असर जिसके ऊपर ज्यादा होता है वो कभी सुखी नहीं रहता, हमेशा दु:खी ही होता है।
- तुम्हारा मन जहाँ ज्यादा लगे और समय का पता न चले, समझ लेना कि तुम्हारा प्रेम वही है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली वार्ता। 1905 कांगड़ा घाटी में आए भूकंप में 20,000 लोगों की जाने गई थी। 1949 उत्तरी अटलांटिक सैन्य संगठन की स्थापना हुई जो शीतयुद्ध के शुरुआती दौर का नतीजा थी। 1979 पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिक्कार अली भुट्टो को फ़ाँसी। 1994 तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा द्वारा तिब्बती बालक उग्येन थिनली दोरजी को नये कर्मापा के रूप में घोषणा। 1997 क्रयशक्ति की क्षमता की दृष्टि से विश्व बैंक ने भारत को विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश घोषित किया। 2001 चीन का अमेरिका विमान व चालक दल लौटाने से इन्कार, फिलीपींस के पूर्व राष्ट्रपति एरुत्रादा के ख़िलाफ़आरोप पत्र दाखिल। 2004 भारत-नेपाल की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर माओवादियों ने 18 भारतीय तेल टैंकरों में आग लगाई। 2006 ईराक के अपदस्थ राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन पर नये आरोप लगे। 2008 दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री मदन लाल खुराना ने भाजपा सदस्यता स्वीकार किया। पाकिस्तान की नई सरकार ने सेना के खुफ्यिा प्रमुख के पद से मेजर जनरल नदीम को हटाया।

छत्तीसगढ़ अब आसानी से बनेगा विकसित छत्तीसगढ़

बृजमोहन अग्रवाल, सांसद

छह दशकों तक भारत की आंतरिक सुरक्षा, लोकतांत्रिक व्यवस्था और विकास यात्रा को चुनौती देता रहा नक्सलवाद आज अपने निर्णायक अवसान की अवस्था में पहुँच चुका है। यह केवल एक सुरक्षा सफलता नहीं, बल्कि उस राष्ट्रीय संकल्प की विजय है, जिसमें स्पष्ट नीति, अटूट राजनीतिक इच्छाशक्ति और केंद्र-राज्य के अभूतपूर्व समन्वय ने मिलकर एक जटिल और दीर्घकालिक समस्या का समाधान किया है। नक्सलवाद का यह अवसान इस सत्य को पुन: स्थापित करता है कि भारत में बंदूक की शक्ति अंतत: लोकतंत्र की सामूहिक शक्ति के आगे टिक नहीं सकती। यह परिवर्तन अचानक नहीं आया—इसके पीछे दशकों का संघर्ष, अनगिनत बलिदान और एक ऐसी रणनीतिक निरंतरता रही है, जिसने अंतत: इस चुनौती को निर्णायक रूप से परास्त किया।

इस ऐतिहासिक क्षण पर मैं उन सभी वीर जवानों को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूँ—केंद्रीय अर्धसैनिक बलों, कोबरा कमांडो, छत्तीसगढ़ पुलिस और स्थानीय सुरक्षाबलों के उन रणबाँकुरों को—जिन्होंने अपने सर्वोच्च बलिदान से इस संघर्ष को निर्णायक मुकाम तक पहुँचाया। यह विजय उनके अदम्य साहस और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण की अमिट गाथा है।

नक्सलबाड़ी से रेड कॉरिडोर तक: एक वैचारिक आंदोलन का हिंसक विस्तार: भारत में नक्सलवाद का उदय वर्ष 1967 में पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी से हुआ, जिसकी वैचारिक जड़ें तत्कालीन सोवियत संघ और चीन की उग्र वामपंथी विचारधारा में थीं। अपनी विकास विरोधी छवि के कारण जब बंगाल में इस विचारधारा के प्रति विरोध पनपने लगा तो अपने विस्तार के लिए नक्सलवाद ने ÷सॉफ्ट टारगेट्स÷ की तलाश शुरू की—ऐसे क्षेत्र जहाँ शासन की पहुँच सीमित हो, सामाजिक-आर्थिक चुनौतियाँ अधिक हों और जनजागरूकता कम हो। देश के वनांचल, आदिवासी और खनिज संपदा से समृद्ध क्षेत्र इस दृष्टि से सबसे आसान लक्ष्य थे। नक्सलवाद विस्तार की इसी रणनीति के तहत तथाकथित ÷रेड कॉरिडोर÷ विकसित हुआ, जो तिरुपति से पशुपति तक फैले विशाल भूभाग में फैल गया। तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, झारखंड, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों से घिरा छत्तीसगढ़, जिसका लगभग 42 प्रतिशत क्षेत्र वनाच्छादित है, इस रेड कॉरिडोर का रणनीतिक केंद्र बन गया। पड़ोसी राज्यों से अपनी गतिविधियाँ सीमित रखने का अघोषित समझौता कर नक्सली अबूझमाड़ क्षेत्र में संगठित होते चले गए। अपनी दुर्गम भौगोलिक स्थिति के कारण दशकों तक प्रशासनिक सर्वेक्षण से दूर रहा अबूझमाड़ नक्सलियों का सुरक्षित शेल्टर बन गया।

विचारधारा से विचलन: माओवाद से मनीवाद तक

समय के साथ नक्सलवाद ने अपनी मूल वैचारिक पहचान खो दी और एक हिंसक आर्थिक उगाही तंत्र में परिवर्तित हो गया। बस्तर और सरगुजा जैसे वनाच्छादित जनजातीय क्षेत्रों में नक्सलियों ने समानांतर सत्ता संरचना स्थापित कर दी, जहाँ तथाकथित ÷जन अदालतों÷ के माध्यम से भय आधारित नियंत्रण कायम किया गया।

छत्तीसगढ़ के खनिज सम्पन्न क्षेत्रों की खदानें, विद्युत परियोजनाएँ, तेंदूपत्ता व्यापार—सभी उनके लिए उगाही के स्रोत बन गए। सरकारी कर्मचारियों, व्यापारियों, ठेकेदारों और यहाँ तक कि पुलिस बलों से भी जबरन वसूली की जाने लगी । यह उगाही धीरे-धीरे इतनी बढ़ी कि छत्तीसगढ़ में इसका वार्षिक आंकड़ा हजारों करोड़ रुपये तक पहुँचने की चर्चा होने लगी। सोवियत संघ के विघटन के बाद रूस में यह विचारधारा समाप्त हो गई। चीन ने भी माओवाद की सशस्त्र संरचना को छोड़कर आर्थिक सुधारों पर आधारित पूंजीवादी कम्युनिज्म मॉडल को अपना लिया, लेकिन भारत में नक्सलवाद अपने मूल उद्देश्यों से भटककर लेवी वसूली और हिंसा फैलाने का टूल बन गया। नक्सलवाद के झंडाबरदारों ने विचारधारा को त्यागकर इसे अपने आर्थिक हितों की पूर्ति और आतंक फैलाने का साधन बना लिया।

नक्सलवाद के वैचारिक समर्थन की राजनीतिक पृष्ठभूमि

दुर्भाग्य से, कांग्रेस-नीत सरकारों के लंबे शासनकाल में नक्सलवाद के प्रति स्पष्ट और कठोर नीति का अभाव रहा क्योंकि उस दौर में केंद्र और कई राज्यों में भी वामपंथी पार्टियां कांग्रेस के सहयोगी की भूमिका में थीं। सत्ता के लिए वामपंथ के साथ कांग्रेस की राजनीतिक निकटता का परिणाम यह हुआ कि नक्सलवाद पर निर्णायक प्रहार करने की बजाय इसे सामाजिक-आर्थिक संघर्ष के रूप में प्रस्तुत कर वैधता प्रदान करने की नीति हावी हो गई। उस दौर में प्रशासनिक तंत्र के भीतर भी यह वैचारिक भ्रम दिखाई देता था। नक्सलवाद को सामाजिक समता पाने का वर्ग संघर्ष ठहराने के दृष्टिकोण से प्रशिक्षित किए गए आईएएस और आईपीएस अधिकारियों की नीतियाँ भी नक्सलवाद के विरुद्ध कठोर होने के बजाय सहानुभूतिपूर्ण हो गई थीं। इस ढुलमुल नीति का परिणाम यह हुआ कि नक्सलवाद देश के 12 राज्यों के लगभग 180 जिलों में फैल गया और छत्तीसगढ़ के गठन के बाद से ही प्रदेश के समग्र विकास की राह में सबसे बड़ा रोड़ा बन गया।

राष्ट्रीय चेतना का उदय: मेरे प्रारंभिक अनुभव

छात्र जीवन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े रहते हुए मुझे बस्तर क्षेत्र में काम करने का अवसर मिला जहां नक्सलवाद रूपी दैत्य से मेरा प्रथम साक्षात्कार हुआ और यह आभास भी हुआ कि दंडकारण्य में इस दैत्य का दमन केवल हथियारों से नहीं किया जा सकता।नक्सलवाद के विरुद्ध संघर्ष की भूमि तैयार करने के लिए इस क्षेत्र में वैचारिक जनजागरण की नितांत आवश्यकता थी और इसलिए जनजातीय समाज के बीच राष्ट्रीयता का अलख जगाने के प्रकल्प में मैंने भी अपनी भागीदारी निभाई। 1990 के दशक में स्वर्गीय सुंदरलाल पटवा जी के नेतृत्व में रायपुर के पुराने कमिश्नर कार्यालय के बीटीआई कम्युनिटी परिसर में आयोजित बैठक में पहली बार यह निर्णय लिया गया कि नक्सलवाद के विरुद्ध संघर्ष को राष्ट्रीयता के व्यापक संदर्भ में लड़ा जाएगा। यही वह निर्णायक मोड़ था जब नक्सलवाद की समस्या को केवल कानून-व्यवस्था के दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि राष्ट्र की एकता और अखंडता के परिप्रेक्ष्य में देखा गया।

जब हुई छत्तीसगढ़ विधानसभा की गोपनीय बैठक

वर्ष 2003 से 2006 के बीच, जब मुझे मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह जी की सरकार में छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री के रूप में कार्य करने का उत्तरदायित्व मिला, तब प्रदेश में पहली बार नक्सलवाद के विरुद्ध एक ठोस, नीतिगत और समन्वित अभियान प्रारंभ किया गया। ÷ज्वाइंट एफर्ट, ज्वाइंट कमांड और ज्वाइंट पॉलिसी÷ के सिद्धांत पर केंद्र और राज्य के बीच समन्वय स्थापित करने के प्रयास किए गए।

तात्कालीन केंद्रीय गृहमंत्री शिवराज पाटील जी के साथ इस विषय पर मेरी कई गंभीर और विस्तृत मंत्रणाएँ हुई थीं।

देशभक्ति की आवाज थे माखनलाल चतुर्वेदी

महेन्द्र तिवारी

भारतीय साहित्य के आकाश में माखनलाल चतुर्वेदी एक ऐसे देदीप्यमान नक्षत्र हैं, जिनकी आभा ने न केवल हिंदी काव्य जगत को आलोकित किया, बल्कि स्वाधीनता संग्राम की वेदी पर अपनी लेखनी को समिधा बनाकर अर्पित कर दिया। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व राष्ट्रीयता, त्याग और अदम्य साहस का एक अनूठा संगम है, जिसने गुलामी की जंजीरों में जकड़े भारत की सोई हुई चेतना को झकझोरने का ऐतिहासिक कार्य किया। 4 अप्रैल 1889 को मध्य प्रदेश के होशंगाबाद जिले के बाबई गाँव में जन्मे माखनलाल जी का जीवन संघर्षों की एक ऐसी गाथा है, जहाँ शब्द केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं थे, बल्कि वे शत्रु के विरुद्ध एक सशक्त अस्त्र बनकर उभरे। उनके भीतर देशभक्ति की लौ बचपन से ही प्रज्वलित थी, जो समय के साथ एक प्रचंड अग्नि में परिवर्तित हो गई। मात्र सोलह वर्ष की कोमल आयु में उन्होंने शिक्षक के रूप में अपनी जीविका प्रारंभ की, किंतु उनके भीतर का क्रांतिकारी मन कक्षाओं की चारदीवारी में अधिक समय तक नहीं टिक सका। उनके समय का भारत पराधीनता के काले बादलों से घिरा था और एक संवेदनशील कवि हृदय के लिए यह असह्य था कि वह केवल श्रृंगारिक या पारंपरिक कविताएँ लिखकर संतुष्ट हो जाए। यही वह समय था जब उन्होंने पत्रकारिता को अपने विचारों का वाहक बनाया और 'प्रभा', 'प्रताप' तथा विशेष रूप से 'कर्मवीर' के माध्यम से ब्रिटिश हुकूमत की चूलें हिला दीं। माखनलाल चतुर्वेदी जी को 'एक भारतीय आत्मा' के उपनाम से जाना जाता है और यह संज्ञा उनके व्यक्तित्व पर पूर्णत: खरी उतरती है क्योंकि उनके काव्य का कण-कण भारतीय मिट्टी की सोंधी सुगंध और यहाँ के जन-मानस की पीड़ा से ओतप्रोत है। उनकी पत्रकारिता कोई साधारण पेशा नहीं थी, बल्कि वह एक 'मिशन' था। उन्होंने गणेश शंकर विद्यार्थी जैसे महान क्रांतिकारियों के सानिध्य में अपनी लेखनी को पैना किया। जब उन्होंने 'कर्मवीर' का संपादन संभाला, तो उनके संपादकीय लेख अंग्रेजों की दमनकारी नीतियों पर तीखे प्रहार करते थे। इसी का परिणाम था कि उन्हें अनेक बार जेल की कालकोठरी में दिन बिताने पड़े, परंतु जेल की उन सीलन भरी दीवारों ने उनके उत्साह को कम करने के बजाय और अधिक प्रखर बना दिया। जेल में बिताए गए उन कठिन क्षणों ने ही हिंदी साहित्य को वह अमर कृतियाँ दीं जो आज भी हमारे राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक हैं।

उनकी एक अत्यंत प्रसिद्ध रचना 'कैदी और कोकिला' उस समय की जेल की यंत्रणाओं और स्वाधीनता की तड़प का सजीव चित्रण करती है। उन्होंने कोयल को संबोधित करते हुए लिखा था कि "क्या देख न सकती जंजीरों का गहना? हथकड़ियाँ क्यों? यह ब्रिटिश राज का गहना, कोल्हू का चर्रक चूँ– जीवन की तान, गिट्टी पर अंगुलियों ने लिखे गान!" ये पंक्तियाँ यह स्पष्ट करती हैं कि एक सच्चे देशभक्त के लिए बेड़ियाँ भी आभूषण के समान होती हैं यदि वे मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए पहनी गई हों। चतुर्वेदी जी की कविताओं में छायावाद की सूक्ष्मता और रहस्यवाद की गहराई तो है ही, किंतु उनका मूल स्वर सदैव ओज और राष्ट्रप्रेम का रहा। उनकी सबसे कालजयी और लोकप्रिय रचना 'पुष्प की अभिलाषा' को माना जाता है, जो आज भी भारत के हर विद्यालय और सैन्य छावनी में प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है। इस कविता में उन्होंने एक तुच्छ फूल के माध्यम से आत्मोत्सर्ग की जो भावना व्यक्त की, वह अद्वितीय है। फूल किसी वनमाली से कहता है कि

"चाह नहीं मैं सुरबाला के गहनों में गूँथा जाऊँ,
चाह नहीं प्रेमी-माला में बिंध प्यारी को ललचाऊँ,
चाह नहीं सम्राटों के शव पर हे हरि डाला जाऊँ,
चाह नहीं देवों के सिर पर चढ़ूँ भाग्य पर इठलाऊँ।
मुझे तोड़ लेना वनमाली, उस पथ पर देना तुम फेंक,
मातृभूमि पर शीश चढ़ाने जिस पथ जावें वीर अनेक।"

इन पंक्तियों में निहित त्याग की पराकाष्ठा पाठक के भीतर एक बिजली जैसी कौंध उत्पन्न कर देती है। यहाँ फूल न तो सुंदरता का प्रतीक है और न ही विलासिता का, बल्कि वह देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले गुमनाम शहीदों के सम्मान में स्वयं को समर्पित करने की कामना करता है। यह कविता उस कालखंड में भारतीय युवाओं के लिए मंत्र बन गई थी। माखनलाल जी का राष्ट्रप्रेम केवल राजनीतिक स्वतंत्रता तक सीमित नहीं था, बल्कि वे एक ऐसे समाज का स्वप्न देखते थे जहाँ मानवता सर्वोपरि हो। उनकी कविताओं में प्रकृति का मानवीकरण बहुत सुंदर ढंग से मिलता है। वे पहाड़ों, नदियों और बादलों को भी देशभक्ति के प्रतीकों के रूप में प्रस्तुत करते थे। उनकी एक और महत्वपूर्ण कृति 'हिम तरंगिणी' है, जिस पर उन्हें 1955 में हिंदी साहित्य का पहला साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ। उनकी काव्य शैली में शब्दों का चयन अत्यंत प्रभावशाली होता था, जहाँ 'ओज' और 'करुणा' का ऐसा संगम मिलता है जो विरल है। वे मानते थे कि साहित्यकार का धर्म केवल कला की साधना नहीं, बल्कि युग की पुकार को सुनना और उसे

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कांग्रेस के नेतृत्व का कथन है कि वर्तमान सरकार कांग्रेस सरकार से ज्यादा भ्रष्ट हैं। यानी वे स्वीकार करते हैं कि कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त थी। अदालतों के द्वार तब भी खुले थे अब भी खुले हैं वर्तमान सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार के मुकदमे दर्ज करवाओ न यदि यह सरकार भ्रष्ट हैं। केवल जबानी जमा खर्च करना है जिसमें सत्य सामने ला ही दिया कि कांग्रेस सरकार भ्रष्ट थी। खुद नेतृत्व की स्वीकारोक्ति है।

– नवीन शंकर शर्मा

सूरज की किरणें पड़ी आँगन मे मन मे कोई प्रकाश न था। चिड़ियों का कोलाहल है मुझमें वो उल्लास न था। दिन चढा देहरी पर लेकिन वह मधुमास न था। हर आहट पर व्याकुल है मन शायद कोई श्वास न था। ये दिन भी। डूबा यूं ही ये कोई परिहास न था।

– नम्रता सरन सोना

फिर वही दिन है नया क्या है रात ने तुमसे कहा क्या है कुछ नया सा क्यूं नहीं लगता ज़िन्दगी ये माजरा क्या है गर मुहब्बत ही नहीं है तो ज़िन्दगी में फिर बचा क्या है नफ़रतों से दिल नहीं दुखता क्यूं दुखी हो फिर दुखा क्या है पार दरियाओं को कर आया मुझसे पूछो हौसला क्या है।

– मित्र ग़ाज़ियाबादी

मंडराती थी पुष्प पर, झुका झुका कर गोड़। शहद कुमारी चीख अब , करती भंडा फोड़। करती भंडाफोड़, पुष्प ने सबको लूटा। है ये धोखेबाज, जमाने भर का झूठा ।। अब सब रहना दूर, कहे फिरती इतराती। पढ़े कसीदे खूब, शान से तब मंडराती।। **– रजनी रामदेव**

एक व्यक्ति ने करोड़ो खर्च कर घर बनवाया, काफी खुश हुआ लेकिन उसकी यह खुशी कुछ दिनों की मेहमान निकली। क्यों ? क्योंकि, उसका घर अब आउटडेटेड हो गया, अब घर की डिज़ाइन का नया ट्रेंड आ गया। कुछ ही दिनों में ट्रेंड बदल गया। अब वह मायूस रहने लगा। करोड़ो खर्चने के बाद भी वह खुश नहीं था। ये ट्रेंड भी न लोगों को जीने नहीं देता।

– प्रियंका प्रियदर्शनी

थक गई है यात्राएं और थक गए है रास्ते कुछ कदम शेष छोड़ कर यात्राओं ने अपने अब तक की यात्रा में हर बार रेगिस्तान को ही पार किया और... और रास्तों ने पतझड़ से ही मेल किया ये उस मेल का ही परिणाम था जो तृष्णा का जन्म हुआ और अतृप्त मन के बोझ तले कुछ कदम शेष छोड़ कर थक गई यात्राएं शायद !!

– नमन कुमार मिश्रा

ज़ुल्म का सर चढ़ा ज़माने से, आंसू बहता नहीं बहाने से। आशिक़ी के पहाड़ गडढे भरे, लोग डरते हैं उसमें जाने से। हों सफल रंगदार अक्सर ही, ख़ौफ़की आंधियां चलाने से। रात जब हमने छोड़ा मोबाइल, बच गये हम फ़रेब खाने से। जो न रख पाते काम पे फोकस, चूक जाते हैं वो निशाने से। इश्क़ का मर्म होता गो नाज़ुक, प्यार दबता नहीं दबाने से। दानी परिवार कैसे चलता है, पूछना तुम किसी सयाने से।

– डॉ संजय दानी

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष: आज का दिन भी आपके लिये शुभ बना हुआ है लेकिन आलस्य भी आज काम के समय ही आएगा जिससे दिन की समाप्ति पर मन ही मन खेद होगा।

वृष: आज का दिन आपके लिये भाग दौड़ वाला रहेगा व्यावसायिक कार्यो के साथ आज सुख सुविधा जुटाने के लिये भी दौड़ धूप करनी पड़ेगा कार्य क्षेत्र पर नई मशीनरी अथवा अन्य कारणों से धन का निवेश होगा।

मिथुन: आज के दिन आप बोलचाल में आगे रहेंगे जहां नही बोलना वहां भी जबरदस्ती अपना विचार रखने से स्वयजनो की फटकार सुननी पड़ेगी।

कर्क: आज का दिन भी बचते बचते कलह की भेंट चढ़ेगा आज स्वभाव कल की तुलना में थोड़ा नरम रहेगा लेकिन आस पास का वातावरण ना चाहने पर भी क्रोध करने को विवश करेगा।

सिंह: आज का दिन धन लाभ वाला है दिन के पूर्वार्ध से ही धन लाभ की संभावनाए बनेगी व्यवसायियों को दिन भर थोड़ी थोड़ी होती रहेगी लेकिन आशाजनक टलते टलते संध्या तक ही हो सकेगी।

कन्या: आज का दिन आपके लिए मध्यम फलदायी रहेगा। दिन के आरंभ से ही मन मे बड़ी बड़ी योजनाएं चलेंगी लेकिन इनको साकर रूप देने में कोई ना कोई अभाव आड़े आएगा।

तुला: आज के दिन आपके अंदर भावुकता हद से ज्यादा रहेगी आपके विचार जल्दी से किसी से मेल नही खाएंगे खास कर परिजन से बात बात पर विरोध का सामना करना पड़ेगा।

वृश्चिक: आज का दिन भी आपके लिये हानिकर रहेगा जो सोचेंगे उसके विपरीत कार्य होने से मन मे नकारात्मक भाव बनेंगे। व्यवसायी वर्ग आज कार्य क्षेत्र पर अधिक चौकस रहे चोरी अथवा अन्य कारणों से आर्थिक क्षति होने की प्रबल संभावना है।

धनु: आज का दिन व्यस्तता से भरा रहेगा सामाजिक अथवा अन्य कार्यो से यात्रा करनी पड़ेगी पूर्वनिर्धारित योजनाएं इस कारण प्रभावित होंगी।

मकर: आज के दिन आप कई दिनों की मेहनत का फल सफलता के रूप में मिलने से उत्साहित रहेंगे लेकिन ध्यान रहे आज आपके मार्ग में अड़चनें डालने वाले प्रसंग भी बनेंगे सार्वजनिक क्षेत्र पर लोग आपसे ईर्ष्या भाव भी रखेंगे।

कुंभ: आज के दिन आप को बेमतलब की राय देने वाले बहुत मिलेंगे सही दिशा में जा रहे कार्य भ्रमित होने के कारण गलत मार्ग ले लेंगे। व्यवसायीयो की कार्य क्षेत्र पर आज आपकी मर्जी नही चल पाएगी परिजन अथवा सहकर्मी के अनुसार ही कार्य करना पड़ेगा।

मीन: आज का दिन सेहत के दृष्टिकोण से ठीक नही है आज भी प्रात: काल से ही शारीरिक रूप से असमर्थ रहेंगे लेकिन कार्यव्यस्तता के चलते अनदेखी करेंगे।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) राजस्थान में शौर्य वन का उद्घाटन कहाँ हुआ था?

2) किस राज्य सरकार को शासन आपल्या दारी पहल के लिए प्रतिष्ठित स्कॉच पुरस्कार मिला?

3) समाचारों में देखी गई पेरिंगम्मला पंचायत किस राज्य में स्थित है?

4) जूपिटर मनी को प्रीपेड वॉलेट बिजनेस शुरू करने के लिए किससे मंजूरी मिली है?

5) हाल ही में समाचारों में चर्चा में रही 'पनामा रोग' मुख्य रूप से किस फसल को प्रभावित करता है?

उत्तरमाला- (1) जैसलमेर (2) महाराष्ट्र (3) केरल (4) आरबीआई (5) केला फसल

पहेली

शब्द सामर्थ्य - 362

बड़ी उपलब्धि: 32058 वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं से होगा दुर्ग जिले में जल संरक्षण

■ मोर गांव मोर पानी महाभियान बना जन आंदोलन

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर जिले में जल संरक्षण की दिशा में संचालित मोर गांव मोर पानी महाभियान ने जन आंदोलन का रूप ले लिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत निर्मित आवासों में मात्र 15 दिनों के भीतर 32 हजार 58 रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का निर्माण पूर्ण कर दुर्ग जिले ने जल संरक्षण के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व कीर्तिमान स्थापित किया है। इस अभियान के माध्यम से भूजल स्तर सुधारने की दिशा में बड़ी पहल की गई है।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग दुबे के नेतृत्व में संचालित इस अभियान के अंतर्गत एकेच गोठ, एकेच बानी, बूंद-बूंद बचाबो पानी 2.0 अभियान की शुरुआत 13 मार्च 2025 को की गई थी। अभियान के प्रथम चरण में प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों के घरों में मात्र दो घंटे के भीतर 1764 सोक पिट का निर्माण कर गोल्डन बुक में नाम दर्ज कराया गया।

द्वितीय चरण में 8 दिसम्बर को 12 हजार 418 सोक पिट का निर्माण किया गया, जिससे कुल 14 हजार 182 सोक पिट का निर्माण स्वप्रेरणा से किया गया।

मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत 23 हजार 889 कंटूर ट्रेंच और वाटर एब्जॉर्शन ट्रेंच का निर्माण भी पूर्ण किया गया। मनरेगा के माध्यम से जल संचय कार्यों में जनभागीदारी सुनिश्चित करते हुए अब तक 32 हजार 58 संरचनाओं की एंट्री पोर्टल पर की जा चुकी है।

इस अभियान में ग्रामीणों ने स्वयं आगे बढ़कर श्रमदान किया, जिससे यह अभियान जन आंदोलन के रूप में स्थापित हुआ है। प्रत्येक प्रधानमंत्री आवास में निर्मित रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं से न केवल वर्तमान की जल आवश्यकताओं की पूर्ति होगी, बल्कि भविष्य के लिए भी जल सुरक्षा सुनिश्चित होगी। अभियान के तहत विभिन्न जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण किया गया है, जिसमें कम खर्च वाले 24 कार्य, 15 बोरवेल रिचार्ज, 3 चेकडेम, 5875 कंटूर ट्रेंच, 7 गली प्लग, 3 नाला बंड, 18 ओपन वेल रिचार्ज (डगवेल), 7 परक्यूलेशन तालाब, 537 रिचार्ज पिट, 5 रिचार्ज शाफ्ट, 817 रूफ्टॉप वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर, 6676 सोक पिट, 9 टैंक, 48 विलेज पॉण्ड और 18014 वाटर एब्जॉर्प्शन ट्रेंच कार्य शामिल हैं।

इन संरचनाओं के माध्यम से वर्षा जल का संरक्षण कर भूजल स्तर में सुधार और स्थायी जल प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा। जिला प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने घरों और गांवों में अधिक से अधिक जल संरक्षण संरचनाएं बनाकर इस महाभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं, जिससे हर घर जल संचय के लक्ष्य को साकार किया जा सके।

न्यूज गैलरी

संयंत्र के एलडीसीपी आरएमपी-2 विभाग में स्वच्छता पखवाड़ा

भिलाई। सेल-हीएसपी के एल.डी.सी.पी. आर.एम.पी. 2 विभाग में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यस्थल पर स्वच्छता, अनुशासन एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने आयोजित कार्यक्रम में महाप्रबंधक आरएमपी 2 वीके ओगले, महाप्रबंधक एमके संध, सहायक प्रबंधक अशोक डोंगरे, डीके सोनी सहित विभाग के अधिकारी, कर्मचारी व ठेका श्रमिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों द्वारा स्वच्छता के प्रति सामूहिक शपथ ली गई। एलडीसीपीआरएमपी 2 परिसर व उसके आसपास सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की गई। आयोजन को सफल बनाने में मानव संसाधन विभाग के उप प्रबंधक (मानव संसाधन स्टील जोन 2) सिकंदर इंदौरिया और अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी रविंद्र कुमार ठाकुर का विशेष योगदान रहा।

हनुमान जयंती पर महापौर ने शहर के विभिन्न मंदिरों में किए दर्शन

दुर्ग। हनुमान जयंती के अवसर पर दुर्ग की महापौर अलका बाघमार ने शहर के विभिन्न हनुमान मंदिरों में पहुंचकर भगवान हनुमान के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर, शेखर चंद्राकर, लोकेश्वरी ठाकुर मौजूद रहे। महापौर ने स्टील कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर, मालवीय नगर चौक, भाजपा कार्यालय स्थित हनुमान मंदिर, पंचशील नगर, राजेन्द्र पार्क परिसर और तमेर पारा स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर बजरंगबली का आशीर्वाद लिया। श्रद्धालुओं और शहरवासियों से आत्मीय मुलाकात कर हनुमान जयंती की शुभकामनाएं दीं। महापौर ने श्रद्धालुजनों को महाप्रसाद का वितरण भी किया। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि हनुमान जयंती का यह पावन पर्व हमें सेवा, समर्पण और शक्ति का संदेश देता है। भगवान हनुमान से उन्होंने प्रदेश व शहर की सुख-समृद्धि, शांति और निरंतर उन्नति की कामना की।

मेंटेनेंस कार्य के कारण आज दुर्ग में पानी सप्लाई पर असर

दुर्ग। विद्युत मेंटेनेंस कार्य के कारण आज शहर में दूसरी पाली की सप्लाई देरी या आंशिक परिवर्तन हो सकता है। दुर्ग सीएसईबी विभाग द्वारा 33 केवी शिवनाथ इंटकवेल फीडर में तकनीकी समस्या आने के कारण मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। एबी स्वीच के रेड हॉट होने के कारण संभावित खतरे को ध्यान में रखते हुए आवश्यक मेंटेनेंस कार्य करना अनिवार्य हो गया है। इसके कारण फीडर से जुड़ी विद्युत सप्लाई को सुबह 10:30 बजे से 11:30 बजे तक बंद रखा जाएगा। शटडाउन के कारण 11 एमएलडी, 42 एमएलडी और 24 एमएलडी क्षमता वाले फिल्टर प्लांट आंशिक रूप से प्रभावित होंगे। शाम को पानी सप्लाई में देरी हो सकती है। निगम प्रशासन ने नागरिकों को होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है।

आपत्ति-दावा के बाद अंतिम पात्र-अपात्र सूची का प्रकाशन

दुर्ग। प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान मोर आस के तहत दावा-आपत्ति प्रक्रिया के पूरी करते हुए पात्र/अपात्र हितग्राहियों की अंतिम सूची प्रकाशित कर दी गई है। सूची नगर निगम के मुख्य कार्यालय और डाटा सेंटर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा में नागरिकों के अवलोकन हेतु चस्पा की गई है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे प्रकाशित सूची का अवलोकन करें और योजना से संबंधित जानकारी के लिए निगम कार्यालय से संपर्क करें।

स्वास्थ्य सचिव का स्टाफ बताकर अस्पतालों से की रकम की डिमांड

दुर्ग। जिले में कई अस्पताल संचालकों को कार्रवाई की धमकी देकर डराते हुए पैसों की डिमांड की गई है। मोहन नगर थाना क्षेत्र के आर्य नगर स्थित गंगोत्री अस्पताल के संचालक डॉ. ओम प्रकाश कराड़े ने ऐसे ही एक मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डॉ. ओम प्रकाश कराड़े ने मोहन नगर थाने में लिखित आवेदन देकर बताया कि 17 मार्च को उन्हें एक कॉल आया जिसमें कॉल करने वाले व्यक्ति ने अपना नाम अजय अग्रवाल बताया और खुद को रायपुर स्थित स्वास्थ्य-परिवार कल्याण विभाग के सचिव के पर्सनल स्टाफ में पदस्थ अधिकारी बताया। अस्पताल में कथित अनियमितताओं का हवाला देकर मामले को खत्म कराने के नाम पर मानसिक दबाव बनाते हुए रकम की डिमांड की। शिकायत में कहा गया है कि कॉल करने वाले व्यक्ति ने उन्हें मंत्रालय बुलाया। जब डॉ. कराड़े मंत्रालय पहुंचे तो उन्हें अंदर जाने के लिए पास नहीं दिया गया। गेट के बाहर ही इंतजार कराया गया। बाद में वही व्यक्ति नीचे आकर उनसे मिला और अस्पताल में कथित गड़बड़ियों का हवाला देते हुए रकम देने के लिए दबाव बनाने लगा।

निधन : जसवंत सिंह

भिलाई। तालपुरी कालोनी (पारिजात 102/ जे) निवासी जसवंत सिंह (गोलू) 30 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को 11 बजे रामनगर मुक्तिधाम में होगा। वे स्व. हरजिंदर सिंह और लखविंदर कौर के पुत्र और जगतार सिंह (बंटी) के भाई थे।

निधन : अनसुइया पटेल

कुम्हारी। वार्ड 9 शिवनगर कुम्हारी निवासी अनुसुइया पटेल (उम्र 54 वर्ष) का आकस्मिक निधन हो गया। वे हेतराम पटेल की पत्नी व केशव पटेल की माँ थी। उनका अंतिम संस्कार खारून नदी के मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम संस्कार में पारिवारिक व वार्डवासी मौजूद थे।

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान जल्द आएंगे भिलाई

विधायक रिकेश ने वैशाली नगर में खाद्य प्रसंस्करण और विकास योजनाओं को लेकर विस्तार से की चर्चा

भिलाई नगर/नवप्रदेश। वैशाली नगर विधानसभा के विधायक रिकेश सेन ने नई दिल्ली में केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान से सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान विधायक सेन ने वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट साझा की और क्षेत्र के भविष्य के रोडमैप पर विस्तृत चर्चा की।

इस दौरान भिलाई और आसपास के क्षेत्रों में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने की मांग करते हुए विधायक रिकेश सेन ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य है और भिलाई जैसे शहरी व औद्योगिक केंद्र में फूड प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं के माध्यम से वैशाली नगर में लघु एवं मध्यम खाद्य उद्योगों को प्रोत्साहित करने का आग्रह किया।

भिलाई आने का दिया निमंत्रण

विधायक रिकेश सेन ने चिराग पासवान को युवा महोत्सव में भिलाई आने का औपचारिक निमंत्रण दिया। केंद्रीय मंत्री ने इस निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए कहा कि वे जल्द ही भिलाई का दौरा करेंगे और वहां के विकास कार्यों का प्रत्यक्ष अवलोकन कर स्थानीय उद्यमियों व जनता से संवाद करेंगे। विधायक रिकेश सेन ने मुलाकात को अत्यंत सफल बताते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के मार्गदर्शन में वैशाली नगर में खाद्य प्रसंस्करण से जुड़ी नई संभावनाओं पर काम किया जाएगा, जिससे हमारे क्षेत्र की आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी।

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने विधायक रिकेश सेन के सक्रिय नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान हुई मुलाकात और चुनाव के दौरान रिकेश सेन द्वारा निभाई गई भूमिका का स्मरण किया। पासवान ने कहा कि जिस ऊर्जा के साथ रिकेश सेन वैशाली नगर के विकास के लिए समर्पित हैं, वह प्रशंसनीय है।

उन्होंने आश्वस्त किया कि खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय छत्तीसगढ़ और विशेष रूप से भिलाई के विकास कार्यों में हर संभव तकनीकी और वित्तीय सहयोग प्रदान करेगा।

16 करोड़ से शहर की दो सड़कों का होगा चौड़ीकरण

■ मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के तहत राशि स्वीकृत, महापौर ने जताया शासन का आभार

दुर्ग/नवप्रदेश। महापौर अल्का बाघमार ने बताया कि 1 अप्रैल को छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सड़क चौड़ीकरण के दो बड़े कार्यों को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। दोनों कार्य मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट प्रावधान में शामिल हैं। इन कार्यों से शहर के यातायात और विकास को नई गति मिलेगी। उरला मुख्य मार्ग से प्रस्तावित एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) तक सड़क चौड़ीकरण कार्य के लिए कुल 2 करोड़ 97 लाख 4 हजार रुपये की स्वीकृति दी गई है। यह मार्ग शहर के महत्वपूर्ण हिस्सों को जोड़ता है, जिससे इस सड़क के चौड़ीकरण के बाद यातायात का दबाव कम होगा और आवागमन सुगम होगा। इसी तरह गुण्डरदेही रोड से गौठान, प्रधानमंत्री आवास (एएचपी) कॉलोनी, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय होते हुए पोटिया चौक तक सड़क चौड़ीकरण कार्य के लिए कुल 13 करोड़ 63 लाख 52 हजार रुपए की प्रशासकीय मंजूरी दी गई है। सड़क उन्नयन से बड़ी आबादी को सीधा लाभ मिलेगा। महापौर बाघमार ने बताया कि वित्त विभाग की सहमति के बाद दोनों परियोजनाओं को वित्त विभाग द्वारा 27 मार्च को सहमति दी गई थी। 1 अप्रैल को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अवर सचिव द्वारा औपचारिक आदेश जारी किया गया।

सड़क-नाली घेरकर कारोबार करने पर होगी सख्त कार्रवाई

■ निगम प्रशासन ने मुख्य बाजार में दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने कहा

दुर्ग/नवप्रदेश। निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर शहर के प्रमुख बाजारों में अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इंदिरा मार्केट, पटवा लाइन सहित अन्य प्रमुख बाजार क्षेत्रों में विशेष निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर कुमार के नेतृत्व में निगम की अतिक्रमण टीम ने बाजार का निरीक्षण किया। कई दुकानदार दुकान के बाहर नाली या सड़क पर अव्यवस्थित रूप से सामान रखकर कारोबार कर रहे हैं। इससे नागरिकों को आवागमन में परेशानी हो रही है। दुकानदारों को सख्त चेतावनी देते हुए निर्देशित किया कि वे दुकाव का सामान दुकानों के भीतर रखें और किसी भी सड़क, नाली या सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करें। दुकान के बाहर अनधिकृत रूप से साइन बोर्ड लगाने पर भी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। चेतावनी के बाद संबंधित दुकानदारों के सामान जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

बीएसपी की प्लेट मिल ने रचा उत्पादन का नया इतिहास

■ रिकॉर्ड प्रदर्शन से स्थापित किए नए मानक

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी की प्लेट मिल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियाँ हासिल की। वित्तीय वर्ष 2025-26 में उत्पादन, डिस्पैच और परिचालन दक्षता के विभिन्न प्रमुख मानकों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज कर प्लेट मिल ने संयंत्र की समग्र उत्पादन क्षमता को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वार्षिक प्रदर्शन के अंतर्गत प्लेट मिल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 6,37,118 टन का अब तक का सर्वाधिक

डायरेक्ट डिस्पैच हासिल किया, जो वित्तीय वर्ष 2022-23 के 5,97,455 टन के पिछले रिकॉर्ड को पार करता है। यह उपलब्धि परिचालन उत्कृष्टता, प्रभावी समन्वय तथा टीम वर्क का सशक्त उदाहरण है। मार्च 2026 के दौरान प्लेट मिल ने 1,46,554 टन रोल्ड और फिनिश्ड प्लेट्स का अब तक का सर्वाधिक उत्पादन दर्ज किया, जो इससे पूर्व मार्च 2014 में प्राप्त 1,39,538 टन के रिकॉर्ड से अधिक है। इसी क्रम में कुल फिनिश्ड प्लेट्स उत्पादन में भी 1,34,042 टन का नया रिकॉर्ड बना, जिसने मार्च 2014 के 1,26,920 टन के पूर्व रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। डिस्पैच के क्षेत्र में भी प्लेट मिल ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए मार्च 2026 में 1,36,020 टन का सर्वाधिक मासिक डिस्पैच दर्ज किया, जो मार्च 2011 के 1,28,445 टन के पिछले रिकॉर्ड से अधिक है।

लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की गई, जहाँ सड़क मार्ग से डिस्पैच 16,368 टन तक पहुँच गया, जो फरवरी 2026 के 12,174 टन के पूर्व उच्चतम स्तर से कहीं अधिक है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर संयंत्र के वरिष्ठ प्रबंधन ने प्लेट मिल के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों और संबंधित हितधारकों को हार्दिक बधाई दी। उनके समर्पण और उत्कृष्ट योगदान की सराहना की है।

जिला अधिवक्ता संघ चुनाव आज, 64 प्रत्याशी मैदान में

■ नीले व सफेद रंग के मतपत्र पर मतदाता करेंगे मतदान

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला अधिवक्ता संघ दुर्ग के चुनाव 4 अप्रैल को होंगे। मतदान के लिए अब सिर्फदो दिनों का समय बचा है। प्रत्याशियों ने प्रचार-प्रसार तेज कर दिया है। चुनाव में कुल 17 पदों के लिए 64 प्रत्याशी मैदान में है। चुनाव में 1702 अधिवक्ता मतदान करेंगे। 4 अप्रैल को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे के बीच जिला न्यायालय परिसर स्थित बार क्रमांक-4 के पास मतदान की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। 5 अप्रैल को सुबह 9 बजे से मतगणना शुरू होगी। 6 अप्रैल को सुबह 9 बजे से कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव के लिये मतगणना की जाएगी। मतगणना के बाद अंतिम परिणाम

घोषित किए जाएंगे। जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष (महिला आरक्षित 1 पद), सचिव, सह-सचिव के 2 पदों में 1 पद महिला आरक्षित, कोषाध्यक्ष, ग्रंथालय सचिव, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव के 2 पदों में 1 पद महिला आरक्षित के अलावा 7 कार्यकारिणी सदस्य पदों के लिए मतदान किया जाएगा। कार्यकारिणी के 7 पदों में 2 पद महिला वर्ग के लिये आरक्षित है। चुनाव में अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष पद के लिए कड़ा मुकाबला होने की संभावना है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजीव पांडेय ने बताया कि मतदान के लिए 6 बूथ बनाए जाएंगे। प्रत्येक बूथ में 1 पेटी पदाधिकारी पद और 1 पेटी कार्यकारिणी सदस्य पद के मतदान के लिए रखी जाएगी। पदाधिकारी पद के मतदान के लिए नीले रंग के मतपत्र और कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए सफेद रंग के मतपत्र रहेंगे। मतदाताओं को जिला अधिवक्ता संघ का पहचान पत्र या अन्य पहचान पत्र अनिवार्य होगा।

कोकड़ी में विधायक ललित ने किया 53.49 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण

दुर्ग/नवप्रदेश। ग्राम कोकड़ी में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्यों की आधारशिला रखी।

सामुदायिक भवन 12 लाख, रपटा निर्माण 19.80 लाख, निषाद भवन 10 लाख निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इसी तरह आँगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-01 में 11.69 लाख का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि कोकड़ी के हर घर तक बुनियादी सुविधाएँ पहुँचाना हमारा संकल्प है। सामुदायिक भवन और निषाद भवन से गाँव को सामाजिक-सांस्कृतिक आयोजनों के लिए अपना स्थायी मंच मिलेगा। बैठक, भजन-कीर्तन, प्रशिक्षण और सामुदायिक निर्णय एक छत के नीचे संभव होंगे। रपटा निर्माण बरसात में जल-निकासी की पुरानी समस्या का स्थायी समाधान देगा, जिससे खेत-खलिहान और घरों तक आवागमन सुरक्षित व निर्बाध रहेगा। कीचड़ और जलभराव से राहत मिलेगी। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, मंडल भाजपा अध्यक्ष शीतला राजपूत, चंदू देवांगन, सरपंच युगल किशोर चंद्राकर, राजू साहू, रवि साहू, बूथ अध्यक्ष लोचन प्रसाद साहू, सुलेंद्र निर्मलकर, अनिल कुमार, दीना निषाद, रघुनाथ निषाद, शिव निषाद, गोरेलाल निषाद, पंच डुलेश्वर साहू, खूबचंद नेताम, निर्मला मानिकपुरी, दुर्गा ठाकुर, उषा साहू, सरोज ठाकुर, रामवतार यादव, खिलेंद्र साहू, इतवारी ठाकुर, सेवक निषाद, दुर्जन यादव, गैंदलाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

जन्मोत्सव: कुम्हारी में हनुमानजी की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र, भक्तों ने निकाली विशाल शोभायात्रा

अखाड़ा समिति ने करतब दिखाकर मोहा मन, भक्तों ने मांगा आशीर्वाद

कुम्हारी/नवप्रदेश। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर इस साल भी भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा श्री राम लिंगेश्वर मंदिर वार्ड 18 से स्टेशन चौक होते हुए कांजी हाउस स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पहुंची, जहां भक्तों द्वारा हनुमान जी की विशेष पूजा-अर्चना की गई।

भक्तों द्वारा श्री राम प्रभु के भक्त हनुमान जी से जीवन में कष्ट क्लेश दूर करने, शरीर मे शक्ति साहस, सफलता हासिल करने के लिए श्रद्धा भाव से प्रार्थना की गई। रैली में बजरंगबली के भक्तों के

जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा। हर तरफ भगवा झंडे लहराते रहे। बाजे-गाजे की धुनों के साथ बड़ी संख्या में हनुमान भक्त झूमते रहे। स्थानीय समितियों और नगरवासियों ने चना मूंग का प्रसाद व शरबत बांटकर स्वागत किया। यात्रा के दौरान जय श्रीराम, जय हनुमान का जयघोष किया गया। यात्रा के दौरान श्रीराम, लक्ष्मण व हनुमान जी की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा में लोक कला सुआ नृत्य समिति की बहनों व लोक अखाड़ा और करतब दल के साथियों ने नृत्य व करतबों से भक्तों व दर्शकों का मन मोह लिया।

इस अवसर पर मंदिर समितियों द्वारा भोग भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने देर रात तक प्रसाद ग्रहण किया। शोभायात्रा का नेतृत्व कुम्हारी नगर बजरंग दल संयोजक कुणाल शर्मा व भाजपा पार्षद प्रवीण राव ने किया। मातृशक्ति व दुर्गा वाहिनी की महिलाएं भी शामिल हुई। शोभायात्रा में मुख्य रूप से नपा अध्यक्ष मीना वर्मा, प्रदेश प्रभारी घनश्याम चौधरी, हरदीप सिंह, प्रदेश संयोजिका शशि बंछोर व नगर अध्यक्ष अनुज शुक्ला, मंत्री भूपेंद्र मानिकपुरी, दुर्ग जिला अध्यक्ष राकेश रामलोचन, मिथिलेश यादव, पूर्व नगर अध्यक्ष अवधेश शुक्ला, उपाध्यक्ष अनिल निखाड़े, हरीश सोनी, गणेश यादव, मनोज यादव, सुनील, प्रमोद, राजकुमार, रवि साहू शुभम चिंचूलकर, पार्षद रितिका मिथिलेश यादव पार्षद उमाकांत साहू, मोनू साहू व विश्वमित्र यादव सहित बड़ी संख्या में बजरंग दल व विहिप कार्यकर्ता शामिल हुए।

दावा आपत्ति 6 अप्रैल तक आमंत्रित

दुर्ग। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन शक्ति अंतर्गत महिला सशक्तिकरण केन्द्र हब में रिक्त पद जेन्डर विशेषज्ञ की पद पूर्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे।

प्राप्त आवेदन पत्रों को जिला स्तरीय चयन समिति के द्वारा स्क्रूटनी के बाद परीक्षण कर पात्र/अपात्र की प्रारम्भिक सूची तैयार की गई है। इस सूची का अवलोकन जिले की वेबसाईट और कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के सूचना पटल पर किया जा सकता है। 6 अप्रैल तक कार्यालयीन समय शाम 5.30 बजे तक दावा आपत्ति स्वीकार की जाएगी।

न्यूज गैलरी

बीमा क्लेम के लिए रची जेसीबी चोरी की साजिश, फरियादी ही निकला मास्टरमाइंड, गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां जेसीबी चोरी की शिकायत करने वाला फरियादी ही पूरी साजिश का मास्टरमाइंड निकला। खल्लारी पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 31 मार्च 2026 को वार्ड क्रमांक 23 सुभाष नगर महासमुंद निवासी गोविंद धीवर (35) ने अपनी जेसीबी (क्रमांक सीजी 04 एल 3422) की चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि 30 से 31 मार्च के बीच ग्राम तेलीबांधा स्थित दुलार फार्म हाउस के सामने से अज्ञात चोर वाहन चोरी कर ले गए। मामले की जांच के दौरान पुलिस को फरियादी के बयानों में लगातार विरोधाभास नजर आया, जिससे संदेह गहराया। सख्ती से पूछताछ करने पर गोविंद धीवर ने पूरा राज खोल दिया। उसने बताया कि उसने जेसीबी की किस्त नहीं चुकाने और बीमा कंपनी से अवैध लाभ लेने के उद्देश्य से पहले ही फरवरी 2026 में अपनी जेसीबी को 3 लाख रुपये में वन्द्रकुमार चन्द्रा को बेच दिया था। इसके बाद साजिश के तहत उसने अपने परिचित पुष्पेन्द्र चन्द्राकर से दूसरी जेसीबी (सीजी 06 ई 9834) किराए पर ली और उसे घटनास्थल पर खड़ा कर बाद में हटा दिया, ताकि चोरी का झूठा घटनाक्रम तैयार किया जा सके। अगले दिन उसने थाना खल्लारी में झूठी चोरी की रिपोर्ट दर्ज करा दी। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए दोनों जेसीबी वाहनों को जब्त कर लिया है। आरोपी के खिलाफधोखाधड़ी और झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने के तहत विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।खल्लारी पुलिस द्वारा आरोपी गोविंद धीवर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

आमामोरा में आयोजित किया गया जनसमस्या निवारण शिविर

गरियाबंद//नवप्रदेश। गरियाबंद विकासखंड के अंतिम छोर स्थित घने जंगलों एवं दुर्गम क्षेत्र में बसे ग्राम आमामोरा के शासकीय आदिवासी छात्रावास परिसर में वर्षों उपरांत जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों से कुल 14 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से सभी आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। शिविर के दौरान सभी विभागों के अधिकारियों द्वारा शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी साझा करते हुए ग्रामीणों को लाभ उठाने की अपील की गई। शिविर में विभागीय स्टॉल लगाए गए थे। इसके अलावा स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया था। इस दौरान ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच कर उन्हें लाभान्वित किया गया।इस दौरान बिन्द्रनवागढ़ विधायक श्री जनक ध्रुव ने संबोधित करते हुए कहा कि इस क्षेत्र को जनप्रतिनिधि, शासन-प्रशासन एवं ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से विकसित करेंगे। उन्होंने कहा कि आमामोरा क्षेत्र के आसपास के ग्रामीण काफी अभाव की जिंदगी जीने पर विवश थे। जिसे आने वाले समय में सभी मूलभूत सुविधाएं और अधिक मिलेगी।

हनुमान जयंती पर्व पर सुंदरकाण्ड पाठ का हुआ आयोजन किया

भटगांव / नवप्रदेश। नगर पंचायत भटगांव में हनुमान जयंती पर्व पर हनुमान मंदिरों में सुबह से भक्त हनुमान जी की पुजा अर्चना करते रहे वहीं सुन्दर काण्ड पाठ का कार्यक्रम का आयोजन किया गया तो कई स्थानों पर प्रसाद वितरण चला जिसमें नगर के बस स्टैंड में हनुमान जयंती जयंती के अवसर पर महाप्रसाद वितरण किया गया इस महाप्रसाद वितरण का? लोगों ने आनंद उठाया। खीर, पुड़ी किया गया इस वितरण से वितरण करने वाले हनुमान जी की कृपा पात्र बने। महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम में दीपक साहू ,राहुल साहू ,तरुण देवांगन, गुरुशरण केसरवानी, रवि सिदार, राजेन्द्र सिद्धि, पवन दुबे, विवेक केसरवानी, नरेश धीवर उपस्थित रहे।

भाजपा स्थापना दिवस पर कार्ययोजना बैठक संपन्न, घर-घर झंडा लगेगा

गरियाबंद / नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय गरियाबंद में स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्ययोजना बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन को बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से विस्तृत रणनीति तैयार की गई। इस दौरान जिले के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा प्रभारियों सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।बैठक में संगठन विस्तार, जनसंपर्क और आगामी कार्यक्रमों को लेकर गहन चर्चा की गई। जिला स्तरीय सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें कार्यकर्ताओं को संगठन की नीतियों, योजनाओं एवं आगामी गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी तथा उन्हें सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

राज्यपाल रमेन डेका की सरायपाली में समीक्षा बैठक

■ **जल संरक्षण और जैविक खेती पर दिया जोर**

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने सरायपाली प्रवास के दौरान रेस्ट हाउस में विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक में राज्यपाल ने जल संरक्षण कार्यों की सराहना करते हुए डबरी निर्माण को और गति देने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने जानकारी दी कि विकासखंड में 218 डबरी स्वीकृत की गई हैं, जिनमें बड़ी संख्या में कार्य पूर्ण हो चुके हैं।वृक्षारोपण को जनआंदोलन बनाने पर जोर देते हुए राज्यपाल ने ÷एक पेड़ मां के नाम÷ अभियान के तहत व्यापक पौधरोपण करने के निर्देश दिए। कैंपा और मनरेगा के माध्यम से शासकीय परिसरों, रेस्ट हाउस और ग्रामीण क्षेत्रों में फलदार एवं छायादार पौधे लगाने की बात कही गई। वर्तमान में क्षेत्र में लगभग 1.50 लाख पौधरोपण किया जा चुका है।कृषि क्षेत्र की समीक्षा में उन्होंने जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को कम करने तथा धान के साथ उद्यानिकी फसलों के समावेश पर बल दिया।

साथ ही जैविक चावल के वैल्यू एडिशन के जरिए किसानों की आय बढ़ाने के प्रयासों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।स्वच्छ भारत मिशन के तहत डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण को प्रभावी बनाने, सेवा शुल्क सुनिश्चित करने और सार्वजनिक शौचालयों की नियमित सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

राज्यपाल से रेडक्रॉस प्रतिनिधियों की सौहार्दपूर्ण भेंट

सरायपाली प्रवास के दौरान राज्यपाल रमेन डेका से भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी एवं एनसीसी के पदाधिकारियों ने सौहार्दपूर्ण भेंट की। इस अवसर पर रेडक्रॉस से जुड़े प्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं छात्र-स्वयंसेवकों ने राज्यपाल का आत्मीय स्वागत किया और रेडक्रॉस गीत प्रस्तुत कर सम्मान जताया।कार्यक्रम का संचालन कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्ष विनय कुमार लंगेह तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुपमा आनंद के दिशा-निर्देशन में हुआ। वहीं, जिला शाखा महासमुंद के सभापति संदीप दीवान के मार्गदर्शन एवं जिला संगठक डॉ. अशोक गिरि गोस्वामी के नेतृत्व में रेडक्रॉस की टीम ने अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। प्रतिनिधिमंडल में यशवंत कुमार चौधरी (जिला प्रबंध समिति सदस्य एवं जिला सहसचिव, जूनियर रेडक्रॉस), सी.एल. पुहुप, पुष्पांजली चौधरी (आजीवन सदस्य एवं सहायक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक शाला शास्त्रीनगर), मालिकराम पटेल तथा अमर कन्हेर (रेडक्रॉस प्रभारी शिक्षक, सेंट विंसेंट पल्लोटी हायर सेकेंडरी स्कूल कुटेला) सहित कई सदस्य शामिल रहे।

गरियाबंद जिले में पुलिस चेकिंग के दौरान आरोपी से 25 किलो गांजा जब्त

12 लाख 50 हजार रुपए के अवैध गांजा के साथ अंर्तराज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

गरियाबंद/नवप्रदेश। एमसीपी की कार्यवाही हेतु चेक पोस्ट नाका खुटगांव के लिए रवाना हुआ था। चेकपोस्ट नाका खुटगांव में स्थ्क्क चेकिंग के दौरान आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान एक व्यक्ति धरमगढ़ उड़ीसा की ओर से देवभोग की ओर पैदल आ रहा था तथा अपने साथ में एक सफेद रंग की प्लास्टिक थैला एवं कला रंग का बिट्टू बाग पीठ में रखा था जिसे चेकिंग पॉइंट पर रोक कर नाम पता पूछने पर अपना नाम काला कान्हू उर्फ कान्हा टांडी पिता खीरासिंधु टांडी उम्र 24 वर्ष साल्हेकेला वार्ड नंबर 2 थाना बोडेन जिला नुवापाडा (उड़ीसा) का रहने वाला बताया तथा अपने पास रखे सफेद रंग के थैलाब बिट्टू बाग के संबंध में किसी प्रकार का संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

जिस कारण संदेही का प्लास्टिक थैला एवं कला पिट्ठू को समस्त गवाहों के समक्ष चेक किया गया। चेकिंग के दौरान संदेही के कब्जे से दो पैकेट अलग-अलग रंग के दिखाई पड़े जो एक सफेद रंग के प्लास्टिक थैली में 15 किलोग्राम अवैध गांजा कीमती 7,50,000/- रूपये एवं दूसरे नीले रंग के प्लास्टिक थैली में 10 किलोग्राम अवैध गांजा कीमती 5 लाख रूपये कुल कीमती 12,50,000 रूपये को समक्ष गांव के कब्जा पुलिस लिया गया।

अवैध गांजा के प्रकरण में आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर धारा 20 (ख) एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत विवेचना में लिया गया। आरोपी काला कान्हू उर्फ कान्हा टांडी के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने से समक्ष गवाहन के विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। पुलिस अधीक्षक गरियाबंद वेदव्रत सिरमौर के दिशा-निर्देश में ऑपरेशन निश्चय के तहत लगातार जिले के थाना क्षेत्रों में अवैध शराब, गांजा के विरूद्ध कार्यवाही जारी है। नशे के अवैध व्यपार में संलिप्त लोगों पर सतत् निगाह रखी जा रही है। संलिप्तता पाये जाने पर विधि संगत कार्यवाही की जागी।

गिरफ्तार आरोपी-

01) काला कान्हू उर्फ कान्हा टांडी पिता खीरासिंधु टांडी उम्र 24 वर्ष साल्हेकेला वार्ड नंबर 2 थाना बोडेन जिला नुवापाडा (उड़ीसा)।

जप्त सामग्री-

01) 25 किलो ग्राम अवैध गांजा किमती 12 लाख 50 हजार रूपये।

भक्ति में डूबा गरियाबंद, हनुमान जन्मोत्सव पर उमड़ा जनसैलाब

■ **संकट मोचन मंदिर में भंडारा, हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद**

गरियाबंद/नवप्रदेश। शहर के बस स्टैंड स्थित प्राचीन संकट मोचन हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरे दिन भक्ति का माहौल बना रहा। मंदिर समिति के सदस्य तड़के से ही तैयारियों में जुट गए थे, जहां विधिवत पूजा-अर्चना के बाद कार्यक्रम की शुरुआत हुई। दोपहर होते-होते भंडारा प्रसाद वितरण का सिलसिला शुरू हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। बस स्टैंड क्षेत्र में युवाओं द्वारा बड़े उत्साह के साथ प्रसाद वितरण किया गया, जिससे पूरे इलाके में सेवा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में नगर के कई जनप्रतिनिधि और समाजसेवी भी शामिल हुए। इस दौरान पार्षद शुभम निषाद, छगन यादव, निरंजन प्रधान, भूपेंद्र कश्यप सहित बड़ी संख्या में युवा और समिति सदस्य मौजूद रहे।

राशन संकट और अधूरी धान खरीदी पर किसान कांग्रेस का हमला

■ **सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप**

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में राशन वितरण और समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष मानिक साहू ने राज्य सरकार और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मार्च माह में हजारों हितग्राही राशन से वंचित रह गए, जो सरकारी व्यवस्था की बड़ी विफलता को दर्शाता है।

मानिक साहू ने कहा कि सरकार जहां एक ओर गरीबों को मुफ्त राशन देने के बड़े-बड़े दावे करती है, वहीं जमीनी स्तर पर व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमराई हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले की सैकड़ों सरकारी राशन दुकानों में वितरण प्रभावित रहा, जिससे कई गांवों के लोग बार-बार चक्कर काटने के बावजूद अपने हक से वंचित रह गए। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि सभी प्रभावित परिवारों को

तत्काल राशन उपलब्ध कराया जाए।

धान खरीदी के मुद्दे पर भी किसान कांग्रेस ने सरकार को घेरते हुए श्री साहू ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों से समर्थन मूल्य पर 21 क्विंटल धान खरीदी का वादा किया था, लेकिन यह वादा अब तक पूरा नहीं हो पाया है। उन्होंने दावा किया कि जिले के सैकड़ों किसान अभी भी अपनी उपज का पूरा धान समर्थन मूल्य पर नहीं बेच सके हैं, जिसके चलते उन्हें मजबूरी में कम दाम पर व्यापारियों को धान बेचना पड़ रहा है।उन्होंने कहा कि पहले से ही कर्ज के बोझ तले दबे किसानों के लिए यह स्थिति दोहरी मार साबित हो रही है। सरकार की नीतियों और जमीनी हकीकत के बीच बड़ा अंतर साफ नजर आ रहा है, जिसे अब आम जनता भी समझने लगी है। मानिक साहू ने केंद्र और राज्य दोनों सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि योजनाओं का लाभ सही तरीके से जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही स्थिति में सुधार नहीं किया गया, तो किसान कांग्रेस आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। किसान कांग्रेस ने मांग की है कि मार्च माह में राशन से वंचित सभी हितग्राहियों को तुरंत राशन दिया जाए, धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता लाई जाए और किसानों से जुड़े लंबित मुद्दों का जल्द समाधान किया जाए।

मोदी सरकार की नीतियों से बढ़ी महंगाई आम जनता पर पड़ा सीधा असर: विपिन

■ **कांग्रेस ने केंद्र सरकार की आर्थिक और कूटनीतिक नीतियों पर उठाए सवाल**

राजनांदगांव / नव प्रदेश। आयोजित पत्रकार वार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष विपिन यादव ने केंद्र की भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से नरेंद्र मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की आर्थिक कुप्रबंधन और कूटनीतिक विफलताओं के कारण देश में महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है जिससे आम जनता का जीवन मुश्किल हो गया है। प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में विपिन यादव ने कहा कि मोदी सरकार के गलत आर्थिक फैसलों के चलते आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी पर गहरा असर पड़ा है। उन्होंने बताया कि हाल ही में कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 195 रुपये की वृद्धि की गई है, जबकि पिछले तीन महीनों में ही इसमें 525 रुपये की बढ़ोतरी हो चुकी है। उन्होंने यह भी बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में भी पिछले सप्ताह 62 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि पहले भाजपा 400 रुपये के गैस सिलेंडर को महंगा बताती थी, लेकिन आज वही कीमत 900 से 1000 रुपये तक पहुंच गई है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों को लेकर भी उन्होंने सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि सरकार ने एक्साइज ड्यूटी घटाकर राहत देने का दावा किया, लेकिन वास्तविकता में पेट्रोल के दाम फिर बढ़ गए हैं। कुछ स्थानों पर यह वृद्धि 4 रुपये तक दर्ज की गई है। वहीं, एविएशन फ्यूल महंगा होने से हवाई यात्रा भी आम लोगों की पहुंच से दूर होती जा रही है। खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि खाद्य तेल, दूध, मावा और राशन सामग्री के दाम बेतहाशा बढ़ गए हैं। उन्होंने दावा किया कि खाद्य तेल, जिसे 70 रुपये प्रति लीटर तक पहुंचने में वर्षों लगे, वह अब 200 रुपये के पार हो चुका है। विपिन यादव ने कहा कि महंगाई ने आम आदमी के किचन का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है और परिवार चलाना कठिन हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार को आम जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है और सरकार केवल अपने पूंजीपति मित्रों को फायदा पहुंचाने में लगी हुई है। उन्होंने आगे कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने मनरेगा के माध्यम से रोजगार की कानूनी गारंटी दी थी, लेकिन वर्तमान सरकार ने इसे कमजोर कर गरीबों के रोजगार का अधिकार छीन लिया है।

अपराध: आरोपी गिरफ्तार, गोबरा नवापारा पुलिस ने भेजा जेल

नौकरी लगाने के नाम पर 4.20 लाख की ठगी

नवापारा राजिम। नवापारा क्षेत्र में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने तीन युवाओं को सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर करीब 4.20 लाख रुपए ठग लिए थे।

जानकारी के अनुसार ग्राम पिपरौद निवासी राहुलदेव साहू (28) ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी पहचान आरोपी जितेंद्र सिन्हा से पूर्व में पढ़ाई के दौरान हुई थी। इसी परिचय का फायदा उठाकर आरोपी ने नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाया। उसने समग्र शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ के अंतर्गत वोकेशनल ट्रेनर पद पर नियुक्ति दिलाने का झांसा दिया।

पीड़ित के अनुसार, आरोपी ने इंटरव्यू के नाम पर रायपुर के नरदहा स्थित कॉलेज भी बुलाया, लेकिन नियुक्ति पत्र नहीं दिया। पीड़ित का आरोप है कि पैसे वापस मांगने पर आरोपी टालमटोल करता रहा और बाद में फोन बंद कर फरार हो गया। इतना ही नहीं, रकम वापस मांगने पर जान से मरवाने की धमकी भी देने लगा।

आरोपी को भेजा गया जेल

शिकायत के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी जितेंद्र सिन्हा (32) भेण्डरी निवासी के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) और 351(2) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर रायपुर न्यायालय भेज दिया है।

तीन युवाओं से ठगी

झांसे में आकर प्रार्थी ने अपनी बहन की नौकरी के लिए अलग-अलग तिथियों में ऑनलाइन माध्यम से कुल 3 लाख 20 हजार रुपए आरोपी को दे दिए। इसके अलावा आरोपी ने इसी तरह कौशल यादव और करूणा यादव से भी 1 लाख रुपए ठग लिए। आरोपी ने इस तरह तीन युवाओं से करीब 4 लाख 20 हजार रुपए की धोखाधड़ी की।

हनुमान जयंती शोभायात्रा में धारदार चाकू के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

नवापारा राजिम। हनुमान जयंती के अवसर पर गोबरा नवापारा में गुरुवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में अपराधिक घटना को रोकने पुलिस सतर्कता से जुटी रही। इस दौरान पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो युवकों को धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने नवापारा थाने में आरोपियों के खिलाफआर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।मिली जानकारी के अनुसार 2 अप्रैल को शोभायात्रा में ड्यूटी के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि काली मंदिर नवापारा के पास एक युवक चाकू लेकर संदिग्ध अवस्था में खड़ा है। सूचना पर पुलिस टीम ने कुश निषाद उर्फ छोटकू (20 वर्ष) निवासी लटर्रा पारा को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास से लोहे का धारदार चाकू बरामद हुआ।इसी तरह दूसरी कार्रवाई सदर रोड नवापारा पर की गई, जहां लोकेश निषाद (22 वर्ष) को भी संदिग्ध अवस्था में चाकू के साथ पकड़ा गया। पूछताछ में दोनों आरोपियों के पास हथियार रखने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले। पुलिस ने दोनों के कब्जे से धारदार चाकू जब्त कर आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत मामला दर्ज किया है।

मुख्य आरोपी समेत सभी जेल भेजे गए, धारदार चाकू से वार कर की गई थी हत्या, पुलिस ने दिखाई तत्परता

जोगीभाट हत्याकांड में बड़ी कार्रवाई: 24 घंटे के भीतर 5 आरोपी गिरफ्तार

बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिले के डौंडीलोहारा थाना क्षेत्र के ग्राम जोगीभाट में हुए सनसनीखेज हत्याकांड में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 24 घंटे के भीतर 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना में मुख्य आरोपी द्वारा धारदार चाकू से मृतक के सीने और पेट पर कई वार कर हत्या की गई थी, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया था।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में हुई कार्रवाई

यह पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक श्री योगेश पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका ठाकुर एवं एसडीओपी श्री बोनीफास एक्का के निर्देशन में की गई। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश सिंह एवं उनकी टीम ने मामले की बारीकी से जांच करते हुए आरोपियों को धर दबोचा।

क्या है पूरा मामला?

प्रार्थी डोमेन्द्र कुमार देशमुख ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 02 अप्रैल 2026 की रात करीब 10 बजे ग्राम जोगीभाट के शीतला मंदिर में गांव की समस्याओं को लेकर बैठक आयोजित की गई थी। इसी दौरान गांव के कुछ लोगों ने विवाद करते हुए गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी।

परमेश्वर देशमुख द्वारा डंडे से हमला किया जा रहा था, तभी बीच-बचाव करने आए कुणाल देशमुख पर सोहन लाल साहू ने धारदार चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल कुणाल को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इन धाराओं में दर्ज हुआ अपराधः मामले में आरोपियों के खिलाफभारतीय न्याय संहिता धारा 296, 115(2), 351(3), 191(2), 191(3), 103(1) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना की गई। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान मुख्य आरोपी सोहन लाल साहू से धारदार चाकू बरामद किया, परमेश्वर देशमुख से घटना में प्रयुक्त डंडा जब्त किया।

पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों में शामिल हैं

सोहन कुमार साहू, पिता - बेदलाल साहू, उम्र 19 वर्ष परमेश्वर देशमुख, पिता - केजुराम देशमुख, उम्र 30 वर्ष बेदलाल साहू, पिता - मनराखन लाल साहू, उम्र 40 वर्षटोमन लाल साहू, पिता - मनराखन लाल साहू, उम्र 45 वर्षलोकनाथ यादव, पिता - बरम यादव, उम्र 43 वर्ष, सभी आरोपी ग्राम जोगीभाट, थाना डौंडीलोहारा, जिला बालोद के निवासी हैं।

आगे की जांच जारी

पुलिस ने बताया कि अन्य संभावित आरोपियों की संलिप्तता को लेकर जांच जारी है और मामले में हर पहलू पर गहन विवेचना की जा रही है।

पुलिस टीम का सराहनीय योगदान

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश सिंह, सहायक उपनिरीक्षक अनित राम यादव, प्रधान आरक्षक अरविंद यादव, वीरेंद्र साहू, दिगम्बर वर्मा, महिला प्रधान आरक्षक लिलेश्वरी देवांगन, आरक्षक विनोद, अजय, पूनम खरे, धर्मेंद्र सेन, साइबर सेल प्रभारी सउनि धरम भुआर्य, आरक्षक संदीप यादव, राहुल मनहरे, आकाश दुबे का विशेष योगदान रहा।जोगीभाट की इस घटना ने एक बार फिर कानून व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किए हैं, वहीं पुलिस की त्वरित कार्रवाई से लोगों में भरोसा भी बढ़ा है।

न्यूज गैलरी

रिंकू गुप्ता जिला कांग्रेस सचिव नियुक्त

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस की घोषित कार्यकारिणी में जालबांधा के सक्रिय युवा कार्यकर्ता रिंकू गुप्ता को जिला कांग्रेस सचिव नियुक्त किए जाने से क्षेत्र मे हर्ष व्याप्त है । कांग्रेस का गढ़ माने जाने वाले जालबांधा क्षेत्र से पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अशोक साहू को जिला महामंत्री वरिष्ठ कांग्रेसी गेंदालाल कुर्रे को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गा है । सामाजिक सहयोग और सक्रियता के कारण ग्रामीण क्षेत्र में उनकी बेहतर पकड़ रखने वाले रिंकू गुप्ता ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते कहा कि जिला कांग्रेस ने जो जवाबदारी सौंपी है उसे पूरी निष्ठा से पूरा करने का प्रयास किया जाएगा ।

गांव में उपद्रव फैलाने वाला युवक गिरफ्तार

खैरागढ़/नवप्रदेश। ग्राम दिलीपपूर मे उपद्रव करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है । दिलीपपूर मे गांव के मनीराम वर्मा द्वारा उपद्रव कर शांति भंग करने की शिकायत के बाद मनीराम के पुत्र चुरावन द्वारा शिकायतकर्ता महिला देवकी बाई को रिर्पोट वापस लेने की धमकी देने, सार्वजनिक जगह पर विवाद कर मारपीट पर उतारू होने पर पुलिस द्वारा आरोपी चुरावन वर्मा को गिरफ्तार कर 170,126, 135 3 बीएनएस के तहत एसडीएम कार्यालय मे प्रस्तुत कर आदेश के बाद जेल भेजा गया ।

सटटा लिख रहे दो आरोपी गिरफ्तार

खैरागढ़/नवप्रदेश। मोबाइल से आनलाइन सटटा खिलाने के आरोप मे पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है । सूचना के बाद शहर के दाउचौरा पहुँची पुलिस ने वहाँ रेड कार्यवाही करते कमलेश साहू और किशन सारथी को सटटा पटटी लिखते पकड़ा। आरोपियो के कब्जे से एक हजार नगद, दो मोबाइल एवे सटटापटटी जप्त कर दोनो आरोपियो के खिलाफजुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 6 एवं 7 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया ।

डायग्रोस्टिक सेंटर में सोनोग्राफी रिपोर्ट देने के नाम पर लापरवाही का आरोप

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले मुख्यालय में संचालित बाला जी डायग्नोस्टिक सेंटर पर बिना चिकित्सक के रिर्पोट जारी करने की गंभीर अनियमितता सामने आई है । इसके चलते स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग रहे है । बताया गया है कि संबंधित सेंटर में सोनोग्राफी रिपोर्ट पर पदस्थ चिकित्सक के फर्जी हस्ताक्षर कर मरीजों को रिपोर्ट जारी करने का मामला सामने आया है। बाला जी डायग्रोस्टिक सेंटर से जारी रिपोर्टों पर वहां पदस्थ रहे डॉ. प्रदीप कुमार के हस्ताक्षर दर्शाए जा रहे हैं, लेकिन मामले मे स्वयं डा प्रदीप कुमार ने उक्त रिर्पोटों को फर्जी बताया है। डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि उन्होंने 30 जून 23 को ईमेल के माध्यम से अपना त्यागपत्र सेंटर संचालक को भेज दिया था और फिलहाल वे उत्तराखंड में अपनी क्लीनिक संचालित कर रहे हैं। इसके बावजूद उनके नाम से लगातार रिपोर्ट जारी होना संदेह उत्पन्न करता है। मामले की पड़ताल के दौरान जॉइनिंग लेटर और त्यागपत्र के हस्ताक्षर आपस में मेल खाते पाए गए, जबकि सोनोग्राफी रिपोर्ट में किए गए हस्ताक्षर उनसे भिन्न हैं। शिकायत के बाद 12 मार्च 26 को स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी मनीष बघेल द्वारा सेंटर का निरीक्षण किया गया है।

> रूटिन प्रक्रिया के तहत बाला जी डायग्रोस्टिक सेंटर की जांच की गई है । जो भी अनियमितता सामने आइ है उसकी रिर्पोट सीएमएचओ को सौंप दी जाएगी। फिलहाल रिर्पोट तैयार किया जा रहा है ।
>
> – **डॉ. मनीष बघेल**, बीएमओ, छुईखदान एवं नोडल अधिकारी

> डायग्रोस्टिक सेंटर मे कोई गडबड़ी नही है । सेंटर से अनुबंध आधार पर चिकित्सक सेवाए दे रहे है । कई प्रकार की फर्जी शिकायतें लगातार कर सेंटर को बदनाम करने की साजिश हो रही है ।
>
> – **दुष्यंत अग्रवाल**, संचालक, बालाजी डायग्नोस्टिक सेंटर

बताया गया कि जांच के दौरान मौके पर कोई चिकित्सक उपस्थित नहीं मिला। सेंटर संचालक द्वारा पहले नाश्ते और बाद में बाहर जाने की जानकारी दी गई लेकिन लंबे इंतजार के बाद भी चिकित्सक मौके पर नहीं पहुंचे। बताया गया कि जिस दिन टीम द्वारा सेंटर का निरीक्षण किया गया, उसी दिन डॉ. प्रदीप कुमार के नाम से पांच मरीजों की सोनोग्राफी रिपोर्ट तैयार की गई। संदेह जताया गया है बिना डॉक्टर की उपस्थिति के ही रिपोर्ट बनाई जा रही है। जिला निर्माण के बाद जिले मे डायग्रोस्टिक सेंटर का जाल बढ़ रहा है । मामला केवल एक सेंटर तक सीमित नहीं है, बल्कि जिले के अन्य क्षेत्र में भी इसी प्रकार से रिपोर्ट बनाए जाने की जानकारी सामने आ रही है।

वन स्थायी समिति की बैठक संपन्न

कवर्धा/नवप्रदेश। वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, कवर्धा वनमंडल द्वारा दिनांक 02.04.2026 को वनमंडल कार्यालय, कवर्धा के सभाकक्ष में वन स्थायी समिति की बैठक संपन्न हुई।बैठक में मुख्य रूप से राजकुमार मेरावी (सभापति, वन स्थायी समिति), लोकचंद साहू (जिला पंचायत सदस्य), रूप सिंह धुर्वे (जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि), महेन्द्र धृतलहरे (जिला अध्यक्ष, अनुसूचित जाति मोर्चा), राजेश्वरी धृतलहरे (जिला पंचायत सदस्य), मती ललिता रूप सिंह धुर्वे (जिला पंचायत सदस्य), निखिल अग्रवाल (वनमंडलाधिकारी, कवर्धा), अभिनव केशरवानी, सुयशधर दीवान (उप वनमंडलाधिकारी, पंडरिया), शिवेन्द्र भगत (उप वनमंडलाधिकारी, सहसपुर लोहारा), मती अनिता साहू (अधीक्षक, भोरमदेव अभ्यारण्य), कीर्तिवर्धन (संलग्नाधिकारी) सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। संयुक्त वन प्रबंधन समिति के कार्य, वर्ष 2025-26 के कार्यों की समीक्षा, राजसात वाहनों की स्थिति, चक्रीय निधि की राशि–पर विस्तृत चर्चा की गई। कीर्तिवर्धन द्वारा पावर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से इन सभी बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि संयुक्त वन प्रबंधन समितियों में उपलब्ध राशि का उपयोग निम्नानुसार किया जाता है। 60% राशि आय एवं रोजगार मूलक कार्यों (मछली पालन, बकरी/मुर्गी पालन, मधुमक्खी पालन, बांस शिल्प, ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण आदि) में, 20% राशि सिंचाई विकास (स्टॉप डैम मरम्मत, नहर/नाली सफाई, तालाब निर्माण) में, 10% राशि अधोसंरचना विकास (रपट/पुलिया, मंच, सामुदायिक भवन, बाउंड्रीवाल, सोलर लाइट आदि) में, 10% राशि पेयजल व्यवस्था (बोर खनन, हैंडपंप, नल-जल योजना) में व्यय की जाती है।वर्ष 2025-26 के दौरान उक्त राशि का उपयोग विभिन्न परिक्षेत्रों में रोजगार, सिंचाई एवं अधोसंरचना संबंधी कार्यों में किया गया है। कवर्धा वनमंडल के अंतर्गत विभिन्न उप वनमंडलों में लगभग 8 राजसात वाहन उपलब्ध हैं।

निधन

प्रियेश सिन्हा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है,राजनांदगांव नगर पालिक निगम वार्ड नंबर 39 के पार्षद श्री रवि सिन्हा जी के सुपुत्र प्रियेश सिन्हा जो बेंगलुरु में कार्यरत थे,उनका आकस्मिक निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा निज निवास हीरामोती लाइन से लखोली मुक्तिधाम हेतु 04 अप्रैल शनिवार को सुबह 9:00बजे प्रस्थान करेगी! प्रभु श्री राम शोक संतप्त परिवार को सम्बल प्रदान करें!

कौशलेन्द्र सिंह बघेल

खैरागढ़/नवप्रदेश। शिवसेना के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य और पूर्व जिला शिवसेना अध्यक्ष कौशलेन्द्र सिंह का गुरूवार शाम को हृदयघात से निधन हो गया । शिवसेना को खैरागढ़ मे बेहतर ऊंचाई देने मे उनका प्रमुख योगदान रहा । अंतिम संस्कार शुक्रवार सुबह दाउचौरा मुक्तिधाम मे किया गया । अंतिम यात्रा मे परिजन, शिवसेना पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और नागरिक बड़ी संख्या मे उपस्थित होकर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की ।

जर्जर बिजली पोलों पर प्रशासन की लापरवाही उजागर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा एवं ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष संदीप सोनी के संयुक्त नेतृत्व में लखोली क्षेत्र के युवा रहवासियों के साथ बिजली विभाग के कार्यपालन अभियंता कौशलेंद्र पांडे से मुलाकात कर क्षेत्र में व्याप्त गंभीर विद्युत समस्याओं को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया।

प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से अवगत कराया कि लखोली क्षेत्र में एक बिजली पोल अत्यंत जर्जर एवं खतरनाक स्थिति में है, जो लगातार हिल रहा है और किसी भी समय गिर सकता है। यह स्थिति सीधे तौर पर आम नागरिकों की जान-माल के लिए बड़ा खतरा बनी हुई है। हैरानी की बात यह है कि इस गंभीर समस्या की शिकायत क्षेत्रवासियों द्वारा पूर्व में भी कई बार की जा चुकी है, संदीप सोनी द्वारा स्वयं पहले भी शिकायत की गई थी, बावजूद इसके संबंधित ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों ने इसे पूरी तरह नजरअंदाज किया ठेकेदार संतोष देवांगन द्वारा लगभग तीन हफ्ते पहले जायजा ले कर यह बात स्वलीकारी कि इसे बदलना पड़ेगा।

अभिमन्यु उदय मिश्रा ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह सिर्फ एक पोल का मामला नहीं है, बल्कि पूरे शहर में ऐसे कई जर्जर और क्षतिग्रस्त बिजली पोल खड़े हैं, जो प्रशासन की लापरवाही और उदासीनता का जीता-जागता प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते इन पोलों को नहीं बदला गया, तो कोई बड़ा हादसा होना तय है और उसकी पूरी जिम्मेदारी बिजली विभाग और प्रशासन की होगी।

उन्होंने मांग की कि तत्काल प्रभाव से पूरे शहर का व्यापक सर्वे कराया जाए और सभी खतरनाक एवं जर्जर पोलों को प्राथमिकता के आधार पर बदला जाए। साथ ही संबंधित ठेकेदारों की भूमिका की जांच कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।इस दौरान स्थानीय युवाओं एवं क्षेत्रवासियों ने भी अधिकारियों के सामने अपनी समस्याएं रखीं ।

ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष संदीप सोनी ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इस गंभीर समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो युवा कांग्रेस के साथियों एवं स्थानीय जनता के साथ मिलकर उग्र आंदोलन, घेराव और सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन और संबंधित विभाग की होगी। जनता की सुरक्षा से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

प्रदेश सहप्रभारी जांगिड़ ने संगठन की एकता पर दिया जोर

कवर्धा/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कार्यकारिणी का विस्तारित बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सह सचिव व छत्तीसगढ़ सह प्रभारी विजय जांगिड़ की उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुआ।जिला कार्यकारिणी को सम्बोधित करते हुए प्रदेश सह प्रभारी विजय जांगिड़ ने कहा कि हिम्मत, समर्पण और एकजुटता ही किसी भी मजबूत संगठन की असली पहचान होती है। इन्हीं भावनाओं को लेकर कांग्रेस संगठन गांव-गांव और बूथ-बूथ तक अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। जहाँ 3 अप्रैल को कांग्रेस भवन में प्रदेश सह प्रभारी व राष्ट्रीय सचिव श्री विजय जांगिड़ जी द्वारा जिला कांग्रेस कार्यकारिणी, सभी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक ली गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन सृजन अभियान के तहत संगठन को बूथ एवं ग्राम पंचायत स्तर तक सशक्त और सक्रिय बनाना रहा।

नगर निगम के 2 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी गई विदाई

राजनांदगां/नवप्रदेश। नगर निगम में अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले 2 कर्मचारी क्रमशः मोटर प्रतिपालन विभाग में कार्यरत भृत्य श्री रेखा लाल साहू तथा स्वास्थ्य विभाग मे कार्यरत सफाई कामगार श्रीमती द्रोपती कृष्णा को निगम में आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बिदाई समारोह में भावभीनी बिदाई दी गयी। कार्यक्रम में आयुक्त ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को माला पहनाकर, शाल, श्रीफल से सम्मानित किया तथा अवकाश नगदी करण का चेक दिया।

बिदाई समारोह में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि हमारे निगम परिवार के 2 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए जिन्हें आज बिदाई दी जा रही है। स्थानांतरण एवं सेवानिवृत्त सर्विस काल का प्रमुख भाग है। उन्होने कहा कि श्री रेखालाल एवं श्रीमती द्रोपती बाई निगम के दो प्रमुख विभाग, मोटर एवं स्वास्थ्य जैसे विभाग में समर्पित भाव से काम किये, इनके समर्पण भाव को नई पीढ़ी को सीखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सर्विसकाल में चाहे अधिकारी हो या कर्मचारी अपने दायित्वो का निर्वाहन करने के कारण पारिवारिक दायित्वों का निर्वाहन नही कर पाते।

नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं संजय डोंगरे पिता स्व. श्री चिंतामनरावजी बंगाजी डोंगरे निवासी एफ-4, बस्तर विश्वविद्यालय आवासीय परिसर, अटल बिहारी बाजपेयी वार्ड क्र. 38, धरमपुरा क्र. 02 जगदलपुर बस्तर (छ.ग.) यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम संजय कुमार डोंगरे पिता स्व. श्री चिंतामनरावजी बंगाजी डोंगरे रख लिया हूँ। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम संजय कुमार डोंगरे पिता स्व. श्री चिंतामनरावजी बंगाजी डोंगरे से ही जाना -पहचाना जावे ।

संजय कुमार डोंगरे
पिता स्व. श्री चिंतामनरावजी बंगाजी डोंगरे
एफ-4, बस्तर विश्वविद्यालय आवासीय परिसर, अटल बिहारी बाजपेयी वार्ड क्र. 38, धरमपुरा क्र. 02
जगदलपुर बस्तर (छ.ग.)

Name Change

It is hereby informed to the Shri general public that I, SANJAY DONGRE, S/o Late shri Chintamanrao Bangaji Dongre, resident of F-4, Bastar University Residential Campus, Atal Bihari Vajpayee Ward No. 38, Dharampura No. 02, Jagdalpur, Bastar (Chhattisgarh), have changed my old name SANJAY DONGRE S/o Late shri Chintamanrao Bangaji Dongre so in future I should be recognized by my new name that is Sanjay Kumar Dongre, son of Late Shri Chintamanrao Bangaji Dongre in all Government, semi-government, and other official documents.

Sanjay Kumar Dongre
S/o Late Shri Chintamanrao Bangaji Dongre
F-4, Bastar University Residential Campus Atal Bihari Vajpayee Ward No. 38
Dharampura No. 02 Jagdalpur, Bastar (Chhattisgarh)

नाम-परिवर्तन

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि में आवेदक रुद्रप्रताप सिंह ठाकुर, 124/एफ रिसाली सेक्टर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) पते पर स्थायी रुप से निवास करता हूँ । मेरा आधार कार्ड नम्बर-5748 8863 8498 और मेरी जन्मतिथि 11/01/1999 है। यह कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, सभी शैक्षणिक अंकसूचियों, दस्तावेजों, वोटर आई कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, आदि समस्त दस्तावेजों में मेरा पुरा व सही नाम रुद्रप्रताप सिंह ठाकुर (RUDRAPRATAP SINGH THAKUR) पिता-डिमान सिंह ठाकुर (DIMAN SINGH THAKUR) अंकित है। लोग मुझको इसी पुरे नाम से जानते, पहचानते व पुकारते हैं। यह कि मेरे पिता डिमान सिंह ठाकुर (DIMAN SINGH THAKUR) के वी.एस.पी. के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम भुलवश रुद प्रताप सिंह (RUDRA PRATAP SINGH) पिता डिमान सिंह (DIMAN SINGH) लिख दिया गया है, जो कि गलत है, मेरा पुरा व सही नाम रुद्रप्रताप सिंह ठाकुर (RUDRAPRATAP SINGH THAKUR) पिता-डिमान सिंह ठाकुर (DIMAN SINGH THAKUR) ही है, जिसे मैं अपने पिता डिमान सिंह ठाकुर (DIMAN SINGH THAKUR) के बी.एस.पी. के सर्विस रिकार्ड में लिखवाना चाहता हूँ। अथार्त रुद्रप्रताप सिंह ठाकुर (RUDRAPRATAP SINGH THAKUR) पिता-डिमान सिंह ठाकुर (DIMAN SINGH THAKUR) और रुद्रप्रताप सिंह (RUDRA PRATAP SINGH) पिता-डिमान सिंह (DIMAN SINGH) एक ही व्यक्ति का नाम है जो कि मैं स्वंय हूँ। यह कि वर्तमान में व भविष्य में भी मुझको मेरे पुरे व सही नाम रुद्रप्रताप सिंह ठाकुर (RUDRAPRATAP SINGH THAKUR) पिता-डिमान सिंह ठाकुर (DIMAN SINGH THAKUR) नाम से जाना व पहचाना जायेगा।

शपथकर्ता
रुद्रप्रताप सिंह ठाकुर
निवासी 124/एफ रिसाली सेक्टर
भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि में आवेदक डिमान सिंह ठाकुर, 124/एफ रिसाली सेक्टर भिलाई तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) पते पर स्थायी रुप से निवास करता हूँ। मेरा आधार कार्ड नम्बर-3162 4746 9703 और मेरी जन्मतिथि 02/11/1970 है। यह कि मेरे बी.एस.पी. के सर्विस रिकार्ड, आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, आदि समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम डिमान सिंह (DIMAN SINGH) पिता- जीवराखन लाल (JIVRAKHAN LAL) और जमीन रजिस्ट्री पेपर में डिमांन, पिता-जीवरावन अंकित है। यह कि मेरे पुरा व सही नाम डिमान सिंह ठाकुर (DIMAN SINGH THAKUR) पिता-जीवराखन लाल ठाकुर (JIVRAKHAN LAL THAKUR) ही है जो कि मेरी सभी शैक्षणिक अंकसुचियों व वोटर आई डी में अंकित है। लोग मुझको इसी पुरे नाम से जानते, पहचानते व पुकारते हैं। जिसे मैं अपने बी.एस.पी. के सर्विस रिकार्ड, आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, जमीन की रजिस्ट्री पेपर आदि समस्त दस्तावेजों में लिखवाना चाहता हूँ । अथार्त डिमान सिंह ठाकुर (DIMAN SINGH THAKUR) पिता-जीवराखन लाल ठाकुर (JIVRAKHAN LAL THAKUR) डिमान सिंह (DIMAN SINGH) पिता- जीवराखन लाल (JIVRAKHAN LAL) और डिमांन, पिता-जीवरावन एक ही व्यक्ति का नाम है जो कि मैं स्वंय हुँ। यह कि वर्तमान में व भविष्य में भी मुझको मेरे पुरे व सही नाम डिमान सिंह ठाकुर (DIMAN SINGH THAKUR) पिता-जीवराखन लाल ठाकुर (JIVRAKHAN LAL THAKUR) नाम से जाना व पहचाना जायेगा।

शपथकर्ता
डिमान सिंह ठाकुर
निवासी 124/एफ रिसाली सेक्टर
भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह कि मैं कल्याणी ठाकुर (KALYANI THAKUR) 124/एफ रिसाली सेक्टर, भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग छ.ग. पते पर स्थायी रुप से निवास करती हूँ। मेरा आधार कार्ड नम्बर-9236 1342 3718 और मेरी जन्मतिथि 01/01/1975 है। यह कि मेरे पति के बी.एस.पी. के सर्विस रिकार्ड में. आधार कार्ड. बैंक पास बुक, राशन कार्ड. वोटर आई डी कार्ड आदि समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम कल्याणी (KALYANI) पति-डिमान सिंह (DIMAN SINGH) और जमीन के दस्तावेज में कलेंदी, पति-डिमान सिंह अंकित है। यह कि मेरा पुरा व सही नाम कल्याणी ठाकुर (KALYANI THAKUR) पति-डिमान सिंह ठाकुर (DIMAN SINGH THAKUR) ही है जो कि मेरे पेन कार्ड में अंकित है। लोग मुझको इसी पुरे नाम से जानते. पहचानते व पुकारते हैं। जिसे मैं अपने पति के बी.एस.पी. के सर्विस रिकार्ड आधार कार्ड, बैंक पास बुक, राशन कार्ड, वोटर आई डी कार्ड आदि समस्त दस्तावेजों में लिखवाना चाहती हूँ अथार्त कल्याणी ठाकुर (KALYANI THAKUR) पति- डिमान सिंह ठाकुर (DIMAN SINGH THAKUR) और कल्याणी (KALYANI) पति - डिमान सिंह (DIMAN SINGH) और कोंदी. पति-डिमान सिंह एक ही व्यक्ति का नाम है जो कि मैं स्वंय हुँ। यह कि वर्तमान में व भविष्य में भी मुझको मेरे पुरे व सही नाम कल्याणी ठाकुर (KALYANI THAKUR) पति-डिमान सिंह ठाकुर (DIMAN SINGH THAKUR) नाम से जाना व पहचाना जायेगा।

शपथकर्ती
कल्याणी ठाकुर
निवासी 124/एफ रिसाली सेक्टर
भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

।। कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग ।।
Email Id:- durgmc2019@gmail.com Phone: 0788-2322148

-: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना :-

क्रमांक/08/लो.क.वि. / 2026 दिनांक 03/04/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों से नीचे उल्लेखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है-

क्र.	कार्य का नाम	लागत (लाख में)	निविदा जारी दिनांक
1.	**नगर पालिक निगम, दुर्ग क्षेत्रान्तर्गत नालंदा परिसर पहुंच मार्ग सड़क चौड़ीकरण कार्य ।** System No. 188415/PWD Dated: 03.04.2026	69.43	03.04.2026 से 24.04.2026 खोलने की तिथि 28.04.2026

निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है अथवा ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाइट www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता

कार्यालय नगर पंचायत फिंगेश्वर, जिला-गरियाबंद (छ0ग0)
Email ID- cmofingeshwar@gmail.com

क्रमांक/47/न.पं./ लो.नि.शा./2026-27 फिंगेश्वर, दिनांक 02.04.2026

ई-निविदा आमंत्रण सूचना (छठवां)

नगर पंचायत फिंगेश्वर द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत् सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है -

क्र.	सिस्टम टेंडर क्र.	कार्य का विवरण	अनु. लागत (रू.लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	188379	Design, Construction, Testing, Commissioning of all the Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) work Including 05 Years of Operation and Maintenance of the Entire System In Nagar Panchayat, Fingeshwar under SBM 2.0	172.59	20-04-2026

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http//uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत फिंगेश्वर
जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

हनुमान जयंती पर रक्तदान शिविर सराहनीय, पर छुईखदान में ब्लड बैंक अब तक शुरू नहीं

दान किया रक्त भेजना पड़ रहा बाहर

छुईखदान/नवप्रदेश। हनुमान जयंती के अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर निस्संदेह समाज सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण रहा, जिसमें युवाओं और नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस पहल की सराहना हर स्तर पर की जा रही है, लेकिन इस बीच एक महत्वपूर्ण सवाल भी सामने आया है–आखिर जब छुईखदान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्त बैंक भवन तैयार हो चुका है, तो अब तक उसे शुरू क्यों नहीं किया गया?

जानकारी के अनुसार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान में रक्त बैंक का भवन पूरी तरह बनकर तैयार है, लेकिन आवश्यक संसाधनों और प्रक्रियात्मक कारणों के चलते अब तक उसका संचालन प्रारंभ नहीं हो पाया है।

इसका सीधा असर यह हो रहा है कि क्षेत्र में आयोजित रक्तदान शिविरों में एकत्रित किया गया सारा रक्त राजनांदगांव जिला अस्पताल भेजना पड़ रहा है। हनुमान जयंती पर आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने रक्तदान किया, जो निश्चित रूप से प्रेरणादायक है। हालांकि, स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि छुईखदान में ही रक्त बैंक शुरू हो जाए, तो यह रक्त स्थानीय जरूरतमंद मरीजों के लिए तुरंत उपयोग में लाया जा सकता है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा ने बताया कि रक्त बैंक संचालन के लिए आवश्यक उपकरणों की मांग राज्य शासन को भेजी जा चुकी है और वहां से उपलब्धता होना बाकी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ब्लड बैंक का लाइसेंस केंद्रीय स्तर (दिल्ली) से जारी होता है, जिसकी प्रक्रिया में कुछ समय लगता है। इसी कारण फिलहाल रक्त बैंक का संचालन शुरू नहीं हो सका है। उन्होंने आश्वस्त किया कि सभी प्रक्रियाएं पूर्ण होते ही इसे जल्द प्रारंभ किया जाएगा। स्थानीय लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि तैयार भवन के बावजूद रक्त बैंक शुरू न होना चिंता का विषय है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि आवश्यक संसाधनों और औपचारिकताओं को शीघ्र पूरा कर रक्त बैंक को चालू किया जाए।

भवन बन गया है, उपकरण और स्टोरेज सुविधा नहीं

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष बघेल ने बताया कि छुईखदान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्त बैंक भवन का निर्माण पूरा हो चुका है, लेकिन आवश्यक उपकरण (इंस्ट्रूमेंट) और स्टोरेज व्यवस्था उपलब्ध नहीं होने के कारण अभी तक इसे शुरू नहीं किया जा सका है। उन्होंने कहा कि रक्त को सुरक्षित रखने के लिए विशेष प्रकार की मशीनें और स्टोरेज सिस्टम जरूरी होते हैं, जो फिलहाल उपलब्ध नहीं हैं। इसके साथ ही, रक्त बैंक संचालन के लिए प्रशिक्षित स्टाफकी भी आवश्यकता है, जिसकी नियुक्ति अभी तक नहीं हो पाई है। इस संबंध में शासन को पत्र भेजा जा चुका है।

न्यूज गैलरी

कोडार डेम में मिला स्काउट-गाइड जिला उपाध्यक्ष का शव, आत्महत्या की आशंका

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले से एक दुखद खबर सामने आई है। स्काउट-गाइड के जिला उपाध्यक्ष जय पवार (35) का शव कोडार डेम में मिला है। घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जय पवार आज सुबह अपने घर से स्कूटी से ग्राम भोरिंग के लिए निकला था। भोरिंग जाने से पहले करीब साढ़े 10 बजे अपने दोस्तों से मिला। उसके बाद भोरिंग चल रहे निर्माण कार्य देखने गया। वहां जय ने मजदूरों से भी बातचीत की। इसके बाद दोपहर करीब 12 बजे पुलिस को कोडार डेम में एक शव होने की सूचना मिली, जिस पर तत्काल तुमगांव पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला और पहचान जय पवार के रूप में की गई। प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। तुमगांव पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल तुमगांव भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। वहीं, इस घटना से परिवार और परिचितों में गहरा दुख व्याप्त है।

हनुमान जन्मोत्सव पर भक्ति और सेवा का संगम

महासमुंद/नवप्रदेश। हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर 2 अप्रैल को सिद्ध श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर, कचहरी चौक में मंदिर समिति एवं श्रद्धालु भक्तों द्वारा भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। इस दौरान भगवान हनुमान जी की विशेष पूजा-अर्चना, आरती एवं भोग-प्रसाद वितरण का कार्यक्रम श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने सहभागिता करते हुए विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और नगर सहित पूरे क्षेत्र की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। इसके साथ ही उन्होंने भंडारे में शामिल होकर श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप चावल-सब्जी का वितरण भी किया।आयोजन की शुरुआत मंदिर के पुजारी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा एवं आरती से हुई। इसके पश्चात दोपहर से लेकर देर शाम तक निरंतर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया।

बैठक से लौट रहे युवक से मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश। परसकोल निवासी एक युवक के साथ पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। सिटी कोतवाली पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगाराम बरिहा ने पुलिस को बताया कि 1 अप्रैल की रात गांव में कीर्तन संबंधी बैठक के बाद वह घर लौट रहा था। इसी दौरान बैगापारा चौक के पास चिंटू साहू ने पुरानी बातों को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। शोर सुनकर पुरूषोत्तम साहू भी मौके पर पहुंच गया और दोनों ने मिलकर एक राय होकर गंगाराम के साथ मारपीट की और आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफमामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दो दुकानों से कैश बॉक्स लेकर चोर ने फरार, व्यापारियों में आक्रोश

महासमुंद/नवप्रदेश। शहर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। रायपुर रोड स्थित दो दुकानों में एक ही रात में करीब एक लाख रुपये की चोरी का मामला सामने आया है। सिटी कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफमामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार देवचंद फैशन के संचालक अभय राज लूनिया जैन ने बताया कि 31 मार्च की रात लगभग 3 बजे अज्ञात चोर उनकी दुकान में घुसकर 40 हजार रुपये नगद सहित कैश बॉक्स ले गए। इतना ही नहीं, सामने स्थित लक्ष्मी च्वाईस सेंटर के संचालक मोहन यादव की दुकान को भी निशाना बनाया गया, जहां से करीब 60 हजार रुपये नगद चोरी कर लिए गए। लगातार हो रही चोरियों से व्यापारियों में भय और आक्रोश का माहौल है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

50 पौवा शराब के साथ युवक गिरफ्तार, आबकारी एक्ट में कार्रवाई

महासमुंद/नवप्रदेश। शहर में अवैध शराब के खिलाफचलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने रेलवे फाटक बेलसोंडा के पास एक बाइक सवार युवक को रोककर तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 50 पौवा देशी मसाला शराब बरामद की गई। जब्त शराब की कीमत लगभग 5 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, आरोपी वार्ड क्रमांक 03 स्टेशन पारा महासमुंद निवासी इरफान खान (21) के खिलाफधारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

ब्लाइंड मर्डर का पुलिस ने किया खुलासा, 2 नाबालिग समेत पांच गिरफ्तार

प्रेम-प्रसंग में युवक की बेरहमी से हत्या, पहले पीटा फिर जिंदा दफनाया

अभनपुर/नवप्रदेश। अभनपुर इलाके में एक युवक को पहले बेरहमी से पीटा गया, फिर गड्ढा खोदकर अधमरी हालत में जिंदा ही दफ्ना दिया गया। इस ब्लाइंड मर्डर का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा करते हुए 2 नाबालिग समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें एक 21 साल की युवती भी शामिल है। पूरी वारदात प्रेम प्रसंग से जुड़ा है।

जानकारी के अनुसार 21 मार्च को अभनपुर थाना अंतर्गत भरेंगाभाठा-नवागांव मार्ग किनारे मुरूम गड्ढे में दफ्न शव मिला था। शव का एक हाथ और पैर बाहर दिखाई दे रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस और एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम मौके पर पहुंची और गड्ढा खोदकर शव बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर गई।

पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि मुख्य आरोपी श्याम सुंदर सोनी (21) का सावित्री साहू (21) से प्रेम संबंध था। मृतक नितेश बत्रा कथित रूप से युवती को परेशान करता था। था। बताया गया कि 16 मार्च की रात श्याम सुंदर सोनी अपने प्रेमिका सावित्री साहू से मिलने उसके घर माना गया था। इस दौरान घर के बाहर नितेश के खड़े होने पर विवाद भड़क गया। गुस्से में श्याम सुंदर सोनी ने बबूल की लकड़ी से नितेश के सिर पर वार कर दिया। तभी सावित्री साहू भी घर से बाहर आई। उसने प्रेमी को बताई कि नितेश मुझे बार-बार परेशान करता है इसे मार डालो। इसके बाद आरोपी श्याम सुंदर ने अपने अन्य साथियों को बुलाया और सभी ने मिलकर नितेश को जबरन ऑटो में बैठा लिया। आरोपियों ने साक्ष्य मिटाने की कोशिश में नितेश की स्कूटी को कमल विहार होते हुए मुजगहन के पास एक पुलिया के नीचे फेंक दिया।

अधमरी हालत में ही जिंदा दफनाया

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक की मौत गला दबने और सांस नली में मिट्टी जाने से हुई। यानी आरोपियों ने उसे अधमरी हालत में ही जिंदा दफ्ना दिया था। पुलिस ने मामले को हत्या (हॉमीसाइडल) मानते हुए जांच तेज की। जांच के दौरान मृतक की पहचान माना निवासी 29 वर्षीय नितेश बत्रा के रूप में हुई, जिसकी गुमशुदगी पहले से दर्ज थी। पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर के आधार पर आरोपियों तक पहुंच बनाई।

दो नाबालिग समेत 5 आरोपी गिरफ्तार

इस मामले में पुलिस ने श्याम सुंदर सोनी, सुमित कोसले और सावित्री साहू सहित कुल 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें दो नाबालिग शामिल है। वहीं, एक आरोपी अब भी फरार बताया जा रहा है, जिसकी तलाश जारी है।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त ऑटो, लकड़ी और अन्य सामान जब्त किए गए हैं। सभी के खिलाफबीएनएस की धारा 103(1), 238, 64(2)(क) और 191(1)(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपी की तलाश तेज कर दी गई है और जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

75 करोड़ की घोषणा के इंतजार में आदिवासी अंचल की जनता

छुरा/ नवप्रदेश। आदिवासी विकास खण्ड छुरा क्षेत्र की जनता नौ मई पच्चीस को तालियों की गड़गड़ाहट से प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का स्वागत किया जब मुख्यमंत्री ने लो वोल्टेज से निजात पाने के लिए क्षेत्र की जनता कों राजिम विधायक रोहित साहू के मांग पर 132 के व्ही सब स्टेशन निर्माण एवं विस्तार के लिए छुरा जनपद पंचायत के आश्रित ग्राम मडेली में निर्माण की घोषणा सुशासन तिहार में किया गया महती सभा में उपस्थित जनसमुदाय ने घोषणा से प्रफुल्लित हो कर तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया आज दस माह बीत जाने के बाद भी मुख्यमंत्री की घोषणा न जाने तालियों की गड़गड़ाहट में कहा खो गया। ग्राम मडेली में मुख्यमंत्री एवं विधायक एवं प्रदेश के प्रमुख सचिव को विभिन्न लोगों के द्वारा आवेदन दिया गया अनेकों मांगों को लेकर आज दस माह बीत जाने के बाद भी न जनता के मांग पर न मुख्यमंत्री के घोषणा पर अमल हुआ। आज क्षेत्र की जनता अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। आज दस माह बाद भी लो वोल्टेज अघोषित बिजली कटौती से जूझ रहे हैं। बिजली की समस्याओं के कारण लोगों के घरों मोटर पंप नहीं चलने से पीने के पानी एवं विस्तार की समस्याओं से जूझ रहे हैं।दीन में पानी की समस्या रात में गर्मी मच्छरों से परेशान हो रहे हैं लोगों ने रात में न दीन में चैन है फिर भी विष्णु का सुशासन है।

डाइट में विज्ञान मेला आयोजित 'करके सीखने' पर दिया गया जोर

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) महासमुंद में विज्ञान-गणित क्लब के तत्वावधान में विज्ञान मेले का सफल आयोजन किया गया। ÷खाद्य सुरक्षा एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम÷ थीम पर आधारित यह आयोजन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुशंसाओं के अनुरूप रहा, जिसमें डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र-शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम की संयोजक दुर्गा सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि विज्ञान केवल पढ़ने का नहीं, बल्कि सीखने और समझने का विषय है। उन्होंने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों में 'करके सीखने' की प्रवृत्ति विकसित करने के लिए बेहद उपयोगी बताया।

संस्था की उप प्राचार्य उमा देवी शर्मा ने खाद्य सुरक्षा और स्वास्थ्य जागरूकता पर जोर देते हुए कहा कि वर्तमान समय में मधुमेह और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है, ऐसे में यह जानना जरूरी है कि हम क्या खा रहे हैं।

मेले में छात्र-शिक्षकों द्वारा नकली खाद्य पदार्थों की पहचान, पैक्ड फूड के लेबल पढ़ने की जानकारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आकर्षक प्रदर्शन किए गए। इसके साथ ही फायरलेस कुकिंग, हर्बेरियम प्रेजेंटेशन, बेस्ट आउट ऑफवेस्ट, पोस्टर, रंगोली, विचार गोष्ठी और क्विज जैसी विविध प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता और ज्ञान का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के दौरान माता कर्मा महिला महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉ. श्वेतलाना नागल को विज्ञान के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में रूपाली, पायल, गगन, माधुरी, घनेश्वरी, मीना ठाकुर, निकिता, धर्मेंद्र, मन्नू, शुभम, टोमन, सुधांशु जगौतिन, प्रीति, खिलेश्वरी, समीक्षा सहित अनेक छात्र-शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा। साथ ही राजेश चंद्राकर, सुलभा द्विवेदी, मुरलीधर वर्मा, संतोष साहू, टेकराम सेन, किरण कुमार कन्नौजे, सुमन दीवान, तिलोत्तमा प्रधान, लक्ष्मी सिन्हा, ईश्वर चंद्राकर, झरना साहू, आकांक्षा, गरिमा, योगेंद्र, तरुण, प्रदीप, सुसैन, मरकाम, हीरामन, अजय एवं उदित ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

घोड़े की सवारी और बाजे-गाजे के साथ वनपाल को दी गई बिदाई

छुरिया/नवप्रदेश। वन विभाग छुरिया में लंबे समय तक निष्ठा और समर्पण के साथ सेवा देने वाले वनपाल चन्दूलाल हरदेल के सेवानिवृत्ति अवसर पर एक भव्य और यादगार बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह उनके वर्षों के योगदान, नेतृत्व और सरल व्यक्तित्व को समर्पित रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात छत्तीसगढ़ राज्य गीत ÷अरपा पैरी के धार÷ का सम्मानपूर्वक गायन किया गया, जिससे पूरे वातावरण में भावनात्मक और सांस्कृतिक गरिमा का संचार हुआ।

चन्दूलाल हरदेल ने वर्ष 1988 में दैनिक वेतनभोगी के रूप में वन विभाग में अपनी सेवा प्रारंभ की थी। अपनी मेहनत और ईमानदारी के बल पर उन्होंने विभाग में एक विशिष्ट पहचान बनाई। डिपो में आयोजित इस विदाई समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त उपवन मंडल अधिकारी योगेश कुमार गंडेचा, सेवानिवृत्त वन परिक्षेत्र अधिकारी कमलनयन नोन्हारे, संजू बड़े बाबू, वन परिक्षेत्र अधिकारी बागनदी हरि सूरजबली सिन्हा, रामकिशुन साहू एवं राजनांदगांव के वरिष्ठ शिक्षक हूबलाल सुकतेल उपस्थित रहे। अपने संबोधन में सूरजबली सिन्हा ने चन्दूलाल हरदेल के कार्यकाल को अनुकरणीय बताया। उन्होंने विभाग के कर्मचारियों के नाम और कार्यों पर आधारित एक कविता प्रस्तुत की, जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा और पूरा पंडाल तालियों से गूंज उठा। समारोह के दौरान कई अवसरों पर भावुक दृश्य देखने को मिले, जहां सहकर्मियों और उपस्थित लोगों की आंखें नम हो गईं। यह कार्यक्रम वन परिक्षेत्र बागनदी के समस्त स्टाफ के सौजन्य से आयोजित किया गया था।

बहिष्कार और जुमार्ने की धमकी, केस दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। पंचायत चुनाव प्रचार को लेकर ग्राम बरेकेलकला में विवाद गहराता जा रहा है। बस्ती से अलग करने और 25-25 हजार रुपए अर्थदंड देने का दबाव बनाने के मामले में पटेवा पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफअपराध दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम बरेकेलकला निवासी उकेश चक्रधारी और लक्ष्मीनारायण चक्रधारी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि पंचायत चुनाव को लेकर आरोपियों द्वारा उन्हें बस्ती से अलग करने और आर्थिक दंड देने की धमकी दी जा रही थी। शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने दशरथ दीवान, प्रहलाद दीवान, प्रकाश चंद्राकर, कुबेर चक्रधारी, भुवन दीवान, विजय गुप्ता, दुकालू चक्रधारी एवं विष्णु दीवान के खिलाफबीएनएस की धारा 308(3), 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

स्वदेशी मेला में बीज निगम अध्यक्ष ने स्थानीय उत्पादों के उपयोग पर दिया जोर

महासमुंद/नवप्रदेश। कवर्धा में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित सात दिवसीय 'स्वदेशी मेला' का समापन उत्साह और जनभागीदारी के साथ हुआ। समापन दिवस के मुख्य अतिथि संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष (राज्य मंत्री दर्जा) चंद्रहास चंद्राकर ने की।अपने संबोधन में श्री चंद्राकर ने स्वदेशी को देश की आत्मा और स्वाभिमान बताते हुए जनमानस से स्थानीय उत्पादों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब हम स्वदेशी वस्तुएं खरीदते हैं, तो उसका सीधा लाभ गांव के शिल्पकारों, किसानों और छोटे उद्यमियों को मिलता है।

पेज 1 का शेष

सुरक्षा बलों का पराक्रम रंग...

और दुर्दांत नक्सली माने जाते थे। फोर्स के दबाव में ठिकाना बदले 478 नक्सली को दबोचा गया, जिसमें 84 नक्सली इनामी थे। वहीं 743 नक्सलियों ने मारे जाने के डर से सरेंडर कर दिया। समर्पण करने वालों में 357 इनामी नक्सली थे। सुरक्षा बलों ने लाल आतंक का अंत करने लगातार सर्चिंग अभियान चलाया और 198 ग्रेडेड, अन्य हथियार और 137 आईईडी बरामद किए। क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए दुर्गम पहाड़ी इलाके गोगुंडा से लेकर पीएलजी बटालियन के सबसे सुरक्षित ठिकाने पालीगुड़ा-गुंडराजगुंडेम तक 23 नए कैंप स्थापित किए गए।

दुर्गम जंगलों में जवानों ने नक्सलियों को घेरा

डीआरजी, एसटीएफ, सीआरपीएफ और कोबरा के संयुक्त बलों ने नक्सलियों के गढ़ कहे जाने वाले दुर्गम जंगलों, घने पहाड़ों और प्रतिकूल परिस्थितियों में बिना रुके अभियान चलाए। सटीक खुफिया जानकारी, क्षेत्रीय प्रभुत्व, एरिया डोमिनेशन, रोड ओपनिंग और प्रभावी पुनर्वास नीति ने माओवादी संगठन की कमर तोड़ दी। स्थानीय जनता के सहयोग से माओवादी नेटवर्क लगभग समाप्त हो गया और जिले में शांति व विकास का नया माहौल तैयार हुआ।

इजराइल का अस्पताल पर...

ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि अगर उसने ईरान के बिजली संयंत्रों पर हमला जारी रखा, तो वह क्षेत्र की ऊर्जा और टेलीकॉम कंपनियों को निशाना बनाएगा। ईरानी सेना के प्रवक्ता इब्राहिम जुल्फाकारी ने कहा कि अमेरिकी हिस्सेदारी वाली कंपनियां निशाने पर रहेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि अगर अमेरिका अपनी धमकियों पर आगे बढ़ता है, तो ईरान जवाबी कार्रवाई करेगा और क्षेत्र की महत्वपूर्ण ऊर्जा और सूचना-टेलीकॉम सेवाओं को नुकसान पहुंचा सकता है।

ब्रह्मोस और एयर डिफेंस...

'तारागिरी' का निर्माण समय घटाकर 81 महीने कर दिया गया, जबकि शुरुआती जहाज 'नीलगिरि' में 93 महीने लगे थे। प्रोजेक्ट के बाकी तीन जहाज 2026 के अगस्त तक चरणबद्ध तरीके से नौसेना को सौंपे जाएंगे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इस परियोजना में 75 प्रतिशत स्वदेशी हिस्सेदारी है और इसमें 200 से अधिक एमएसएमई जुड़े हैं।

NCERT को मिला ...

के इन 6 प्रमुख संस्थानों को किया गया शामिल। इस प्रस्ताव के तहत एनसीईआरटी के देशभर में फैले 6 प्रमुख संस्थानों को विश्वविद्यालय के दायरे में लाया गया है। इनमें क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (आरआईई) अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर, मैसूर और शिलांग के साथ-साथ दिल्ली स्थित प्रमुख केंद्र भी शामिल हैं। ये संस्थान अब तक अलग-अलग विश्वविद्यालयों से संबद्ध थे, लेकिन अब वे सीधे एनसीईआरटी विश्वविद्यालय का हिस्सा होंगे। इस एकीकरण से न केवल प्रशासनिक कार्यों में सुगमता आएगी, बल्कि पाठ्यक्रम निर्माण और शोध कार्यों में भी एकरूपता देखने को मिलेगी। इन संस्थानों के जुड़ने से ह्ष्टश्वक्रञ्ज का देशव्यापी शैक्षणिक ढांचा और अधिक शक्तिशाली हो जाएगा।

मालदा हिंसा का मुख्य...

भाषण दिया। इससे लोग भड़क गए और हजारों लोगों ने कलियाचक के बीडीओ ऑफिस को घेर लिया। दो गेट बंद कर दिए गए, जिससे 7 न्यायिक अधिकारी 9 घंटे ऑफिस के अंदर बंधक रहे। देर रात 1 बजे सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर भारी सुरक्षाबल की मौजूदगी में अफसरों को बाहर निकाला गया था। उधर, सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद इलेक्शन कमीशन ने इस मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी को सौंप दी है। एक टीम मालदा पहुंच चुकी है।

जहां था कभी डर और...

वह रोशनी पहुंची है, जिसकी यहां वर्षों से प्रतीक्षा थी।

महिलाओं की आंखों में राहत, चेहरे पर मुस्कान

गांव की महिला श्रीमती लखे तेलाम भावुक होकर बताती हैं कि पहले पानी के लिए बहुत परेशानी होती थी। नाले और बोरिंग से पानी लाना पड़ता था। कई बार मौसमी बीमारी हो जाती थी। महुआ बीनकर लौटने के बाद पानी लेने जाना बहुत मुश्किल होता था। अब नल से घर में ही दिनभर पानी मिलता है। हम बहुत खुश हैं। शासन की योजना बहुत अच्छी है। उनकी बातों में केवल राहत नहीं, बल्कि एक नए जीवन की उम्मीद झलकती है।

डर के साये से विकास की राह तक

गांव के निवासी तेलाम बुधु बताते हैं कि पहले लखापाल में भय का माहौल था। हमारा गांव पहले नक्सल समस्या से प्रभावित था। लोग ख़ौफ़ में जीते थे। बिजली, पानी और सड़क की समस्या थी। गांव में पहले नक्सलियों की मीटिंग होती थी। गांववालों से पैसा और चावल-दाल जमा कराया जाता था। लेकिन अब बदलाव आ गया है। अब पंचायत की मीटिंग ग्राम विकास के लिए होती है। बिजली, पानी, राशन और सड़क की सुविधा मिल रही है।' उनके शब्द साफ कहते हैं अब गांव में डर नहीं, विकास की चर्चा होती है।

चार आईपीएस ट्रेनिंग के लिए...

होकर 15 मई तक चलेगा।

आधुनिक पुलिसिंग के लिए अहम है इंडक्शन ट्रेनिंग

आईपीएस अधिकारियों की इंडक्शन ट्रेनिंग हैदराबाद स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी में आयोजित की जाती है। इस प्रशिक्षण के लिए देशभर से आईपीएस अधिकारियों का चयन किया जाता है।

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्सः फुटबॉल मैच के फाइनल में छत्तीसगढ़ को रजत

रायपुर/नवप्रदेश। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के अंतर्गत आज रायपुर के स्वामी विवेकानंद एथलेटिक स्टेडियम, कोटा में खेले गए पुरुष फुटबॉल के फाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल के बीच बेहद रोमांचक और कांटे की टक्कर देखने को मिली। इस बेहद संघर्षपूर्ण मुकाबले में छत्तीसगढ़ को पराजय का सामना कर रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

फाइनल मैच में दोनों टीमों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को रोमांचित किया। छत्तीसगढ़ की टीम ने शानदार तालमेल, तेज आक्रमण और मजबूत रक्षा का परिचय दिया। खिलाड़ियों ने पूरे जोश और आत्मविश्वास के साथ खेलते हुए हर पल मुकाबले को संतुलित बनाए रखा।

हॉफटाइम तक पश्चिम बंगाल की टीम 1-0 की बढ़त बनाए हुए थी। छत्तीसगढ़ की टीम ने लगातार आक्रमण कर गोल उतारने की भरपूर कोशिश की, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव श्री यशवंत कुमार, विभिन्न विभागों तथा भारतीय खेल प्राधिकरण के अधिकारी और खेलप्रेमी बड़ी संख्या में फाइनल मैच देखने के लिए मैदान में पहुंचे थे।

रात में मछुआरे का काम करने वाले अब्दुल फताह की छलांग लक्षद्वीप एथलेटिक्स के लिए एक नया अध्याय लिखा

रायपुर/नवप्रदेश। अब्दुल फत्ताह ज़्यादातर रातों को समुद्र में होते हैं, जहां वे मछुआरे बनकर अपने परिवार की रोज़ी-रोटी कमाने में मदद करते हैं। जैसे ही सुबह होती है, वे सीधे ट्रेनिंग ग्राउंड की ओर निकल पड़ते हैं और एक एक अलग सपने का पीछा करते हुए लक्षद्वीप को 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' 2026 में पहला मेडल दिलाया। कवरत्ती और कदमत द्वीपों के बीच स्थित, दूरदराज के अमीनी द्वीप जो लगभग 2.7 किमी लंबा और 1.2 किमी चौड़ा है, और जिसका कुल भू-क्षेत्रफल 2.60 वर्ग किमी है के 18 वर्षीय लॉन्ग जम्पर ने जगदलपुर के क्रीड़ा परिसर मैदान में 7.03 मीटर की अपनी करियर की सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता।

मछुआरे परिवार में जन्मे फत्ताह भाई-बहनों में सबसे बड़े हैं और घर की बड़ी ज़िम्मेदारी संभालते हैं। 12वीं कक्षा पूरी करने के बाद, आर्थिक तंगी के कारण उन्हें अपनी पढ़ाई बीच में ही रोकनी पड़ी। इसके बजाय, उन्होंने अपने पिता के पारिवारिक व्यवसाय में हाथ बँटाने और खेल को अपने जुनून के तौर पर अपनाने का फ़ैसला किया।फत्ताह ने कहा, '' कोई और चारा नहीं है, आपको चीज़ों में संतुलन बनाना ही पड़ता है। जब मैं स्कूल में था, तभी से मैं अपने पिता की मछली पकड़ने के काम में मदद करता आ रहा हूँ। यही हमारी आमदनी का एकमात्र ज़रिया है। हमारे परिवार में छह लोग हैं। सुबह मैं अपनी ट्रेनिंग के लिए जाता हूँ; मेरे परिवार को इस बारे में पता है, भले ही वे इस खेल के बारे में बहुत कम समझते हों।''

न्यूज गैलरी

अकलतरा एनआई कार्य के बाद ट्रेनों की बहाली, यात्रियों को मिली राहत

रायपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल अंतर्गत अकलतरा स्टेशन पर चौथी लाइन कनेक्टिविटी के लिए चल रहे नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण निरस्त एवं आंशिक रूप से निरस्त ट्रेनों को अब पुनः बहाल किया जा रहा है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कई पैसेंजर और मेमू ट्रेनों का परिचालन चरणबद्ध तरीके से फिर से शुरू करने का निर्णय लिया है। रेलवे के अनुसार, 3 अप्रैल से 7 अप्रैल 2026 के बीच विभिन्न रूटों पर चलने वाली कई महत्वपूर्ण ट्रेनों को उनके निर्धारित समय पर बहाल किया गया है। इनमें रायगढ़-बिलासपुर, बिलासपुर-रायगढ़, रायपुर-गेवरारोड, कोरबा-रायपुर सहित अन्य प्रमुख रूट शामिल हैं। रेलवे द्वारा जारी जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 68737/68738 (रायगढ़-बिलासपुर), 68735/68736 (रायगढ़-बिलासपुर), 68746/68745 (रायपुर-गेवरारोड), 58204/58203 (रायपुर-कोरबा) सहित बिलासपुर-गेवरारोड और बिलासपुर-कोरबा रूट की कई मेमू ट्रेनों को निर्धारित तिथियों में फिर से शुरू किया गया है। इसके अलावा शॉर्ट टर्मिनेटेड/ओरिजिनेटेड ट्रेनों जैसे 68861/68862 (गोंदिया-झारसुगुड़ा) को भी 4 अप्रैल से 7 अप्रैल तक बहाल कर दिया गया है, जो अब अपने पूरे निर्धारित मार्ग पर संचालित होंगी।

गंगरेल का पट 500 क्यूसेक डिस्चार्ज के साथ खोला गया

रायपुर/नवप्रदेश। दिनोदिन बढ़ते गर्मी के साथ ग्रामों में व्याप्त हो रहे निस्तारी पानी की समस्या व भूगर्भीय जल स्त्रोत के नीचे जाते जाने से पेयजल संकट गहराने की?? ओर शासन - प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराये जाने के बाद हरकत में आये प्रशासन ने बीते बुधवार को समस्या से निजात दिलाने गंगरेल का पट खोल दिया है लेकिन यह पानी समाचार लिखे जाने तक लखौली नहीं पहुंचा है। जानकारी के अनुसार शुरुआती 5 सौ क्यूसेक के डिस्चार्ज को दो भागों में बांट महानदी मुख्य नहर व मांढर शाखा नहर में प्रवाहित किया जा रहा है जिसके चलते पानी की दौड़ काफी धीमी है । सूत्रों के अनुसार डिस्चार्ज को क्रमशः धीरे - धीरे बढ़ाया जावेगा और इसकी शुरुआत कर दी गयी है। ज्ञातव्य हो कि गर्मी के चलते तालाबों के सूखते जाने की वजह से ग्रामों में जहां निस्तारी संकट उठ खड़ा होना शुरू हो गया है वहीं भूगर्भीय जल स्त्रोत के नीचे जाते जाने की वजह से पेयजल समस्या भी सामने आना शुरू हो चुका है जिसे की तालाबों के भरने से एक सीमा तक रोका जा सकता है । ग्रामीणों की मांग व ज्वलंत समस्या को देखते हुते बीते मंगलवार को जहां बंगोली सिंचाई उपसंभाग के अधीन आने वाले 10 सिंचाई पंचायतों के पूर्व अध्यक्षों ने जहां विभागीय अधिकारियों से अविलंब गंगरेल से निस्तारी पानी छोड़ने की गुहार लगाई थी वहीं रायपुर जिला जल उपभोक्ता संस्था संघ के अध्यक्ष रहे भूपेन्द्र शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व मुख्य सचिव विकासशील सहित क्षेत्रीय सांसद बृजमोहन अग्रवाल को मेल से ज्ञापन भेज गंगरेल से निस्तारी पानी छुड़वाने का आग्रह किया था । इसके पहले अभनपुर क्षेत्र से विधायक रहे पूर्व सिंचाई मंत्री धनेन्द्र साहू ने भी निस्तारी पानी की समस्या को लेकर शासन - प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया था ।

मासूम बच्चों की चेहरों पर मुस्कान कर्मचारियों का जन्मदिन बना यादगार

रायपुर/नवप्रदेश। जिले में शासकीय कर्मचारियों के जन्मदिन अब केवल व्यक्तिगत आयोजन नहीं रह गए हैं, बल्कि समाज सेवा का माध्यम बनते जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशानुसार प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना और न्योता भोज के अंतर्गत संचालित ÷प्रोजेक्ट आओ बाँटें खुशियाँ÷ का उद्देश्य ही है - खुशियों को बाँटना, और इस पहल को शासकीय कर्मचारी पूरे उत्साह के साथ अपना रहे हैं। इसी क्रम में आज स्टाफ नर्स सुश्री नीतू शर्मा ने आंगनबाड़ी केंद्र भैंसा, तिल्दा एवं फिजियोथेरेपिस्ट सुश्री पूनम सोनी ने आंगनबाड़ी केन्द्र महासमुंद में विद्यार्थियों के साथ जन्मदिवस के अवसर पर बच्चों के साथ केक काटकर, फल और पौष्टिक आहार वितरित कर इस दिन को विशेष बनाया।

जीके टीएमटी का सीएसआर पहल रायपुर ट्रैफिक व्यवस्था को मिला सहयोग

रायपुर/नवप्रदेश। शहर में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जीके टीएमटी ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के अंतर्गत रायपुर ट्रैफिक विभाग को सहयोग प्रदान किया है। इस पहल के तहत जीके टीएमटी द्वारा 50 ट्रैफिक बैरिकेड्स उपलब्ध कराए गए हैं, साथ ही शहर के प्रमुख स्थानों पर 2 यूनिपोल्स भी स्थापित किए गए हैं। इस कार्य को रायपुर ट्रैफिक विभाग के साथ समन्वय में, डीएसपी गुरजीत सिंह के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक पूरा किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य शहर में यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम बनाना और सड़क सुरक्षा मानकों को मजबूत करना है।

गंज थाना पुलिस ने 4 पुरूष और 2 महिला को किया गिरफ्तार

अंतर्राज्यीय तस्कर गिरोह का खुलासा 11 लाख का गांजा सहित 7 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट, एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और गंज थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। पुलिस ने 4 पुरुष, 2 महिलाओं और एक नाबालिग सहित कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 22.450 किलोग्राम गांजा जब्त किया है, जिसकी कीमत करीब 11.22 लाख रुपये बताई जा रही है। यह कार्रवाई स्मृतिक राजनाला (डीसीपी क्राइम एंड साइबर) और उमेश प्रसाद गुप्ता (डीसीपी मध्य क्षेत्र) के संयुक्त निर्देशन में की गई।

पुलिस को सूचना मिली थी कि तेलघानी नाका चेकिंग पॉइंट के पास कुछ लोग बैग में गांजा लेकर कहीं जाने की फिराक में हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्धों को पकड़कर तलाशी ली। तलाशी के दौरान अलग-अलग बैगों में गांजा बरामद हुआ।

जांच में सामने आया कि आरोपी मूल रूप से ओडिशा और मध्यप्रदेश के रहने वाले हैं, जो ओडिशा से गांजा लाकर मध्यप्रदेश में तस्करी करने की योजना बना रहे थे। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफगंज थाना में नारकोटिक एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में शांतनु मलिक, रोमियो मलिक, जुलियत मलिक, राहुल मलिक, रश्मिता दीगल और दीपा दीगल शामिल हैं, जबकि एक नाबालिग को विधि अनुसार कार्रवाई के लिए भेजा गया है। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर इस नेटवर्क के अन्य सदस्यों और सप्लाई चेन की जानकारी जुटा रही है। अधिकारियों के अनुसार, आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

गुरुनानक देवजी जन सेवा समिति ने तय किए सेवादारों के नाम

रायपुर/नवप्रदेश। श्री गुरुनानक देव जी जन सेवा समिति दलदल सिवनी मोवा द्वारा गुरुद्वारा श्री गुरु हरि किशन साहिब बाला-प्रीतम, मोवा, रामपुर (छ.ग.) में हाजरा हजूर गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज जीहिजूरी में प्रधान सेवक बल्लू वीर गुरुद्वारा धन हान बाबा बुड्डा साहिबजी रामपुर एवं प्रधान वीरजी गुरुद्वारा प्रधान सेवक सुल्याणी कार दौलतानी गुरुद्वारा श्री गुरु हरिकिशन वाहिन बाला प्रीतम, मोवा रायपुर की अगुवाई में नई सेवादार रीन का गुरु कांथ साहिब जी महाराज जी के चरणों में 20 पर्चीया सेवादारों के नाम की रखी गई जिसमे से बाल रूप संगेत द्वारा 12 पर्चीया निकाली गई जो की 12 सेवादार जिनका नाम गुरखर कि सेवा में अगले 2 साल तक 01 अप्रेल 26 से 31 मार्च 2028 तक गुरुद्वारा साहेब की सभी सेवाओं में नये पुराने सभी सेवादारों को लेकर गुरु

घर की मर्यादा एवं गुरमत का ध्यान में रखकर सेवा भावना का परिचय देना हो जो सेवादारों के नाम पर्चिया निकली है वो इस प्रकार है। रवि दौलतानी, अम्ब्रेश ददलतानी वाहेगुरु जी का खालसा वाहेगुरु जी की फतेह, अमर सचदेव, मैनचेस्टर सच्रेत, विनोद खत्री, अनेश शेवानी, ऐसी राम अंदाती, कुमार नवलानी, संजय किगरानी, नन्दलाल नन्द लाल लखिसरानी, विक्रम भागवानी, सागर भागवानी वल्लों, गुरुद्वारा गुरु हरिकिशन साहिब बाला प्रितम, मोना, पुर प्रधान, सुलवणी कौर दौलतानी आदि सेवादारो के नाम तय किये गए।

नए वित्तीय वर्ष में रायपुर प्रेस क्लब में होगी हाईटेक और पारदर्शी एकाउंटिंग व्यवस्था

■ **कार्यकारणी बैठक में अहम फैसलों को मंजूरी**

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर प्रेस क्लब कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष मोहन तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में महासचिव गौरव शर्मा, उपाध्यक्ष दिलीप साहू, कोषाध्यक्ष दिनेश यदु, संयुक्त सचिव भूपेश जांगड़े सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे। वहीं संयुक्त सचिव निवेदिता साहू वर्चुअल माध्यम से बैठक में जुड़ी । बैठक में नए वित्तीय वर्ष को लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने पर सहमति बनी। क्लब की वित्तीय व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाने के उद्देश्य से एकाउंटिंग सिस्टम को हाईटेक करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए डे टू डे अकाउंट मेंटेन करने हेतु पार्ट टाइम अकाउंटेंट रखने पर भी सहमति बनी । इस दौरान पिछले वित्तीय वर्षों के आय-व्यय का लेखा-जोखा को लेकर अब तक प्राप्त जवाब और रिकॉर्ड को पदाधिकारियो के बीच विचारार्थ रखा गया, जिस पर सदस्यों ने समीक्षा की और आवश्यक सुझाव लिए गए, साथ ही वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के वित्तीय अंकेक्षण की स्थिति और अंकेक्षण के साथ वित्तीय लेखों की जांच के लिए एक जांच कमेटी गठित करने का निर्णय लिया गया, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके।

न्यूनतम वेतन में मामूली बढ़ोतरी से मजदूरों के साथ न्याय नहीं

■ **भाजपा सरकार सिर्फ दिखावा कर रही**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता सत्यप्रकाश सिंह ने राज्य में न्यूनतम वेतन में की गई हालिया वृद्धि को लेकर कहा कि यह बढ़ोतरी महज औपचारिकता है और महंगाई के इस दौर में श्रमिकों के साथ अन्याय है। आज के समय में बढ़ती महंगाई, खाद्य पदार्थों, पेट्रोल -डीजल की कीमतों, किराया और दैनिक जरूरतों के खर्च को देखते हुए यह राशि बेहद अपर्याप्त है। दिखावे कि मामूली बढ़ोतरी से श्रमिकों के जीवन स्तर में कोई वास्तविक सुधार नहीं होने वाला। प्रदेश प्रवक्ता सत्यप्रकाश सिंह ने कहा कि राज्य सरकार केंद्र सरकार के द्वारा निर्धारित नेशनल फ्लोर वेज National Floor Wage हम और मजदूरों के हितों की अनदेखी कर, केंद्र सरकार के द्वारा निर्धारित अकुशल श्रमिकों के लिए 20,358 प्रति माह तय होने के बावजूद विष्णुदेव साय सरकार 11,402 प्रतिमाह तय कि है और अत्यंत कुशल श्रमिकों के लिए केंद्र सरकार के द्वारा निर्धारित 26,910 प्रतिमाह की जगह 13,612

प्रतिमाह इस सरकार ने तय किया है! यह दर्शाता है कि राज्य सरकार श्रमिकों के हितों के साथ खिलवाड़ कर रही है। प्रदेश प्रवक्ता सत्य प्रकाश सिंह ने कहा कि सरकार भले ही अपनी मामूली बढ़त दिखा कर अपनी उपलब्धियां दिखाने की कोशिश कर रही है मगर वास्तविकता इसके उलट है,उन्होंने कहा कि यदि सरकार वास्तव में श्रमिकों के प्रति संवेदनशील है तो न्यूनतम वेतन को कम से कम केंद्र सरकार के द्वारा निर्धारित 20,358 रुपये प्रति माह किया जाये।

कुंवरगढ़ महोत्सव में छत्तीसगढ़ी कला-संस्कृति की धूम

रायपुर/नवप्रदेश। ऐतिहासिक कुंवरगढ़ महोत्सव के दूसरे दिन आयोजित सांस्कृतिक संध्या में छत्तीसगढ़ी लोक कला, संगीत एवं हास्य का मनमोहक संगम देखने को मिला। विभिन्न कलाकारों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने पूरे पंडाल को तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रसिद्ध गायक विवेक शर्मा की ऊर्जावान प्रस्तुति से हुई। उन्होंने अपने लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों में उत्साह का संचार किया। इसके पश्चात लोक गायिका गरिमा दिवाकर ने भक्ति एवं लोक संगीत का सुंदर समन्वय प्रस्तुत करते हुए वातावरण को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। उभरती कलाकार चम्पा निषाद ने भी अपने मधुर गीतों से दर्शकों का मन मोह लिया। सांस्कृतिक संध्या में हास्य कलाकार पप्पू चंद्राकर ने अपनी प्रस्तुति से विशेष आकर्षण बटोरा। उन्होंने दैनिक जीवन से जुड़े प्रसंगों पर हास्य व्यंग्य प्रस्तुत कर दर्शकों को खूब गुदगुदाया। महोत्सव के तीसरे एवं अंतिम दिन भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला जारी रहेगा। आज आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के ख्यातिप्राप्त कलाकार अनुराग शर्मा, छाया चंद्राकर, कंचन जोशी, शैलेश साव एवं रेखा जलक्षत्री अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

भाजपा नेता के अवैध शराब के धंधे को किसका संरक्षण थाः सिंह

रायपुर/नवप्रदेश। कांकेर जिला भाजपा अनुसूचित जाति अध्यक्ष के ढाबा में अवैध शराब पकड़ाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कांकेर जिला भाजपा एससी, एसटी अध्यक्ष ईश्वर कावड़े के ढाबा में अवैध शराब बेचा जा रहा था। आखिर इन्हें किसका संरक्षण है? ईश्वर कावड़े की तस्वीर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, गृहमंत्री विजय शर्मा के साथ वायरल हो रही है। लगातार भाजपा नेताओं के अवैध कारोबार का पकड़े जा रहे है। जिस प्रकार से अवैध शराब, अफीम की खेती,रेत तस्करी, में भाजपा नेताओं की संलिप्तता उजागर हो रही है अब भाजपा को अपने संगठन में एक तस्कर प्रकोष्ठ बना लेना चाहिये। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा राजनांदगांव में महतारी एक्सप्रेस का उपयोग शराब तस्करी के लिए किया जा रहा था।

भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सवः सेवा कार्य करने वाले पांच संगठनों को मिला विशिष्ठ सम्मान

मुख्यमंत्री ने 11 लोगों को जैन रत्न आलंकरण से किया सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव की ओर से 2625वीं महावीर जयंती के पावन अवसर पर दादाबाड़ी में समाज के रत्नों को सम्मानित किया गया। मुख्य कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 समाजजनों और पांच संगठनों को उल्लेखनीय सेवाकार्य के लिए का सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंच से जैन रत्न अलंकरण और विशिष्ठ सम्मान से सम्मानित किया। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए पत्रकारिता के क्षेत्र में स्टार जैन और नेमचंद खुशालचंद बटाविया, शिक्षा के क्षेत्र में अर्चना जैन, नमन गोलछा, दिशा जैन, जैन समाज की पहली युवती वकालत

के क्षेत्र में सुगंधा जैन, सुप्रीम कोर्ट स्टैंडिंग काउंसिल ऑफ़ छत्तीसगढ़, दानशीलता के लिए सुरेश बाघमार जैन, समाजसेवा के क्षेत्र में अजय मधुकर काले, जैन समाज की पहली महिला पायलेट, उद्यमिता के क्षेत्र में ऋतु एस चौरड़िया, न्यायलीन सेवा के क्षेत्र में करूणा सिंगी को सम्मानित किया गया। भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति के संरक्षक एवं छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री राजेश मूणत के मार्गदर्शन में यह पावन पर्व मनाया गया। महोत्सव में भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा, सत्य और करुणा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का एक सार्थक प्रयास किया गया। महोत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रेश शाह, महासचिव गोल्डी लूनिया, कोषाध्यक्ष विकास सेठिया, कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत बैद और सचिव आनंद जैन ने जानकारी दी कि महोत्सव के अंतर्गत धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला निरंतर चलती रही। महोत्सव समिति, समता युवा संघ तथा अन्य सामाजिक संगठनों के सहयोग से विभिन्न विशेष आयोजन किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेकर आस्था और सेवा भाव से जुड़े।

विशिष्ठ सम्मान से नवाजे गए पांच संगठन

भगवान महावीर जयंती के मुख्य कार्यक्रम में पांच संगठनों को विशिष्ठ सम्मान प्रदान किया गया, जिसमें विहार सेवा ग्रुप को साधु-साध्वी वैयावच्च के लिए, भगवान महावीर जैन रिलीफट्रस्ट को समाज सेवा चिकित्सा सेवा के लिए, जैन प्रयास ग्रुप को निशुल्क दवा वितरण के लिए, श्री साधुमार्गी जैन समता युवा संघ रायपुर को धर्म सेवा प्रभावना के लिए और मनुबाई आसकरण चोपड़ा चौरिटेबल ट्रस्ट को निशुल्क भोजन वितरण के लिए सम्मानित किया गया।

अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन तिथि 10 अप्रैल तक बढ़ी

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय सेना द्वारा अग्निवीर भर्ती के लिए आधिकारिक वेब पोर्टल www.joinindianarmy.nic.in के माध्यम से 13 फरवरी 2026 से 01 अप्रैल 2026 तक ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू की गई थी, जो अब बढ़ा कर 10 अप्रैल 2026 कर दी गई है। इस भर्ती प्रक्रिया में 17 वर्ष 6 माह से 21 वर्ष तक आयु वर्ग के वे युवा आवेदन करने के पात्र हैं, जिनकी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं पास से लेकर स्नातक अथवा डिप्लोमा उत्तीर्ण तक है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देशानुसार जिले के युवाओं को आवेदन प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करने के लिए ब्लॉक स्तर पर आवश्यक व्यवस्था की गई है।

न्यूज गैलरी

आवासीय भूखंड का व्यावसायिक उपयोग पर अब लगेगा भारी जुर्माना

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) ने आवासीय भूखंडों के दुरुपयोग पर सख्ती बढ़ा दी है। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि आवासीय प्रयोजन के लिए आवंटित भूखंडों का व्यावसायिक उपयोग अब महंगा पड़ेगा। लगातार मिल रही

शिकायतों को देखते हुए आरडीए ने जुर्माने की राशि कई गुना तक बढ़ा दी है। नई व्यवस्था के तहत 4 हजार वर्गफुट से अधिक क्षेत्रफल वाले भूखंड पर व्यावसायिक उपयोग करने पर जुर्माना 3.50 लाख रुपए से बढ़ाकर 35 लाख रुपए तक कर दिया गया है। यह निर्णय हाल ही में हुई संचालक मंडल की बैठक में लिया गया, जिसमें सभी सदस्यों ने सहमति जताई। आवासीय भूखंडों के व्यावसायिक उपयोग पर जुर्माना वर्ष 2020 में तय किया गया था। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में ऐसे मामलों में बढ़ोतरी होने के कारण अब दरों को संशोधित किया गया है।

मंडल रेल प्रबंधक दयानंद ने वित्तीय उपलब्धियों पर मीडिया से की चर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। आज दिनांक 03 अप्रैल,2026 को मंडल रेल प्रबंधक श्री दयानंद ने रायपुर रेल मंडल में वित्तीय वर्ष 2025 - 2026 की उपलब्धियों पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में रायपुर के पत्रकारों से चर्चा की। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान संपूर्ण भारतीय रेलवे के साथ ही साथ रायपुर मंडल में आधारभूत संरचना, माल लदान,

यात्री परिवहन एवं यात्री सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। इस दौरान नई लाइनों का निर्माण, चौथी लाइन कार्य में प्रगति, अमृत भारत स्टेशनों के कार्य में प्रगति । यात्री सुविधाओं के विकास का बेहतर क्रियान्वयन तथा प्रमुख स्टेशनों में नई-नई यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में पहल की गई। माल लदान के क्षेत्र में भी नए कीर्तिमान स्थापित किए गए। इसी संदर्भ में मंडल रेल प्रबंधक श्री दयानंद ने मंडल सभाकक्ष में प्रेसवार्ता कर मीडिया के प्रतिनिधियों से परिचर्चा की। मंडल की प्रमुख महत्वपूर्ण उपलब्धियों, यात्री सुविधाओं एवं विभिन्न विकासात्मक कार्यों की जानकारी साझा की इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अवधेश कुमार त्रिवेदी भी उपस्थित रहे। वित्तीय वर्ष 2025-26 में रायपुर मंडल ने राजस्व, संरक्षा, तकनीकी नवाचार एवं यात्री सुविधाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भारतीय रेल में एक आदर्श मंडल के रूप में अपनी पहचान स्थापित की है।

योग क्रीड़ा भारती केंद्र भनपुरी द्वारा श्रीहनुमान जन्मोत्सव मनाया गया

रायपुर/नवप्रदेश। आज भनपुरी योग आश्रम में क्रीडा भारती रायपुर महानगर के द्वारा संचालित योग क्रीडा केन्द्र भनपुरी में। श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया।कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक चार के पार्षद एवं रायपुर नगर निगम एम. आई. सी मेम्बर(खेल,कूद युवा, कल्याण विभाग)श्री नंदकिशोर साहू क्रीडा केन्द्र प्रभारी- डॉ छगन लाल सोनवानी, योगाचार्य श्री संजय वस्त्रकार जी शिक्षक श्री अनीरूद्ध धीवर जी,चांद अहमद् हेमंत कौशल, सुरज यादव, गजेंद्र बघेल,कु.अंजली पटेल,एवं क्रीडा केन्द्र के नन्हे नन्हे छात्र- छात्राओं की उपस्थिति में मनाया गया। तथा बच्चों में खेल के माध्यम से छात्र छात्राओं में शारीरिक ,मानसिक, व्यक्तित्व का विकास कैसे होता है डॉ छगन लाल सोनवानी ने बताया।और पार्षद ने खेल होने वाले लाभ को गिनाया।

नेशनल हाईवे में चाकू दिखाकर लूट की कोशिश, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर ग्रामीण पुलिस ने चाकू दिखाकर लूट की कोशिश करने वाले आरोपी को त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बटनदार चाकू भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार 2-3 अप्रैल की

दरम्यानी रात थाना धरसींवा क्षेत्र के ग्राम सांकरा हाईवे स्थित पंजाब बैट्री वर्क्स के पास प्रार्थी गणेश कुमार चंद्राकर अपने पिकअप वाहन के पास खाना खा रहा था। इसी दौरान आरोपी सागर रजक वहां पहुंचा और चाकू दिखाकर उसे डराने-धमकाने लगा। आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए शराब पीने के लिए पैसों की मांग की। विरोध करने पर उसने प्रार्थी पर चाकू से हमला करने की कोशिश की। घटना के समय तिल्दा नेवरा थाना प्रभारी निरीक्षक रमाकांत तिवारी रात्रि गश्त पर थे और मौके से गुजर रहे थे। उन्होंने तत्काल हस्तक्षेप कर प्रार्थी को बचाया। पुलिस को देख आरोपी मौके से भागने लगा। इसके बाद निरीक्षक रमाकांत तिवारी और उनकी टीम ने आरोपी का पीछा किया। अंधेरा होने के बावजूद करीब 3 किलोमीटर तक पीछा कर पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा।

चाकू लहराकर लोगों को डराने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया

रायपुर/नवप्रदेश। असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना डीडी नगर पुलिस ने एक चाकूबाज को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक बटनदार स्टील का चाकू भी जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार 1 अप्रैल 2026 को डीडी नगर क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सरोना रेलवे स्टेशन के पास ओवरब्रिज के बाजू में एक युवक हाथ में चाकू लहराते हुए आम लोगों को डरा-धमका रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी चाकू रखने के संबंध में संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कमल साहू उर्फकमल नारायण साहू (25 वर्ष), निवासी कुम्हारी, जिला दुर्ग के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक बटनदार चाकू जब्त किया है।

आत्मसमर्पण से आत्मनिर्भरता: सुकमा में युवाओं को मिली नए जीवन की मजबूत नींव

■ कलेक्टर ने लाइवलीहुड कॉलेज में 32 पुनर्वासित युवाओं को मेसन किट वितरण किया

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन की मानवीय, संवेदनशील एवं दूरदर्शी पुनर्वास नीति अब नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बदलाव की नई कहानी लिख रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जिला प्रशासन लगातार ऐसे प्रयास कर रहा है, जिससे आत्मसमर्पित माओवादी युवाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सके। इसी क्रम में जिला मुख्यालय सुकमा स्थित लाइवलीहुड कॉलेज में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में 32 आत्मसमर्पित युवाओं को रोजगारोन्मुख मेसन (राजमिस्त्री) किट प्रदान की गई। कार्यक्रम कलेक्टर श्री अमित कुमार के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर ने युवाओं से संवाद कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कलेक्टर श्री अमित कुमार ने कहा कि पुनर्वास केवल आत्मसमर्पण तक सीमित नहीं है। हमारा लक्ष्य है कि आप सभी को स्थायी आजीविका, आत्मनिर्भरता और समाज में सम्मान मिले। आज दी जा रही मेसन किट केवल औजार नहीं, बल्कि आपके नए जीवन की मजबूत नींव है। निर्माण कार्यों में रोजगार की संभावनाएं लगातार बढ़ रही हैं। राजमिस्त्री का कार्य ऐसा कौशल है जिससे आप मेहनत और ईमानदारी के बल पर कुशल कारीगर बनकर आगे चलकर स्वरोजगार, ठेकेदारी और उद्यमिता की ओर भी बढ़ सकते हैं। मुझे विश्वास है कि आप इस अवसर का पूरा लाभ उठाएंगे और प्रशिक्षण व अनुशासन के साथ अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएंगे।

इस पहल के माध्यम से जिला प्रशासन ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि पुनर्वास का अर्थ केवल मुख्यधारा में लौटना नहीं, बल्कि आत्मसम्मान के साथ जीवन को नई दिशा देना है। मेसन किट मिलने से युवाओं को निर्माण कार्यों में रोजगार और स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे, जिससे वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को बेहतर बना सकेंगे।

जनजातीय प्रतिभाओं को मिला राष्ट्रीय मंच, खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स बना नए अवसरों का द्वार :साव

खेलो इंडिया का आयोजन जनजातीय प्रतिभाओं के लिए ऐतिहासिक और यादगार मंच: सीएम साय

■ समापन में बॉक्सर मेरीकॉम और फुटबॉलर बाइचुंग भूटिया हुए शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पंडित दीनदयाल आडिटोरियम रायपुर में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 10 दिनों में छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर जो जोश और ऊर्जा देखने को मिली, उसने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन देश की आदिवासी प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करने और उनकी खेल क्षमता को सामने लाने का अनूठा अवसर साबित हुआ है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके विजन और मार्गदर्शन के कारण छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की मेजबानी का गौरव प्राप्त हुआ। साथ ही केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के निरंतर सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से छत्तीसगढ़ आज देश के खेल मानचित्र में प्रमुख स्थान पर स्थापित हुआ है। उन्होंने कहा कि अब यह गेम्स प्रतिवर्ष छत्तीसगढ़ में आयोजित किए जाएंगे, जो राज्य के लिए गर्व का विषय है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जनजातीय समाज और खेल का रिश्ता सदियों पुराना है। तीरंदाजी, दौड़ और कुश्ती जैसे खेल जनजातीय जीवन का अभिन्न हिस्सा रहे हैं। उन्होंने स्वयं के जनजातीय पृष्ठभूमि का उल्लेख करते हुए कहा कि जनजातीय समाज में अपार ऊर्जा और प्रतिभा निहित है, जिसे सही मंच मिलने पर देश-विदेश में पहचान मिल सकती है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि देश की एकता, संस्कृति और कौशल का महाकुंभ बनकर उभरा है। देशभर के 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के जनजातीय खिलाड़ियों ने इसमें भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह आयोजन आदिवासी युवाओं को सशक्त बनाने और खेलों को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि खिलाड़ियों ने केवल जीत के लिए नहीं, बल्कि साहस और उत्कृष्टता की नई कहानियां रचने के लिए प्रतिस्पर्धा की है। उन्होंने यह साबित किया है कि प्रतिभा केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं, बल्कि बस्तर, सरगुजा, झारखंड और पूर्वोत्तर के दूरस्थ क्षेत्रों में भी भरपूर है। समारोह में मुख्यमंत्री श्री साय ने पदक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले कर्नाटक, द्वितीय स्थान ओडिशा और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले झारखंड के खिलाड़ियों को बधाई दी। साथ ही छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ ने कुल 19 पदक (03 स्वर्ण, 10 रजत और 06 कांस्य) हासिल किए हैं। उन्होंने खिलाड़ियों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि स्विमिंग में अनुष्का भगत ने 4 रजत पदक जीते, निखिल खलखो और न्यासा पैकरा ने भी पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन किया। एथलेटिक्स में सिद्धार्थ नागेश ने स्वर्ण और रजत पदक जीते, वहीं अन्य खिलाड़ियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वेटलिफ्टिंग में निकिता ने स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश की बेटियों का मान बढ़ाया। बालिका वर्ग फुटबॉल टीम ने स्वर्ण और बालक वर्ग हॉकी टीम ने कांस्य पदक जीतकर राज्य का गौरव बढ़ाया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को भविष्य के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि निरंतर मेहनत और समर्पण से वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सफलता प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने पदक विजेताओं के लिए नगद पुरस्कार की घोषणा भी की। व्यक्तिगत स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक के लिए 2 लाख रुपये, रजत के लिए 1.5 लाख रुपये और कांस्य के लिए 1 लाख रुपये प्रदान किए जाएंगे।

वहीं दलीय स्पर्धाओं में स्वर्ण के लिए 1 लाख रुपये, रजत के लिए 75 हजार रुपये और कांस्य के लिए 50 हजार रुपये देने की घोषणा की गई। मुख्यमंत्री ने अंत में सभी खिलाड़ियों, कोच, आयोजन समिति, अधिकारियों और सहयोगी संस्थाओं को इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने के लिए बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में छत्तीसगढ़ जनजातीय खेलों का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा।

एचएलएल को बिना टेंडर पैथोलॉजी जांच सौंपना नियम विरुद्ध: डॉ. राकेश

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि शासकीय अस्पतालों में पैथोलॉजी जांच का कार्य हिंदुस्तान लाईफ केयर लिमिटेड को सौंपना नियमों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि कंपनी 14 अप्रैल से जगदलपुर में काम शुरू करने जा रही है, लेकिन पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता से परे है। डॉ. गुप्ता ने बताया कि सामान्य वित्तीय नियमावली 2017 और केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार किसी भी पीएसयू को बिना निविदा प्रक्रिया के सीधे कार्य सौंपना सामान्यतः प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा कि जीएफआर नियम 133(3) के तहत ऐसे मामलों में विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों के बीच प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करना अनिवार्य है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना टेंडर के किसी पीएसयू को काम केवल विशेष परिस्थितियों-जैसे आपातकाल, एकमात्र उपलब्ध स्रोत या बार-बार टेंडर विफल होने की स्थिति-में ही दिया जा सकता है, जो इस मामले में लागू नहीं होते। साथ ही, सीवीसी के निर्देशों के अनुसार नामांकन के आधार पर ठेका देना समानता के अधिकार का उल्लंघन माना जा सकता है। डॉ. गुप्ता ने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया में न तो कोई गैप एनालिसिस किया गया है और न ही यह स्पष्ट किया गया है कि वर्तमान सरकारी संसाधनों और प्रस्तावित जांच सेवाओं के बीच क्या अंतर है।

सूर्यकांत के करीबी को नहीं मिली बेल

■ कोयला घोटाला: पैसे पहुंचाने का काम करता था देवेंद्र डडसेना

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने बहुचर्चित कोयला लेवी घोटाले के सरगना सूर्यकांत तिवारी के करीबी आरोपी देवेंद्र डडसेना की जमानत याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास की सिंगल बेंच ने कहा कि आर्थिक अपराध गंभीर श्रेणी में आते हैं।

ऐसे मामलों में जमानत देने में विशेष सावधानी बरतनी जरूरी है। यह समाज और अर्थव्यवस्था के लिए घातक है। कोयला घोटाले में ईओडब्ल्यू और एसीबी ने आईपीसी की धारा 384, 420, 120-बी, 467, 468, 471 और प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट की धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। प्रवर्तन निदेशालय की जांच में सामने आया कि कोयला परिवहन पर अवैध वसूली का बड़ा नेटवर्क संचालित किया जा रहा था। इस नेटवर्क के तहत प्रति टन 25 रुपए की अवैध वसूली की जा रही थी। जांच एजेंसियों के अनुसार, जुलाई 2020 से जून 2022 के बीच इस सिंडिकेट की ओर से करीब 540 करोड़ रुपए की अवैध वसूली की गई। इस पूरे मामले में कई नौकरशाह, कारोबारी और अन्य लोग शामिल पाए गए हैं। हाईकोर्ट में पेश दस्तावेजों और केस डायरी के अनुसार देवेंद्र डडसेना कथित तौर पर इस सिंडिकेट की अहम कड़ी था, उस पर अवैध वसूली की रकम लेने और बांटने का आरोप है। जब्त की गई डायरी और गवाहों के बयानों में लगभग 52 करोड़ रुपए के लेन-देन का जिक्र है। जांच में यह भी सामने आया कि यह राशि राजनीतिक और अन्य खर्चों में उपयोग की गई। आरोपी की ओर से कहा गया कि उसे झूठा फंसाया गया है।

मास्टरमाइंड सूर्यकांत का करीबी रहा है देवेंद्र

आरोप है कि मास्टरमाइंड सूर्यकांत तिवारी ने अफसरों और नेताओं की मिलीभगत से 570 करोड़ रुपए से अधिक की वसूली कराई। वसूली का काम देवेंद्र डडसेना और एक अन्य व्यक्ति संभालते थे। लेन-देन के लिए वॉट्सऐप पर पाल, दुर्ग, वीकली, टावर और जुगनू नाम से ग्रुप बनाए

गए थे, जिनमें बातचीत में कोडवर्ड का इस्तेमाल किया जाता था।

अमरकोट धान खरीदी घोटाला: 1.65 करोड़ की हेराफेरी कर फरार दो आरोपी अब गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। महासमुंद पुलिस ने सरायपाली थाना क्षेत्र के अमरकोट धान उपार्जन केंद्र में हुए 1.65 करोड़ रुपये से अधिक के घोटाले में दो फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में शासन को 1 करोड़ 65 लाख 80 हजार 908 रुपये की आर्थिक क्षति हुई थी। पुलिस के अनुसार, यह मामला धान खरीदी वर्ष 2024-25 का है।

अमरकोट उपार्जन केंद्र में भौतिक सत्यापन के दौरान कुल 14,221 बोरी के मुकाबले 11,416 बोरी धान कम पाया गया। 40 किलो प्रति बोरी के हिसाब से यह कमी 4566.40 क्विंटल धान की थी, जिसकी अनुमानित कीमत 3100 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से करोड़ों में थी। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर के प्रार्थी अमृत लाल जगत की शिकायत पर सरायपाली थाने में धोखाधड़ी और गबन की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। जांच में उपार्जन केंद्र प्रभारी कार्तिकेश्वर यादव, बारदाना प्रभारी तेजराम पटेल और कंप्यूटर ऑपरेटर राजेंद्र पटेल को दोषी पाया गया। इस मामले में कंप्यूटर ऑपरेटर राजेंद्र पटेल ने 2 फरवरी 2026 को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया था। हालांकि, उपार्जन केंद्र प्रभारी कार्तिकेश्वर यादव और बारदाना प्रभारी तेजराम पटेल लंबे समय से फरार चल रहे थे।

पुलिस ने तकनीकी जांच और मुखबिर की सूचना के आधार पर 3 अप्रैल 2026 को दोनों फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मुंधा निवासी कार्तिकेश्वर यादव (56) और चकरदा निवासी तेजराम पटेल (33) शामिल हैं। उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

अखिल भारतीय बाघ आंकलन 2026: वन विकास निगम ने बीट स्तर पर किया सघन सर्वे

बाघ गणना का काम पूरा, डिजिटल तकनीक का उपयोग

रायपुर/नवप्रदेश। वन मंत्री श्री केदार कश्यप के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के औद्योगिक वृक्षारोपण मंडल, जगदलपुर में 'अखिल भारतीय बाघ आंकलन 2026' के अंतर्गत फील्ड स्तर का सर्वे कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इस दौरान निगम के अमले ने अपने प्रबंधन वाले वन क्षेत्रों में बीट स्तर पर व्यापक सर्वे अभियान चलाया। सर्वे कार्य वैज्ञानिक पद्धति के आधार पर किया गया। मैदानी कर्मचारियों ने प्रत्येक बीट में ट्रेल और ट्रांसेक्ट सर्वे के माध्यम से वन्यजीवों की उपस्थिति दर्ज की।

लाइन ट्रांसेक्ट सर्वे के तहत निर्धारित लाइनों पर पैदल चलकर शाकाहारी वन्यजीवों की संख्या, घनत्व और उनके निवास क्षेत्र की गुणवत्ता का आकलन किया गया। ट्रेल सर्वे के अंतर्गत वन क्षेत्रों की पगडंडियों और जलस्रोतों के आसपास बाघ, तेंदुआ सहित अन्य मांसाहारी वन्यजीवों के प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष साक्ष्यों का निरीक्षण किया गया। इसमें पगमार्क, मल (स्कैट) और पेड़ों पर खरोंच के निशानों का अध्ययन शामिल रहा। इस पूरे अभियान में आधुनिक डिजिटल तकनीक का उपयोग किया गया। सभी जानकारी को M-STrIPES ऐप के माध्यम से रियल टाइम में दर्ज किया गया, जिससे डेटा की पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित हुई।

वन विकास निगम के अधिकारियों के अनुसार, औद्योगिक वृक्षारोपण क्षेत्रों में सागौन सहित अन्य प्रजातियों के बीच वन्यजीवों की आवाजाही से जुड़े आंकड़े भविष्य की संरक्षण और प्रबंधन योजनाओं के लिए उपयोगी साबित होंगे। यह सर्वे यह भी दर्शाता है कि वन विकास निगम के अधीन क्षेत्र केवल व्यावसायिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि वन्यजीव संरक्षण और जैव विविधता के लिए भी महत्वपूर्ण हैं।

बिजली दर वृद्धि के खिलाफ आप ने किया ऑफिस का घेराव, सौंपा ज्ञापन

रायपुर/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी ने छत्तीसगढ़ में प्रस्तावित बिजली दर वृद्धि और बदहाल बिजली व्यवस्था को लेकर बीजेपी सरकार पर जोरदार हमला हुए आज 2 अप्रैल को बिरगांव के बिजली ऑफिस का घेराव कर अपनी 6 सूत्री मांगो पर वितरण कंपनी के एमडी के नाम ज्ञापन दिया । पार्टी ने कहा कि सरकार को जनता पर बार-बार बिजली दर बढ़ाकर आर्थिक बोझ डालने के बजाय बिजली उत्पादन और प्रबंधन सुधारने पर ध्यान देना चाहिए।

पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में अघोषित बिजली कटौती, स्मार्ट मीटर तकनीक का दुरुपयोग, और लगातार खराब प्रबंधन से आम जनता त्रस्त है। यह स्थिति दर्शाती है कि ऊर्जा विभाग पूरी तरह ब्यूरोक्रेट्स के प्रभाव में काम कर रहा है, जिससे जनहित की अनदेखी हो रही है। आपने हाल ही में लागू किए गए नए टेंडर सिस्टम को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। पार्टी ने कहा कि यह पूरा सिस्टम अधिकारियों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करता है और यही कारण है कि अघोषित बिजली कटौती की समस्या, विभाग के एमडी की लापरवाही और लगातार खराब प्रबंधन के कारण प्रदेश की बिजली व्यवस्था चरमरा गई है।

तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट के रनवे पर उतरा अनूठा धार्मिक जुलूस

मलयालम पंचांग के 'पैनकुनी' महीने से जुड़ा पैनकुनी आराट्टू अनुष्ठान देवताओं के समुद्र में पवित्र स्नान के माध्यम से सांकेतिक शुद्धिकरण का प्रतीक है। दस दिवसीय उत्सव के अंतिम दिन भगवान पद्मनाभस्वामी, नरसिंह और कृष्णस्वामी के विग्रहों को भव्य रूप से सजाए गए जुलूस के साथ मंदिर से एयरपोर्ट रनवे के माध्यम से लगभग छह किलोमीटर दूर स्थित शांगुमुगम समुद्र तट तक ले जाया जाता है।

तिरुवनंतपुरम/नवप्रदेश। वैश्विक नागरिक उड्डयन में विरले ही देखने को मिलने वाले एक दृश्य के तहत, दक्षिण भारत के तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने एक बार फिर अपने उच्च-सुरक्षा रनवे को सदियों पुराने धार्मिक जुलूस के लिए औपचारिक मार्ग में परिवर्तित कर दिया। 2 अप्रैल को प्रसिद्ध श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर के पैनकुनी आराट्टू जुलूस के आयोजन के लिए एयरपोर्ट पर लगभग चार घंटे के लिए उड़ान परिचालन अस्थायी रूप से रोक दिया गया। आधुनिक विमानन अवसंरचना द्वारा जीवंत विरासत को दिया गया यह सम्मान एक दुर्लभ और प्रेरक उदाहरण है। लगभग दो किलोमीटर लंबे रनवे को हर वर्ष इस पवित्र अनुष्ठान के लिए खोला जाता है, जिससे तिरुवनंतपुरम उन गिने-चुने वैश्विक हवाई अड्डों में शामिल हो जाता है, जहाँ रनवे को श्रद्धा और धार्मिक परंपरा के सम्मान में समर्पित किया जाता है। इस जुलूस का पारंपरिक नेतृत्व त्रावणकोर के पूर्व राजपरिवार द्वारा किया जाता है, जिसने वर्ष 1932 में इस एयरपोर्ट का निर्माण कराया था। वर्तमान में हवाई अड्डे का संचालन अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (॥रु)–अदाणी समूह की कंपनी–द्वारा किया जा रहा है, जिसने 2021 में प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से इसके परिचालन अधिकार प्राप्त किए थे। प्रबंधन में बदलाव के बावजूद, यह ऐतिहासिक परंपरा दशकों से बिना किसी व्यवधान के निरंतर चली आ रही है।

न्यूज गैलरी

27 भाजपा प्रत्याशियों की सूची जारी, पूर्व राज्यपाल भी प्रत्याशी

नई दिल्ली/चेन्नई। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में कुछ दिन ही बचे हैं। इसी बीच भाजपा ने शुक्रवार को 27 उम्मीदवारों को सूची जारी की। पूर्व राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन को भाजपा ने टिकट दिया है। वह मायलापुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रही है। वहीं, डॉ. एल मुरुगन को भाजपा ने अविनाशी (एससी) सीट से टिकट दिया है। वह वर्तमान में सूचना एवं प्रसारण; एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री के रूप में कार्यरत हैं। इससे पहले वह मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री के रूप में भी कार्य किया। वहीं, वनाथी श्रीनिवासन को कोयंबटूर (उत्तर) सीट से चुनावी मैदान में है। उन्होंने पिछले चुनाव में इस सीट पर कमल हासन को हराया था। वर्तमान में वह भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष भी है। नैनार नागेंद्रन को सातुर विधानसभा सीट से टिकट मिला है। वह अभी राज्य में भाजपा अध्यक्ष हैं। विलावनकोड सीट से एस. विजयधारणी से चुनावी मैदान में हैं। वह 2021 में कांग्रेस के टिकट पर जीती थीं। हालांकि लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुईं।

आरपीएससी पुलिस भर्ती परीक्षा में अब केवल एक छात्र ही बैठेगा

नई दिल्ली/(वार्ता)। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान एसआई भर्ती परीक्षा को लेकर अपने 2 अप्रैल के आदेश में बड़ा बदलाव किया है। कोर्ट ने अब 713 की जगह सिर्फ एक छात्र सूरज मल मीणा को 5-6 अप्रैल की परीक्षा में बैठने की अनुमति दी है। आरपीएससी की अपील पर शीर्ष अदालत ने माना कि पहले आदेश के वक्त कुछ तथ्य छिपाए गए थे। बाकी छात्रों को अब हाईकोर्ट के अंतिम फैसले का इंतजार करना होगा। राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) की सब-इंस्पेक्टर (एसआई) और प्लाटून कमांडर भर्ती परीक्षा 2025 को लेकर एक बेहद चौंकाने वाली खबर आई है। सुप्रीम कोर्ट ने छुट्टी के दिन स्पेशल बेंच बैठाकर अपने ही एक दिन पुराने फैसले को बदल दिया है। शीर्ष अदालत ने इस नए आदेश के बाद अब 713 की जगह सिर्फ एक छात्र ही परीक्षा में बैठ पाएगा। दरअसल, आरपीएससी की ओर से 5 और 6 अप्रैल को होने वाली इस बड़ी परीक्षा में करीब 1,015 पदों के लिए 7 लाख 70 हजार से ज्यादा उम्मीदवार बैठने वाले हैं। यह परीक्षा पहले धांधली और पेपर लीक के आरोपों के चलते रद्द कर दी गई थी। जब आयोग ने दोबारा परीक्षा कराने का फैसला लिया, तो उन छात्रों को उम्र में कोई छूट नहीं दी गई जो इस बीच ओवरएज यानी अधिक उम्र के हो गए। इसी बात को लेकर छात्र पहले हाईकोर्ट गए थे। हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने छात्रों को परीक्षा में बैठने की इजाजत दे दी थी, लेकिन बाद में डबल बेंच ने इस पर रोक लगा दी।

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के मद्देनजर 10 अप्रैल को मॉक ड्रिल का आयोजन

देहरादून(वार्ता)। गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) तथा उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) ने चारधाम यात्रा के दौरान किसी भी आपदा की स्थिति तथा आकस्मिकता के निपटने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में आगामी 10 अप्रैल को चारधाम यात्रा के दृष्टिगत एक मॉक ड्रिल आयोजित की जायगी। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने शुक्रवार को बताया कि एनडीएमए के सीनियर कंसलटेंट मेजर जनरल सुधीर बहल (अप्रा) ने मॉक ड्रिल के आयोजन तथा संचालन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

असम के हर जिले में एक बहुत बड़ी डेयरी देने का काम हम करेंगे

असम में लागू करेंगे यूसीसी, आप असम में मोदी और हिमंता की सरकार बना दीजिए: अमित शाह

गुवहाटी/ए.। अमित शाह ने असम गोलपारा के दुधनोई में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 'असम ने अपनी संस्कृति की रक्षा के लिए NDA को फिर से चुनने का फैसला किया है और असम में युवाओं की मौत पर कांग्रेस ने राजनीतिक रोटी सेंकी है। आगे बोलते हुए यूसीसी पर अमित शाह का बड़ा बयान सामने आया है।

अमित शाह ने कहा कि 'आप असम में मोदी जी और हिमंता की सरकार बना दीजिए , असम में यूसीसी लागू करेंगे। यूसीसी आदिवासी भाइयों के लिए नहीं लगेगी, किसके लिए लगाना है ये हमें पता है।' शाह ने कहा- 'घुसपैठ पर रोक लगाने के बावजूद, असम के युवा शिकायत कर रहे हैं कि घुसपैठियों की बढ़ती आबादी के कारण उनकी संख्या बढ़ रही है। असम में हमारी सरकार बनने पर, हम असम में ष्ष्ट लागू करेंगे। तब कोई भी चार बार शादी नहीं कर पाएगा। कांग्रेस पार्टी आदिवासी समुदायों को यूसीसी को लेकर डराती है। मैं यह कहना चाहता हूँ कि आदिवासियों को यूसीसी के दायरे से बाहर रखा जाएगा। हम जानते हैं कि यूसीसी किस पर लागू किया जाना है।'

अमित शाह ने कहा कि दूधनोई नदी को दूध की नदी कहा जाता था, इसलिए इसका ये नाम पड़ा।लेकिन यहां एक भी डेयरी नहीं है। आप यहां भाजपा सरकार बनाइए, असम के हर जिले में एक बहुत बड़ी डेयरी और हर tribe के घर में एक गाय और एक भैंस देने का काम हम करेंगे। इससे पहले अमित शाह ने दो अप्रैल को आरोप लगाया कि कांग्रेस ने राज्य में अपने 15 साल के शासनकाल में असम के विकास के लिए कुछ नहीं किया।

असम के कलियाबोर में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने विश्व प्रसिद्ध काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान को घुसपैठियों के हवाले कर दिया, जिन्होंने वन भूमि पर अतिक्रमण किया और एक सींग वाले गैंडे को खतरे में डाल दिया।

'आप हमें 5 साल दे दीजिए, चुन-चुनकर निकाल घुसपैठिए'

शाह ने कहा कि देशभर के आदिवासी समाज की, जनजातियों की कला, संस्कृति, खानपान, वेशभूषा, संगीत और उनके नृत्य को विश्वभर में बढ़ाने का काम मोदी जी ने किया है। उन्होंने आगे कहा-'कांग्रेस ने असम को घुसपैठियों का अड्डा बनाया। हमने सारे घुसपैठियों को चिन्हित कर लिया है, आप हमें 5 साल दे दीजिए, सभी घुसपैठियों को हम चुन-चुनकर निकाल देंगे।'

'एनडीए सरकार ने ही अतिक्रमणकारियों को खदेड़ा'

उन्होंने कहा, एनडीए सरकार ने ही अतिक्रमणकारियों को खदेड़ा और यह सुनिश्चित किया कि काजीरंगा एक बार फिर विश्व पर्यटन मानचित्र पर अपनी जगह बनाए। शाह ने गुरुवार को चुनाव वाले पूर्वोत्तर राज्य के दौरे पर आए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा, कांग्रेस ने अपने शासनकाल में राज्य के लिए क्या किया?

बांग्लादेश में गहराया ऊर्जा संकट दुकान-मॉल तक रात 8 बजे बंद

ढाका/ए.। पश्चिम एशिया में जारी जंग का असर बांग्लादेश पर दिखने लगा है। बांग्लादेश में ऊर्जा और फ्यूल संकट गहराने लगा है, जिसके बाद नई नवेली तारिक रहमान सरकार ने पाबंदियां लगाने की घोषणा कर दी है। बांग्लादेश में ऑफिस से लेकर मॉल तक एक तय समय तक ही खुलेंगे। ताकि देश में मौजूद फ्यूल को बचाया जा सके और ऊर्जा की खपत को कम किया जा सके। सरकार ने दफ्तरों के कामकाजी घंटे कम करने और सरकारी खर्च में कटौती करने का फैसला किया है, ताकि बिजली और ईंधन की मांग पर नियंत्रण रखा जा सके। बांग्लादेश ने दफ्तरों का समय सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक तय किया है। ऊर्जा बचाने के उपाय के तौर पर, पूरे बांग्लादेश में सभी दुकानें, रिटेल आउटलेट और शॉपिंग मॉल हर दिन रात 8 बजे तक बंद हो जाएंगे। इसी के साथ, बढ़ती ऊर्जा लागत के दबाव को संभालने के लिए सरकार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वित्तीय सहायता जुटाने की कोशिश कर रही है। ईंधन और तरलीकृत प्राकृतिक गैस के आयात के भुगतान में मदद के लिए बांग्लादेश ने 2.5 अरब डॉलर से अधिक की बाहरी फंडिंग की मांग की है, क्योंकि लगातार बढ़ती कीमतों से देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है।

बांग्लादेश में गहराता जा रहा है ईंधन-ऊर्जा संकट

चूंकि बांग्लादेश अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर है, इसलिए अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध से पैदा हुई कीमतों में उतार-चढ़ाव और आपूर्ति की अनिश्चितता का उस पर सीधा असर पड़ा है। रिपोर्ट्स के अनुसार बांग्लादेश की सरकारी एजेंसियां करीब 17.5 करोड़ लोगों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं। वैश्विक बाजार में जारी अस्थिरता को देखते हुए सरकार पारंपरिक ईंधन पर निर्भरता कम करने और ऊर्जा के नए व वैकल्पिक स्रोतों की खोज पर भी जोर दे रही है।

मालदा में हुई घटना एक सोची समझी साजिश थी: ममता बनर्जी

कोलकाता/(वार्ता)। पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक माहौल गरमाता जा रहा है। इसी बीच शुक्रवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए। ममता बनर्जी ने कहा कि मालदा में हाल ही में हुई घटना एक सुनियोजित साजिश थी, जिसका उद्देश्य राज्य में अशांति फैलाना था। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके लिए बाहर से लोगों को बुलाया गया था। हाजरीपाड़ा मैदान में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने दावा किया, मालदा की घटना की जांच सीआईडी कर रही है। लोगों को मुंबई से लाया गया था और पूरी योजना पहले से तैयार की गई थी। जहां एनआईए उन्हें पकड़ने में नाकाम रही, वहीं हमारी सीआईडी ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, यह घटना उस समय हुई जब बड़ी संख्या में लोग चुनावी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि करीब 1.20 करोड़ मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं या हटाने की प्रक्रिया में हैं। ममता बनर्जी ने मतदाताओं, खासकर महिलाओं से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि मतदान के दिन झाड़ू लेकर निकलें और वोट के जरिए जवाब दें। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्रीय बलों, खासकर सीआरपीएफ का इस्तेमाल बीजेपी के पक्ष में किया जा सकता है। इस बीच, राज्य सीआईडी ने बागडोगरा एयरपोर्ट से वकील और पूर्व AIMIM उम्मीदवार मोफक्करुल इस्लाम को गिरफ्तार किया है, जिसे इस साजिश का मुख्य आरोपी बताया जा रहा है। वहीं, चुनाव आयुक्त के निर्देश और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एनआईए ने इस मामले में प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने इस घटना को न्यायिक अधिकारियों को डराने और उनके काम में बाधा डालने की सोची-समझी कोशिश बताया है और केंद्रीय एजेंसी से जांच कराने को कहा है।

भाजपा इस मुद्दे का राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश कर रही

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि बीजेपी इस मुद्दे का राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा किए गए बड़े पैमाने पर प्रशासनिक तबादलों पर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि 506 अधिकारियों के ट्रांसफर में से 483 केवल बंगाल से हैं, जिसमें डीजीपी और मुख्य सचिव जैसे अहम पद भी शामिल हैं।

मुझे खामोश कराया, हारा नहीं हूं: राघव चड्ढा

आप बोली- कोई मोदी से डर जाए तो क्या लड़ेगा, कल राज्यसभा उपनेता पद से हटाया था

चंडीगढ़/ए.। आम आदमी पार्टी सांसद राघव चड्ढा ने राज्यसभा में उपनेता पद से हटाए जाने को लेकर शुक्रवार को पहली प्रतिक्रिया दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर किए वीडियो में कहा- मुझे खामोश करवाया गया है, लेकिन मैं हारा नहीं हूं। आम आदमी को ये मेरा संदेश है। राघव चड्ढा ने कहा कि मैंने पब्लिक के मुद्दे उठाए, इससे आप को क्या नुकसान हुआ? वीडियो के आखिर में उन्होंने आप को चेतावनी दी कि आवाज खामोश कराने वालों के सामने मैं सैलाब बनकर आऊंगा। हालांकि, राघव ने न तो पार्टी के किसी नेता का नाम लिया और न ही पार्टी छोड़ने या आगे की रणनीति को लेकर कुछ कहा।

उधर आप के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनुराग ढांडा ने कहा कि राघव चड्ढा सदन में पार्टी के मुद्दे उठाने के बजाय एयरपोर्ट की कैंटीन में समोसे सस्ते करवाने की बात करते उठाते थे। सदन में पार्टी के लाए प्रस्ताव पर भी भाई साहब ने साइन करने से मना कर दिया था। निडरता पहली पहचान है हमारी। कोई मोदी से डर जाए तो लड़ेगा क्या देश के लिए? पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कहा कि कई बार फैसले विपक्ष के साथ मिलकर भी लेने पड़ते हैं। अगर कोई पार्टी लाइन के खिलाफ जाता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाती है। आप ने गुरुवार को चड्ढा को राज्यसभा के उपनेता पद से हटा दिया था। पंजाब से ही राज्यसभा सांसद अशोक मित्तल को उनकी जगह दे दी। पार्टी ने राज्यसभा सचिवालय को पत्र लिखकर जानकारी दी थी। लेटर में कहा कि चड्ढा को सदन में पार्टी की तरफ से बोलने का समय न दिया जाए। पार्टी ने इस फैसले की वजह नहीं बताई। राघव 2022 से पंजाब से राज्यसभा सांसद हैं। उनका कार्यकाल 2028 तक है। हालांकि, राघव चड्ढा ने लंबे समय से पार्टी से दूरी बना ली थी और आप को लेकर कोई बयान नहीं दिया। यहां तक कि पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल के जेल जाने के वक्त वह यूके में थे।

हम केजरीवाल के सिपाही हैं, निडरता हमारी पहचान

उन्होंने कहा कि हम केजरीवाल के सिपाही हैं। निडरता हमारी पहली पहचान है। अगर कोई मोदी से डरता है, तो क्या वह देश के लिए लड़ेगा? संसद में पार्टी को बोलने के लिए बहुत कम समय मिलता है, इस समय में हम या तो देश को बचाने के लिए संघर्ष कर सकते हैं, या फिर हवाई अड्डे की कैंटीन में समोसे सस्ते करवाने की मांग कर सकते हैं

रियलमी-16 5जी भारत में हुआ लॉन्च

रायपुर/ए.। भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन, रियलमी ने आज रियलमी 16 5जी पेश किया। यह नई जनरेशन के युवा यूज़र्स के लिए बनाया गया है, जो अपनी क्रिएटिविटी, पोर्ट्रेट फोटोग्राफी के साथ रोजमर्रा की विज़ुअल स्टोरीटैलिंग प्रदर्शित करना चाहते हैं। इसमें ए.आई आधारित ड्युअल 50 मेगापिक्सल का पोर्ट्रेट कैमरा और जबरदस्त सेल्फी इनोवेशन दिए गए हैं। साथ ही 7,000 एम.ए.एच की शक्तिशाली बैटरी के बावजूद अल्ट्रा-लाईट रियलमी 16 5जी मिड-रेंज का सबसे बेहतर स्मार्टफोन है। रियलमी 16 5जी में 50 मेगापिक्सल के फ्रंट कैमरा और सोनी आईएमएक्स852 50 मेगापिक्सल रियर कैमरा के साथ एडवांस्ड ड्युअल 50 मेगापिक्सल का पोर्ट्रेट कैमरा सिस्टम दिया गया है, जो नई जनरेशन के युवा यूज़र्स को ए.आई पोर्ट्रेट फोटोग्राफी का बेहतरीन अनुभव प्रदान करता है। इसके रियर कैमरा में 1/2.83 इंच का विशाल सेंसर, एफ1.8 एपर्चर और ऑटोफोकस क्षमता है, जिसकी मदद से रोशनी की मुश्किल परिस्थितियों में भी शार्प डिटेल और भरोसेमंद इमेज परफॉर्मेंस मिलती है। 50 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा इमेज को और अधिक बेहतर बनाकर नैचुरल स्किन टोन और खूबसूरती से तराशे हुए फेशियल फीचर्स प्रदान करता है। इसलिए यह व्यक्तिगत सेल्फी और ग्रुप पोर्ट्रेट के लिए शानदार है और 30,000 रुपये से कम मूल्य का सबसे अच्छा स्मार्टफोन है। रियलमी 16 5जी में एक और खूबी है। इसमें उद्योग का पहला रियर सेल्फी मिरर दिया गया है, जिसकी मदद से यूज़र्स मेन कैमरा द्वारा रियल टाईम में शॉट ले सकते हैं। ऑरा रिंग फ्लैश एक समान रोशनी के साथ शॉट्स को और अधिक सुंदर बना देता है। "से हाय" जैस्चर रिकग्निशन और वॉयस काउंटडाउन रियर-कैमरा सेल्फी और अधिक इन्ट्यूटिव, इंटरैक्टिव और सोशल बना देते हैं। रियलमी 16 5जी में उसी ल्युमाकलर इमेज इंजन का उपयोग किया गया है, जो रियलमी 16 प्रो में है।

10 गेंदों पर महज 8 रन बनाए, स्ट्राइक रेट पर उठे सवाल, अजिंक्य रहाणे बोले- लोग मुझसे जलते हैं

नई दिल्ली/ए.। आईपीएल 2026 में कोलकाता नाइट राइडर्स को अभी तक दो मैच में हार मिल चुकी है। पहले मैच में मिली हार से कम सवाल उठे थे लेकिन, हैदराबाद के खिलाफ मिली हार ने साफ कर दिया है कि समस्या सिर्फ चोटिल गेंदबाजों तक सीमित नहीं है। बल्कि केकेआर के मिडिल ऑर्डर में भी कुछ समस्याएं हैं। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में रहाणे हैदराबाद के खिलाफ मिली हार का एक प्रमुख कारण बीच के ओवरों में साझेदारी न बन पान बताया। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पहले मैच में भी केकेआर ने बीच के ओवरों में ही मोमेंटम गंवाया था। उस मैच में KKR ने 10 ओवर में 120 रन बना दिए थे, लेकिन अगले 10 ओवरों में टीम सिर्फ 102 रन ही जोड़ सकी। हैदराबाद के खिलाफ भी कहानी लगभग वही रही। शुरुआती पांच ओवर में 67 रन ठोकने के बावजूद टीम उस रफ्तार को बरकरार नहीं रख पाई। इस मैच में रहाणे ने खुद 10 गेंदों पर महज 8 रन बनाए, जिसके बाद उनके स्ट्राइक रेट पर सवाल उठना लाजमी था। हालांकि, आमतौर पर शांत रहने वाले रहाणे ने इस बार जवाब थोड़ा अलग तरीके से दिया। मुंबई के खिलाफ रहाणे ने 40 गेंद पर 67 रन की पारी खेली थी। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 167.50 का रहा था। रहाणे ने आगे के मैच में रणनीति में बदलाव करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि कोच और टीम थिंक टैंक्स से नई रणनीति पर बात की जा रही है। याद हो कि जब कोलकाता को ओपनिंग साझेदारी में कोई समस्या होती है तो सुनील नरेन का नाम सबसे पहले एक विकल्प के तौर पर देखा जाता है।

रिलीज होते ही चर्चा में आया 'थंगा नचथिरम' का टीजर, इंटरनेट पर छिड़ी बहस

मुंबई/ए.। साउथ सिनेमा में अब तक कई प्रभावशाली व्यक्तियों की कहानी पर फिल्में बनी है। इसी बीच हाल ही में फिल्म 'टीएन 2026' का टीजर रिलीज हुआ है। रिलीज के बाद से ही यह टीजर सुर्खियां बटोर रहा है। इसकी वजह है कि सोशल मीडिया पर यूजर्स इसे एक मशहूर दक्षिण भारतीय अभिनेता से जोड़ रहे हैं। नट्टी नटराजन अभिनीत फिल्म 'थंगा नचथिरम' का टीजर गुरूवार को रिलीज हुआ। इसमें एक ऐसे व्यक्ति की कहानी दिखाई गई जो फिल्मी दुनिया का सुपरस्टार है। इसी स्टारडम के साथ वह राजनीति में कदम रखता है। यह टीजर रिलीज होते ही वायरल हो गया। जहां कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने चुनाव के दौरान इस फिल्म को रिलीज करने पर सवाल उठाए तो वहीं कुछ ने इसे सुपरस्टार थलापति से जोड़कर इसका मजाक बनाया। फिल्म की कहानी को विजय के फैंस भी अपने फेवरेट स्टार से जोड़ रहे हैं। टीजर में दिखाया गया कि एक फिल्म स्टार जिसके लाखों फैंस हैं वो राजनीति में उतरने के बाद मुख्यमंत्री बनने का सपना देखता है। टीजर में अभिनेता नट्टी नटराजन का पहनावा और हाव-भाव भी विजय से मिलते -जुलते दिख रहे है।

ऐसे में विजय के फैंस इसकी आलोचना भी कर रहे हैं। कुछ यूजर्स ने तो चुनाव के बीच इस फिल्म को सर्टिफिकेट दिए जाने पर सीबीएफसी पर निशाना भी साधा।

'थंगा नचथिरम' का निर्देशन उमापति रामैया ने किया है। वहीं नट्टी नटराजन इसमें मुख्य किरदार में हैं। उनके अलावा इस फिल्म में थम्बी रमैया, एमएस भास्कर, रेडिन किंग्सले और याशिका आनंद भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे। यह 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

न्यूज गैलरी

वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए लगे शिविर

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयुष्मान - कार्ड बनाने विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। - इसी कड़ी में जैन एडवोकेट ग्रुप की ओर से जैन मंदिर दादा बाड़ी परिसर आयुष्मान कार्ड शिविर का आयोजन किया - गया। इसमें 300 से ज्यादा पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाए गए। इसमें बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक शामिल रहे। शिविर के दौरान लोगों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के फायदे, पात्रता एवं योजना के अंतर्गत कवर बीमारियों की भी जानकारी भी दी गई। 70 साल एवं उससे ज्यादा के बुजुर्गों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए हुए अपना पंजीयन कराया। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार योजना के तहत पात्र वरिष्ठ नागरिकों को हर साल 5 लाख तक का निशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। जल्द नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों या च्वाइस सेंटरों में जाकर अपना पंजीयन करवा लें।

विशाखापट्टनम के एक्सपर्ट की निगरानी में बनेगा खारुन ब्रिज

रायपुर/नवप्रदेश। दुर्ग-रायपुर को जोड़ने वाले खारुन ब्रिज की मरम्मत को लेकर नेशनल हाईवे और ठेका एजेंसी के बीच बैठक हुई। बैठक में नेशनल हाईवे और ठेका एजेंसी के बीच ब्रिज की मौजूदा स्थिति और आगे की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की। काफी मशक्कत के बाद तकनीकी बिंदुओं पर विचार-विमर्श के बाद आखिरकार दोनों विभागों के बीच सहमति बन गई। बैठक में सबसे अहम निर्णय यह लिया गया कि अब खारुन ब्रिज का निर्माण और मरम्मत कार्य विशाखापट्टनम के ओल्ड डिजाइन ब्रिज एक्सपर्ट की निगरानी में कराया जाएगा। अधिकारियों का मानना है कि एक्सपर्ट की देखरेख में कार्य होने से तकनीकी गुणवत्ता बेहतर रहेगी और भविष्य में किसी प्रकार की खामी की संभावना कम हो जाएगी। नेशनल हाईवे के अफसरों ने बताया कि ब्रिज पर सड़क का डामरीकरण, स्पांसन ज्वाइंट और जैकटिंग जैसे जरूरी काम कराया जाएगा। ये कार्य ब्रिज की मजबूती और सुरक्षित संचालन के लिए आवश्यक माने जा रहे हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इन सभी कार्यों को एक्सपर्ट की निगरानी में तय मानकों के अनुसार पूरा किया जाएगा। बैठक में बेयरिंग की स्थिति को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। पहले यह आशंका जताई जा रही थी कि बेयरिंग को बदलना पड़ सकता है, जिससे निर्माण कार्य की लागत और समय दोनों बढ़ सकते थे।

अग्निवीर भर्ती : आवेदन की तारीख बढ़ी, अब 10 अप्रैल तक मौका

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन करने की तारीख आगे बढ़ा दी गई है। सेना में भर्ती होने

के इच्छुक युवा अब 10 अप्रैल 2026 तक आवेदन कर सकेंगे। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 1 अप्रैल तय की गई थी। अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। दरअसल, भारतीय सेना ने 13 फरवरी 2026 को भर्ती प्रक्रिया शुरू की थी। भर्ती के लिए वे युवा ही पात्र हैं, जिनकी आयु 17 वर्ष 6 माह से 21 वर्ष के बीच है। इस भर्ती में 8वीं पास से लेकर स्नातक या डिप्लोमा धारक उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी रोजगार कार्यालय, नगरीय निकाय, पॉलिटेक्निक कॉलेज, शासकीय महाविद्यालय, आईटीआई, जनपद पंचायत और नगर पंचायतों में जाकर आवेदन से जुड़ी जानकारी ले सकते हैं। इसके अलावा रोजगार कार्यालय रायपुर में सेना भर्ती के लिए विशेष हेल्प डेस्क भी बनाया गया है, जहां से उम्मीदवार सीधे सहायता प्राप्त कर सकते हैं। जिले में अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर प्रशासन ने ब्लॉक स्तर पर विशेष व्यवस्था की है।

पोस्ट बेसिक नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन 10 अप्रैल तक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) ने पोस्ट बेसिक नर्सिंग में एडमिशन के लिए आवेदन मंगाया है। नर्सिंग कोर्स में एडमिशन के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 10 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। व्यापमं के नोटिफिकेशन के अनुसार इसके लिए 21 मई को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा एक पाली में सुबह 10 से 12.15 बजे के बीच होगा। परीक्षा के लिए रायपुर एक मात्र केंद्र होगा। व्यापमं अपने वेबसाइट पर 11 मई तक प्रवेश पत्र जारी कर देगा। बता दें कि चिकित्सा शिक्षा विभाग से मिले प्रस्ताव के आधार पर छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने पोस्ट बेसिक नर्सिंग प्रवेश परीक्षा की तिथि तय की है।

लकड़ी के अवैध परिवहन पर कार्रवाई, पिकअप वाहन जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। वन मंत्री श्री केदार कश्यप के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम द्वारा वन क्षेत्रों में अवैध कटाई, अतिक्रमण और उत्खनन पर रोक लगाने के लिए लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। प्रबंध संचालक के निर्देश पर सभी परियोजना मंडलों में नियमित गश्त और निगरानी की जा रही है, जिससे वन सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो रही है। इसी क्रम में कोटा परियोजना मंडल, बिलासपुर की टीम ने गश्त के दौरान बड़ी कार्रवाई की। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर भैंसाझार परिक्षेत्र के बछाली बीट में ग्राम नवापारा और उमरमरा के बीच सड़क मार्ग पर एक पिकअप वाहन को रोककर जांच की गई। जांच के दौरान वाहन में साल प्रजाति की 27 नग लकड़ी (चिरान/चौखट) अवैध रूप से परिवहन करते हुए पाई गई। टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए जितो प्लस पिकअप वाहन (क्रमांक छत्त-10BL-4663) को जब्त कर लिया। इस मामले में वाहन चालक रघुवीर कश्यप के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 41(2) (ख) और धारा 52 के तहत वन अपराध दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई क्षेत्रीय महाप्रबंधक बिलासपुर और मंडल प्रबंधक कोटा के मार्गदर्शन में परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी के नेतृत्व में की गई। टीम में सहायक क्षेत्रपाल, क्षेत्ररक्षक एवं अन्य वन कर्मचारी शामिल रहे। वन विकास निगम के प्रबंध संचालक श्री प्रेम कुमार ने इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के लिए टीम को बधाई दी है। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को इसी तरह सतर्क रहकर वन सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

थोक दवा कारोबार के लिए बीएससी अनिवार्य, 12वीं के आधार पर नहीं मिलेगा लाइसेंस

रायपुर/नवप्रदेश। दवाइयों के थोक कारोबार (होलसेल मेडिकल) के लाइसेंस को लेकर बड़ा बदलाव किया गया है। अब इस क्षेत्र में लाइसेंस लेने के लिए बीएससी की डिग्री अनिवार्य कर दी गई है। 12वीं के आधार पर लाइसेंस जारी करने की व्यवस्था खत्म कर दी जाएगी। यह निर्णय ड्रग टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड द्वारा लिया गया है, जिसमें ड्रग एंड कॉस्मेटिक रूल 1945 के नियम 64 में संशोधन पर सहमति दी गई है। नए नियम के तहत अब 'सक्षम व्यक्ति' की शैक्षणिक योग्यता में बीएससी डिग्री जरूरी होगी।

7 हजार से ज्यादा कारोबारी होंगे प्रभावित

छत्तीसगढ़ में वर्तमान में 7 हजार से अधिक थोक दवा कारोबारी हैं, जिनमें से अधिकांश ने 12वीं की अंकसूची के आधार पर लाइसेंस प्राप्त किया है। अकेले रायपुर में ही 1 हजार से ज्यादा होलसेल दवा व्यापारी पंजीकृत हैं। पहले 12वीं के साथ 4 साल का अनुभव और बीएससी के साथ 1 साल का अनुभव पर्याप्त था, लेकिन अब केवल बीएससी डिग्री धारकों को ही लाइसेंस मिलेगा।

फैसले के विरोध में कैंपेन शुरू

नए नियम के विरोध में छत्तीसगढ़ के फार्मेसी कॉलेजों में अभियान शुरू किया गया है। छात्र और संस्थान नियम 64 में बीएससी को अनिवार्य करने के खिलाफपत्राचार और ई-मेल के जरिए आपत्ति दर्ज करा रहे हैं।

सप्लाई चेन में पारदर्शिता का दावा

सरकार ने थोक दवा विक्रेताओं के लिए अलग लाइसेंस फॉर्म जारी करने का प्रस्ताव भी रखा है। इसके तहत बल्क ड्रग, एनडीपीसी कैटेगरी और कच्चे माल के विक्रेताओं के लिए अलग-अलग लाइसेंस व्यवस्था लागू की जा सकती है।

फार्मासिस्ट अनिवार्यता की भी उठी मांग

इस फैसले के बाद इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने नियमों को और सख्त करने की मांग की है। एसोसिएशन के प्रतिनिधि राहुल वर्मा का कहना है कि दवा कारोबार के लिए केवल पंजीकृत फार्मासिस्टों को ही लाइसेंस मिलना चाहिए, ताकि दवाइयों के सही उपयोग और गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके।

पावर प्लांट से राखड़ युक्त पानी छोड़ने से नगर निगम की बढ़ी टेंशन

हसदेव नदी में 'जहर' का खुलासा, लोगों में दहशत

कोरबा/नवप्रदेश। शहर की जीवनरेखा मानी जाने वाली हसदेव नदी को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा सामने आया है। नगर पालिक निगम कोरबा ने आधिकारिक पत्र जारी कर गंभीर आरोप लगाया है कि हसदेव ताप विद्युत गृह (पश्चिम) से निकलने वाला राखड़ युक्त प्रदूषित पानी सीधे हसदेव नदी की बायीं तट नहर में छोड़ा जा रहा है। यह वही नहर है, जिससे शहर को पेयजल आपूर्ति की जाती है। इस खुलासे के बाद पूरे शहर में हड़कंप मच गया है और लोगों में दहशत के साथ आक्रोश भी बढ़ता जा रहा है।

निगम के पत्र में बड़ा खुलासा: नगर निगम द्वारा 13 मार्च 2026 को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटघोरा को भेजे गए पत्र में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि शहर की जल आपूर्ति के लिए हसदेव नदी से इंटेकवेल के माध्यम से पानी लिया जाता है, जिसे फिल्टर प्लांट में शुद्ध कर सप्लाई किया जाता है। पत्र में कहा गया है कि हसदेव ताप विद्युत गृह (पश्चिम) द्वारा बड़ी मात्रा में राखड़ युक्त पानी नहर में छोड़ा जा रहा है, जिससे नदी का पानी दूषित हो रहा है।



पेयजल की गुणवत्ता पर सीधा असर

निगम ने साफतौर पर चेतावनी दी है कि दूषित पानी की आपूर्ति से शहरवासियों में जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। लंबे समय तक इस तरह का पानी उपयोग में आने से पेट, त्वचा और अन्य गंभीर बीमारियां फैलने की आशंका जताई गई है।

जल आपूर्ति व्यवस्था भी खतरे में

मामले का एक और गंभीर पहलू यह है कि नदी में बढ़ती राखड़ की मात्रा से इंटेकवेल की कार्यक्षमता प्रभावित हो रही है। इससे शहर की नियमित जल आपूर्ति बाधित हो सकती है। निगम ने इसे भविष्य में संभावित जल संकट का संकेत बताया है।

जनता में बढ़ता आक्रोश, आंदोलन की चेतावनी

इस खुलासे के बाद शहर में लोगों का गुस्सा साफनजर आ रहा है। सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों ने साफ कहा है कि अगर जल्द इस पर रोक नहीं लगी, तो वे सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। लोगों का सवाल है कि आखिर कब तक उन्हें दूषित पानी पीने के लिए मजबूर किया जाएगा।

सबसे बड़ा सवाल

अब पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या जिम्मेदार विभाग समय रहते कार्रवाई करेगा या फिर कोरबा की जनता जहरीले पानी के खतरे के बीच जीने को मजबूर रहेगी। फिलहाल, इस खुलासे ने प्रशासनिक तंत्र की कार्यप्रणाली और पर्यावरण संरक्षण के दावों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

पर्यावरण नियमों का उल्लंघन

निगम ने इस पूरे मामले को पर्यावरण नियमों का खुला उल्लंघन बताया है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि इस तरह का कृत्य नगरपालिक निगम अधिनियम 1956 के प्रावधानों के विपरीत है।

प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग

नगर निगम ने अनुविभागीय अधिकारी से मांग की है कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच कराई जाए और प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। साथ ही संबंधित ताप विद्युत गृह के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने को भी कहा गया है।

आर्थिक कुप्रबंधन और कूटनीतिक विफलता से बढ़ी महंगाई: कांग्रेस

सारंगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए महंगाई बढ़ने के लिए आर्थिक कुप्रबंधन और कूटनीतिक विफलता को जिम्मेदार ठहराया गया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सरकार की नीतियों के कारण आम जनता का जीवन स्तर लगातार गिरता जा रहा है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने हाल ही में कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 195 रुपये की बढ़ोतरी की है। इससे पहले बीते तीन महीनों में ही 525 रुपये की वृद्धि हो चुकी थी। वहीं, घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में भी पिछले सप्ताह 62 रुपये की बढ़ोतरी की गई है, जिससे आम परिवारों पर अतिरिक्त बोझ पड़ा है। पार्टी नेताओं ने कहा कि सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी कम कर राहत देने का दावा किया था, लेकिन अब फिर से पेट्रोल के दामों में वृद्धि हो रही है। कुछ स्थानों पर यह बढ़ोतरी 4 रुपये तक दर्ज की गई है। इसके साथ ही एवीएशन फ्यूल के दाम बढ़ने से हवाई यात्रा भी महंगी हो गई है। कांग्रेस ने खाद्य सामग्री की बढ़ती कीमतों पर भी चिंता जताई। खाद्य तेल, दूध, मावा और अन्य राशन सामग्री के दामों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिससे आम आदमी के किचन का बजट बिगड़ गया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि खाद्य तेल के दाम जहां पहले 70 रुपये प्रति लीटर तक पहुंचने में वर्षों लगे, वहीं अब यह 200 रुपये के पार पहुंच चुका है।

पत्रकार वार्ता में यह भी कहा गया कि घरेलू गैस सिलेंडर, जिसे पहले 400 रुपये महंगा बताया जाता था, अब 900 से 1000 रुपये तक पहुंच गया है। कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत भी 1580 रुपये से बढ़कर 1691 रुपये हो गई है।

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार को आम जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है और सरकार की नीतियां केवल पूंजीपति वर्ग को लाभ पहुंचाने वाली हैं। देश के संसाधनों और सार्वजनिक उपक्रमों का लाभ कुछ चुनिंदा लोगों तक सीमित किया जा रहा है, जबकि आम जनता महंगाई से जूझ रही है। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार का उल्लेख करते हुए कांग्रेस ने कहा कि उस समय मनरेगा के माध्यम से रोजगार की कानूनी गारंटी दी गई थी।

नए शिक्षा सत्र से लागू होगा सहायक वाचन कक्षा 3 से 8 तक पढ़ेंगे संस्कृति और इतिहास

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के स्कूलों में आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 से कक्षा 3 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए 'सहायक वाचन' लागू किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को प्रदेश की संस्कृति, परंपरा, तीज-त्योहार और महान व्यक्तित्वों से परिचित कराना है। इस पहल की शुरुआत स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव के निर्देश पर की गई है। सहायक वाचन की पुस्तकों को राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) द्वारा तैयार किया गया है।

महापुरुषों की जीवनी भी शामिल: सहायक वाचन के माध्यम से छात्र स्वामी विवेकानंद,

चन्द्रशेखर आजाद, ठाकुर प्यारेलाल, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय जैसे महान व्यक्तित्वों के जीवन से भी परिचित होंगे।

परीक्षा नहीं होगी: शिक्षा विभाग के अनुसार यह विषय मुख्य पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं होगा, बल्कि अतिरिक्त अध्ययन के रूप में पढ़ाया जाएगा। इसकी कोई परीक्षा भी नहीं ली जाएगी।

नई शिक्षा नीति के तहत बदलाव: राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप राज्य में पाठ्यक्रम में लगातार बदलाव किए जा रहे हैं। आगामी सत्र से कक्षा 4 और 7 में नई किताबें लागू होंगी, जिनमें छत्तीसगढ़ के संदर्भ को प्राथमिकता दी गई है। इसके अलावा योग, कला शिक्षा और व्यावसायिक शिक्षा को भी पाठ्यक्रम में शामिल किया जा रहा है, ताकि छात्रों का समग्र विकास हो सके। इस नई पहल से उम्मीद है कि बच्चों में अपनी जड़ों, संस्कृति और इतिहास के प्रति समझ और जुड़ाव और मजबूत होगा।

स्वामित्व योजना: सर्वे पूरा, लेकिन 16 जिलों में एक भी संपत्ति कार्ड नहीं बंटा

रायपुर/नवप्रदेश। स्वामित्व योजना के तहत छत्तीसगढ़ में आबादी गांवों का बड़े स्तर पर सर्वेक्षण पूरा हो चुका है, लेकिन संपत्ति कार्ड वितरण की रफ्तार अब भी धीमी बनी हुई है। ताजा आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के 15,791 अधिसूचित गांवों में ड्रोन सर्वे हो चुका है, जबकि कार्ड वितरण कई जिलों में शुरू ही नहीं हो पाया है।

हैरानी की बात यह है कि राज्य के 16 जिलों में अब तक एक भी संपत्ति कार्ड नहीं बांटा गया है। इनमें बस्तर, कांकेर, दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा, कोंडागांव, नारायणपुर, बिलासपुर, मुंगेली, गरियाबंद, जीपीएम,

जशपुर, एमसीबी, रायगढ़, रायपुर और सारंगढ़ शामिल हैं।

प्रदेश में कुल 2709 गांवों के लिए ही 2,07,600 संपत्ति कार्ड तैयार किए जा सके हैं। इनमें से अब तक 1,33,487 कार्ड ही हितग्राहियों को वितरित किए गए हैं। वहीं, कुल लक्ष्य लगभग 10.5 लाख संपत्ति कार्ड वितरित करने का है। आंकड़ों के मुताबिक, अधिसूचित गांवों में से 13,082 गांव ऐसे हैं, जहां अब तक संपत्ति कार्ड तैयार ही नहीं हो पाए हैं। इससे योजना के क्रियान्वयन पर सवाल उठ रहे हैं।

संपत्ति कार्ड तैयार करने और वितरण में महासमुंद, बलौदाबाजार और धमतरी जिले आगे हैं। महासमुंद में करीब 39 हजार, बलौदाबाजार में 30 हजार और धमतरी में 26 हजार कार्ड वितरित किए जा चुके हैं। आयुक्त भू-अभिलेख कार्यालय के अनुसार, सितंबर 2021 से लागू इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण आबादी क्षेत्रों में संपत्ति मालिकों को अधिकारों का वैध दस्तावेज उपलब्ध कराना है। इस संपत्ति कार्ड के आधार पर ग्रामीण नागरिक बैंक से ऋण भी प्राप्त कर सकते हैं।

इलाज, शोध और प्रशिक्षण : दोनों संस्थानों ने शैक्षणिक सहयोग और रिसर्च के लिए एमओयू पर किए हस्ताक्षर

एम्स और सत्य साईं ट्रस्ट मिलकर करेंगे बच्चों के हृदय रोग पर रिसर्च

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में बच्चों के हृदय रोग के इलाज और शोध को नई दिशा देने के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर और श्री सत्य साई हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट के बीच महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। दोनों संस्थानों ने 2 अप्रैल को शैक्षणिक सहयोग और रिसर्च के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

इस समझौते पर एम्स के कार्यपालक निदेशक डॉ. अशोक जिंदल और ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. सी. श्रीनिवास ने हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी के तहत अब दोनों संस्थान बच्चों में होने वाले जन्मजात हृदय रोग

(कंजेनिटल हार्ट डिजीज) के इलाज, शोध और प्रशिक्षण में मिलकर काम करेंगे।

बच्चों के इलाज पर पड़ेगा बड़ा असर: एम्स रायपुर का कार्डियोथोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) विभाग पहले से ही बच्चों के जटिल हृदय रोगों का इलाज कर रहा है। वर्ष 2021-22 से अब तक यहां लगभग 450 गंभीर मामलों में सफल सर्जरी की जा चुकी है। हाल ही में 24 घंटे के भीतर 4 बच्चों की सर्जरी की गई, जिनमें एक मात्र 15 दिन का नवजात भी शामिल था। दोनों संस्थानों ने विश्वास जताया है कि इस सहयोग से जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के इलाज और देखभाल में दीर्घकालिक सुधार होगा। यह बीमारी भारत में नवजात शिशुओं में एक प्रमुख स्वास्थ्य समस्या मानी जाती है।

रिसर्च और प्रशिक्षण में सहयोग

एमओयू के तहत शोध, चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सहयोग किया जाएगा। डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफऔर तकनीकी विशेषज्ञों के बीच आदान-प्रदान होगा। साथ ही अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में संयुक्त शोध प्रकाशित किए जाएंगे। श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल द्वारा संचालित मां एवं बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, चिरायु छत्तीसगढ़ जैसी योजनाओं के माध्यम से बाल हृदय रोगों की रोकथाम और जागरूकता पर भी काम किया जाएगा।

नर्सिंग शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा

इस समझौते का एक महत्वपूर्ण पहलू नर्सिंग शिक्षा भी है। एम्स रायपुर, भारतीय नर्सिंग परिषद के मानकों के अनुरूप ट्रस्ट के नर्सिंग संस्थानों को क्लीनिकल प्रशिक्षण और सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। इसमें बीएससी और एमएससी नर्सिंग सहित अन्य पाठ्यक्रम शामिल होंगे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com